# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 10 अप्रैल, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-54 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 में आग लगी

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर गुरुवार शाम आग लग गई। फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी टीमें मौके पर पहुंचीं। उन्होंने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक, आग शाम 6:10 बजे लगी। शुरूआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित पावर हाउस के सीलिंग लेवल तक ही रही। वहां मौजूद इलेक्ट्रिक ट्रे, वायरिंग, केबल, इंस्टॉलेशन और इलेक्ट्रिक पैनल जल गए।

### एअर इंडिया फ्लाइट का इंजन बंद, पायलट का इमरजेंसी कॉल

मुंबई से बेंगलुरु जा रही एअर इंडिया की एअरबस अ320 Neo फ्लाइट AI2812 गुरुवार को उड़ान भरने के करीब 20 मिनट बाद वापस मुंबई एयरपोर्ट लौटी। अधिकारियों ने बताया कि हवा में एक इंजन बंद होने पर पायलट ने रेडियो पर 'PAN PAN' कॉल दी, जिसके बाद फ्लाइट को रोका गया।

### बिहार में काल वैशाखी एक्टिव, 19 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**पटना।** बिहार में प्री-मानसून का सबसे खतरनाक सिस्टम ह्यकाल वैशाखी एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य के अधिकांश हिस्सों, विशेषकर उत्तर और पूर्वी बिहार में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार रात से गुरुवार तक 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की आशंका है। मौसम विभाग ने जानकारी दी है कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी और उत्तर-पश्चिमी चक्रवातीय सिस्टम के मिलन से यह स्थिति बनी है, जिससे पारा 4 डिग्री तक लुढ़क सकता है। हालांकि, 10 अप्रैल के बाद से फिर से मौसम ठीक हो सकता है।

### एकमा मांझी सड़क हादसे में दो की मौत

**सारण।** एकमा-मांझी मुख्य मार्ग पर गंज स्थित गैस गोदाम के समीप सड़क हादसे ने दो परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। इस दुर्घटना में बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में सीवान जिले के जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के महादपुर पट्टी गांव निवासी मनु कुमार पिता फुलेना महतो और पंकज कुमार पिता मोतीलाल चौहान है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार बाइक सवार एक बोलेरो को ओवरटेक कर आगे निकले ही थे कि पीछे से आ रही दूसरी अनियंत्रित बोलेरो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो बाइक को लगभग 200 मीटर तक घसीटते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी।

# दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बोले-अब यहीं रहूंगा

## आज राज्यसभा सदस्य की लेंगे शपथ

**नई दिल्ली/पटना (एनएसबी/ एजेंसी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना से दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस दौरान वे लंबे समय बाद मीडिया के सामने आए। राज्यसभा जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, कल मैं शपथ लूंगा और अब यहीं रहूंगा। बहुत समय तक यहां (दिल्ली) काम किया है, अब फिर से यहीं काम करूंगा।

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी गए दिल्ली

उन्होंने यह भी कहा कि इतने सालों में बिहार में बहुत काम किया है, आगे भी काम जारी रहेगा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि वे दिल्ली में सक्रिय रहेंगे, लेकिन पटना आना-जाना भी जारी रहेगा। जब उनसे बेटे निशांत कुमार को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, इस बारे में हमारे पार्टी के नेता तय करेंगे।

इधर, बिहार में सत्ता परिवर्तन पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि, सबकुछ नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में हो रहा है। दिल्ली एयरपोर्ट पर जेडीयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन



सिंह ने नीतीश कुमार का स्वागत किया. इस दौरान नीतीश कुमार मीडिया की ओर मुस्कुराकर अभिवादन किया, लेकिन ज्यादा बातचीत से बचते नजर आए. वहीं दिल्ली एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही नीतीश कुमार अपनी कार में सवार हुए. इस दौरान एक दिलचस्प सियासी तस्वीर भी सामने आई. कार में उनके ठीक बगल वाली सीट पर ललन सिंह बैठे नजर आए, जबकि आगे की सीट पर संजय झा मौजूद थे। वहीं बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि बिहार में सरकार एनडीए की ही बनेगी और आगे भी नीतीश मॉडल पर ही चलेगी. उन्होंने कहा, दो चीजें पक्की हैं- बिहार में सरकार एनडीए की होगी और सरकार नीतीश जी के बताए रास्ते पर ही चलेगी। पिछले 20 साल से बिहार इसी मॉडल पर चला है।

### खरमास के बाद नीतीश कुमार देंगे इस्तीफा : संजय

**पटना।** मुख्यमंत्री के साथ जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा मौजूद थे। संजय झा ने कहा है कि, खरमास के बाद नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। बताते चलें कि नीतीश कुमार आज यानी 10 अप्रैल को 12.15 बजे राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 10 अप्रैल की शाम या 11 अप्रैल की सुबह ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना लौट सकते हैं। 13 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक होगी। 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस्तीफा देंगे और 14 अप्रैल को ही एनडीए विधायक दल की बैठक होगी।

## भाजपा कार्यालय के बाहर लगे सम्राट सरकार के पोस्टर फाड़े

**पटना (एनएसबी)।** भाजपा कार्यालय के बाहर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को सीएम बनाने की मांग वाला पोस्टर लगा था। पोस्टर लगने के मात्र 1 घंटे बाद ही उसे फाड़ दिया गया।

इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें भाजपा कार्यालय में तैनात गार्ड एक पोस्टर को फाड़ कर हटा रहा है, जिसमें सम्राट चौधरी की तस्वीर लगी थी। इस पोस्टर में लिखा था कि वाल्मीकि समाज की यही पुकार, बिहार में हो सम्राट की सरकार। इस पोस्टर के पीछे पीएम मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का पोस्टर लगा है। इस मामले में भाजपा प्रवक्ता दानिश इकबाल ने बताया कि भाजपा के किसी कार्यकर्ता ने ये पोस्टर नहीं लगाया था। हमें ये भी नहीं पता की पोस्टर में क्या




था। इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। कौन क्या मांग कर रहा है, इससे फर्क नहीं पड़ता है। मुझे नहीं पता किन लोगों ने फाड़ा है किन लोगों ने लगाया है। दूसरी ओर प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि पोस्टर भाजपा कार्यालय के कर्मचारियों से फड़वाया गया है। भाजपा में कितनी अंतर कलह है ये सामने आ गई है। पोस्टर का फाड़ा जाना ये संकेत है कि हमको पिछड़ा वर्ग का नेतृत्व नहीं चाहिए।

# असम, केरल और पुडुचेरी में 50 वर्षों में मतदान का नया रिकॉर्ड

## वैश्विक लोकतंत्र की नई मिसाल

## असम में 85.38%, केरलम में 78.03% व पुडुचेरी में 89.83 प्रतिशत हुई वोटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों में असम, केरल और पुडुचेरी ने मतदान प्रतिशत के मामले में नई मिसाल कायम की है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुताबिक, असम और पुडुचेरी में अब तक का सर्वाधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि केरल में भी मजबूत और संतुलित भागीदारी देखने को मिली। यह रुझान चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं के बढ़ते विश्वास को दशार्ता है। पिछले 50 वर्षों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत यह दशार्ता है कि मतदाता अब न केवल जागरूक हैं, बल्कि वे चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष मानते हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए कहा, असम, केरल और पुडुचेरी के ये चुनाव न केवल भारत बल्कि पूरे लोकतांत्रिक विश्व के लिए एक मिसाल हैं। मैं सभी मतदाताओं को इस ऐतिहासिक भागीदारी के लिए बधाई देता हूं। चुनाव का पर्व, मतदाता का गर्व।चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत मतदाता सूची की पारदर्शी तैयारी और चुनावों के निष्पक्ष संचालन में जनता का भरोसा लगातार बढ़ा है। यही वजह है कि रिकॉर्ड मतदान देखने को मिल रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, असम में कुल 85.38 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2016 के 84.67 प्रतिशत के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है। पुडुचेरी में 89.83 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जो 2011 के 86.19 प्रतिशत के पुराने रिकॉर्ड से काफी ज्यादा है। केरल में भी



### असमिया समाज वोटर की वजह से बढ़ा मतदान : हिमंता

असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा, बांग्लादेशी मूल के मुसलमान समाज का 95 से 96 प्रतिशत वोट प्रतिशत हुआ करता था लेकिन बाकि जो असमिया समाज है, वहां पर 75-76% तक का वोट प्रतिशत होता था। इस बार दोनों समाज के बीच प्रतियोगिता रही। पारंपरिक तौर पर जो समाज सक्रिय मतदान करता है उन्होंने तो ज्यादा मतदान किया ही है लेकिन जिस समाज में पारंपरिक तौर पर अधिक मतदान नहीं होता है, उस समाज ने भी बढ़-चढ़कर मतदान किया है।

78.03 प्रतिशत मतदान हुआ, जो राज्य की सक्रिय राजनीतिक भागीदारी को दशार्ता है। जानकारी के अनुसार, असम में पुरुष 84.80 प्रतिशत, महिला 85.96 प्रतिशत और थर्ड जेंडर 36.84 प्रतिशत ने मतदान किया। केरल में पुरुष 75.01 प्रतिशत, महिला 80.86 प्रतिशत और थर्ड जेंडर 57.04 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। पुडुचेरी में पुरुष 88.09 प्रतिशत, महिला 91.33 प्रतिशत और थर्ड जेंडर 91.81 प्रतिशत ने वोट डाला। महिलाओं की भागीदारी कई स्थानों पर पुरुषों से अधिक रही, जो चुनावी जागरूकता में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। चुनाव आयोग के अनुसार, सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान कुछेक घटनाओं को छोड़कर पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। कुल 63,084 मतदान केंद्रों पर एक साथ मतदान शुरू हुआ, जहां पहले से मॉक पोल की प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। इस बार चुनाव प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए पहली बार 100 प्रतिशत मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की गई, जिससे निगरानी और पारदर्शिता दोनों मजबूत हुए।इन चुनावों में कुल 296



विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। 5.31 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लिया और 1,899 उम्मीदवार मैदान में थे। साथ ही, 2.5 लाख से अधिक मतदानकर्मी और 1.8 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट तैनात रहे। वहीं, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा के 4 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव भी कराए गए। बता दें कि दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर, स्वयंसेवक और परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे उनकी भागीदारी बढ़ी। वहीं, चुनाव प्रक्रिया को देखने के लिए 22 देशों के 38 प्रतिनिधि अंतर्राष्ट्रीय निर्वाचन आगंतुक कार्यक्रम के तहत मौजूद रहे।

### डबल मर्डर से दहला फारबिसगंज

# बीच सड़क पर चाकू से रेतकर उतार दी गर्दन

## भीड़ ने हत्यारे को भी मार डाला

**फारबिसगंज (अररिया (एनएसबी)।** गुरुवार को एक मामूली विवाद ने दो लोगों की जान ले ली। शहर के कृषि उत्पादन बाजार समिति विघटित के गेट नंबर 2 के पास राहुल चौहान जो कि मटियारी के निवासी बताए जाते हैं और नबी हुसैन जो अमोना के रहने वाले बताए जाते हैं, के बीच ठेला और पिकअप के साइड करने के सवाल पर बहस हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार राहुल चौहान प्रतिदिन यहां सत्तू की दुकान ठेले पर लगाते थे। जबकि नबी हुसैन पिकअप ड्राईवर था जो यहां सब्जी लाने ले जाने का काम करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार राहुल चौहान और नबी हुसैन के बीच साइड देने के सवाल पर कहा सुनी हुई और पहले राहुल ने नबी हुसैन पर चाकू से प्रहार किया और अंततः तेज धार वाले चाकू से ही उसके सिर से धर को अलग कर दिया और इस घटनाक्रम के बाद भी आरोपी कई मिनटों तक वहां मौजूद रहा। आस पास के लोग तमाशबीन बने रहे और वीडियो बनाते रहे। कुछ मिनटों के बाद राहुल वहां से फरार होकर पास के ही एक झाड़ी में जा छिपा। हालांकि, कुछ देर बाद ही हत्यारे राहुल को बाहर निकाला गया लेकिन आक्रोशित लोगों और भीड़ ने राहुल चौहान को भी पीट पीट कर मार डाला। इस तरह मामूली विवाद में दिन दहाड़े दो दो हत्या हो जाने से पूरे इलाके में दशहत का माहौल बन गया। दिनभर सोशल मीडिया पर भी उक्त डबल मर्डर घटना की खबरें चलती रही। फारबिसगंज एसडीओ अभय कुमार तिवारी, एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा, फारबिसगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर पूरे मामले



### लोमहर्षक : कटे सिर को बीच सड़क पर रखकर वहीं तनकर खड़ा रहा हत्यारा

### सड़क पर हत्या होते देख भी मूकदर्शक बने लोग, किसी ने भी रोकने की पहल नहीं की

को खंगालने में जुटे रहे। वहीं स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनाती भी की गई थी। अररिया एसपी जितेंद्र कुमार खुद भी घटनास्थल पर पहुंचे और तमाम बिंदुओं पर जांच करते दिखे। एसपी जितेंद्र कुमार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। उन्होंने आम लोगों से किसी भी तरह के अफवाह से बचने की नसीहत दी और कहा कि किसी भी तरह की जानकारी वे सीधे उनके मोबाईल से कभी भी ले सकते है।

## समस्तीपुर : बुल्डोजर से तोड़ दी महात्मा की प्रतिमा

### प्रशासन स्तब्ध, लोगों में आक्रोश

**रोसड़ा (एनएसबी)।** समस्तीपुर के रोसड़ा बाजार स्थित गांधी चौक पर स्थापित वर्षों पुरानी महात्मा गांधी की प्रतिमा को बुधवार की देर रात जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना से एक तरफ प्रशासन स्तब्ध है।

वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोगों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लंबे समय से शहर की पहचान और श्रद्धा का केंद्र रही है। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दिन निकलते ही घटनास्थल पर लोगों की व्यापक भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस क्रम में आसपास लगे




सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही दोषियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी।ह्व उधर नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि, ह्लप्रतिमा स्थल को अविलंब सुव्यवस्थित कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पुनः स्थापित कराई जाए। साथ ही चौक पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोहराई न जा सके।ह्व कुछ लोग इसे असामाजिक तत्वों की करतूत मान रहे हैं। वहीं कुछ लोगों को इसमें प्रशासन के मिलीभगत या मौन सहमति की बू आ रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम, व डीएसपी ने कुछ भी कहने से मना कर दिया। कहा, जांच पूरी होने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

## भय नहीं, भरोसे से आएगा बंगाल में निवेश : मोदी

### प. बंगाल के हल्दिया में एक चुनावी जनसभा में बोले-प्रधानमंत्री

**हल्दिया (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के हल्दिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि निवेश का माहौल डर से नहीं बल्कि भरोसे से बनता है, जो केवल भाजपा ही दे सकती है।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव सामान्य नहीं, बल्कि बंगाल के वैभव को पुनर्स्थापित करने का चुनाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल कभी देश की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति का केंद्र हुआ करता था, लेकिन वर्तमान सरकार ने राज्य को विकास के पैमानों पर पीछे धकेल



दिया है। उन्होंने हल्दिया के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि प्राचीन काल में यह क्षेत्र वैश्विक व्यापार का प्रमुख केंद्र था और आधुनिक भारत में भी एक बड़ा औद्योगिक हब रहा है, लेकिन अब यहां की फैक्टरियां बंद हो रही हैं। मोदी ने तृणमूल पर ह्लभय और सिंडिकेट की राजनीतिह्व करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उद्योग और फैक्टरियां गुंडाराज से नहीं बल्कि भरोसे से चलती हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां विकास और निवेश का माहौल इसी भरोसे पर खड़ा हुआ है और बंगाल में भी ऐसा ही मॉडल लागू किया जाएगा।

रोजगार और पलायन के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कभी हल्दिया में लोग रोजगार के लिए आते थे, लेकिन आज यहां के युवा काम की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार में निजी क्षेत्र में अवसर सीमित हैं और सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार हुआ है, जिससे युवाओं के सपने टूटे हैं।

### महिला आरक्षण संशोधन ड्राफ्ट को केंद्र की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के ड्राफ्ट बिल को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने बजट सत्र को बढ़ाते हुए 16 से 18 अप्रैल तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें इस संशोधन बिल को पारित किए जाने की संभावना है। संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 31 मार्च 2029 से लागू होगा, और उसी साल होने वाले लोकसभा चुनाव में पहली बार प्रभावी होगा।

## खबरें : एक नजर में

### नवयुवक लापता

**दनियावां (एनएसबी)।** शाहजहांपुर थाना क्षेत्र के जमालपुर गांव से एक 14 वर्षीय नवयुवक को लापता होने की सूचना प्रकाश में आई है।इस संबंध मिली जानकारी के अनुसार जमालपुर निवासी उदय यादव का 14 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार घर से खेलने के लिए निकला जो घर लौट कर नहीं आया।परिजनों हर जगह खोजबीन किया।लेकिन नवयुवक की कोई जानकारी नहीं मिला। परिजनों ने शाहजहांपुर थाने में गुमशुी का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

### फरार चल रहे तीन आरोपित गिरफ्तार

**फतुहा (एनएसबी)।** नदी थाने की पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी कर सबलपुर निवासी राहुल कुमार, विनोद कुमार एवं रौशन कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि तीनों बहुत दिनों से फरार चल रहे थे। तीनों की बहुत दिनों से तलाश थी। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### अररिया में नृशंस हत्या बिहार में महाजंगल राज का स्पष्ट प्रमाण : एजाज

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि अररिया में हुई नृशंस हत्या और बाद में भीड़ के द्वारा आरोपी हत्यारे की पिटाई से हुई मौत राज्य में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इस तरह की घटना जो मानवता को शर्मसार करने वाला और अमानवीय घटना से यह स्पष्ट होता है कि बिहार में जिस तरह का राज चल रहा है ये पूरी तरह से महाजंगल राज का जीता-जागता उदाहरण है। बिहार में सरकार का इकबाल समाप्त हो गया है और यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के नेता कुर्सी -कुर्सी के खेल में लगे हुए हैं ,जबकि राज्य में शासन प्रशासन पूरी तरह से लुंज पुंज हो गया है। ऐसा लगता है कि बिहार में सरकार है ही नहीं और ना ही अपराधियों में शासन प्रशासन का खौफ है। अपराधी पूरी तरह से अपराध करने में मस्त है शासन प्रशासन सत्ता के बदलाव में अपनी भूमिका में व्यस्त है और सरकार में बैठे हुए लोग सरकार बनाने और मलाई काटने की राजनीति में व्यस्त है। ऐसा लगता है कि बिहार में अपराधी यह मानकर चल रहे हैं की सैंया भय कोतवाल तो अब डर काहे का।

### तीस हजार में हथियार खरीद कर जा रहे तीन बदमाश 60,000 नगद समेत धराएं

**पटना / एनएसबी।** तीस हजार रुपए में हथियार खरीद कर जा रहे तीन बदमाशों को सचिवालय पुलिस ने दबोच लिया। उनके पास से नकद साथ हजार रुपए और पिस्तौल बरामद किया गया है। डीएसपी सचिवालय डा अनु कुमारी के मुताबिक बुधवार की शाम में सचिवालय थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 03 व्यक्ति आगेयास्त्र लेकर विकास भवन की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की अग्रतर तलाशी के दौरान उनके पास से 01 देशी पिस्टल, 03 मोबाइल फोन एवं लगभग 60,000 नकद राशि बरामद करते हुए जब्त किया गया है। पकड़े गए विकास, नीतीश और सन्नी मुजफ्फरपुर के निवासी हैं। इस संदर्भ में कांड दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

### लोन देने के बहाने ठगी करने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

**पटना।** साइबर अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु पुलिस उपाधीक्षक सह-थानाध्यक्ष, पटना साइबर थाना के द्वारा एक टीम का गठन किया गया। उपरोक्तटीम के द्वारा छापामारी कर तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो सभी धनी फाईनेश लोन के नाम पर लोगों से प्रोसेसिंग फिस एवं प्लेबय के नाम पर विज्ञापन देकर लोगों को विभिन्न एपीके फाईल भेजकर साइबर ठगी करते है तथा अलग-अलग सोशल मिडिया (फेसबुक टेलीग्राम एवं वाटसएप्प) से लोगों का डाटा प्राप्त करते थे। इनके पास से बरामद मोबाईल पर देश के विभिन्न राज्यों से एनसीआरपी शिकायत दर्ज पाया गया है । इन सभी के द्वारा संगठित साइबर अपराध की घटना कारित की जाती है। तीनों गिरफ्तार व्यक्ति के विरूद्ध कांड दर्ज करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कांड का अनुसंधान जारी है । उनके पास से 11 मोबाईल, एक लैपटाप बरामद किया गया है। गिरफ्तार जालसाजों में विकी कुमार -जमुआव, पोस्ट-अपसर नवादा , सुभम राज -चांदपुर पोस्ट-बौरी थाना-वारिसलीगंज, नवादा,गुलशन कुमार अपसढ़ बौरी थाना-वारिसलीगंज नवादा शामिल हैं।

# बिहार की डेयरी को मिलेगी वैश्विक पहचान : सुरेंद्र मेहता

## 24,248 गांवों में डेयरी सोसाइटी, 8,053 पंचायतों में खुलेंगे 'सुधा केंद्र', डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच एमओयू, प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन की शुरुआत

**पटना (एनएसबी)।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से अब बिहार के डेयरी उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। बिहार सरकार के मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले डेयरी निदेशालय ने सीआईआई के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया है। इसके साथ ही डेयरी ट्रांसफर्मेशन प्रोजेक्ट के तहत डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन पार्टनरशिप की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को हुई।

इसको लेकर विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच यह रणनीतिक साझेदारी बिहार के डेयरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री के श्सात निश्चयश के तहत बिहार डेयरी परिवर्तन पहल को सशक्त बनाना है।


मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता।

उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य टिकाऊडेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और बाजार आधारित विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों की आय में वास्तविक बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिससे बिहार में बने दूध के उत्पाद दुनिया भर के बाजारों में अपनी जगह बना सकें। साथ ही, दूध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित कर बिहार को डेयरी क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे बिहार के डेयरी उद्योग को वैश्विक पहचान मिलेगी और किसानों की आय दोगुनी होगी।

**किसानों की आय होगी दोगुनी :** इस मौके पर विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि सात निश्चय-3 के तहत डेयरी और मत्स्य पालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य के 24,248 गांवों में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाई जाएगी और 8,053 पंचायतों में सुधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सीआईआई के साथ मिलकर डेयरी संयंत्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी और पशुओं के नस्ल सुधार कार्यक्रम पर विशेष जोर दिया जाएगा। वर्तमान में बिहार का डेयरी नेटवर्क मुख्य रूप से पूर्वोत्तर भारत और झारखंड तक सीमित है। इसे विस्तारित कर पूर्वी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के बाजारों तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर तकनीकी सहायता और जनशक्ति की कमी को पूरा करने के लिए हर पंचायत में पशु सहायकों की नियुक्ति की जाएगी, जो डेयरी और मछली पालन दोनों क्षेत्रों में मदद करेंगे। सीआईआई इस परियोजना में उत्पाद मार्केटिंग और स्ट्रेटजी के स्तर पर सहयोग प्रदान करेगी, जिससे बिहार के डेयरी उत्पादों की पहुंच पूरे भारत में सुनिश्चित हो सकेगी। इस मौके पर कम्फेड के प्रबंध निदेशक समीर सौरभ, सीआईआई बिहार के उपाध्यक्ष अखिल कोछार समेत कई अन्य ने भी अपने विचार रखे।

## करोड़ों के जॉब स्कैम का पर्दाफाश, बाढ़ पुलिस ने 1.21 करोड़ हड़पने वाले शातिर जालसाज को दबोचा

**बाढ़/एनएसबी।** सरकारी नौकरी का सपना बेचकर बेरोजगारों की गाढ़ी कमाई डकारने वाले गिरोह के खिलाफ बाढ़ पुलिस ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस ने करीब दो साल से चकमा दे रहे अंतरराज्यीय ठग नीरज कुमार उर्फ अरविंद कुमार को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। आरोपी पर 1,21,08,000 (एक करोड़ इक्कीस लाख आठ हजार) की भारी-भरकम ठगी का आरोप है। यह पूरा मामला साल 2022 का है, जब बाढ़ थाना क्षेत्र की निवासी कालिंदी कुमारी ने नीरज कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नालंदा जिले के थरथरी डीह का रहने वाला यह शातिर अपराधी केस दर्ज होने के बाद से ही भूमिगत हो गया था। पुलिस की टीमें लगातार उसकी तलाश में छापेमारी कर रही थीं, लेकिन वह बार-बार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। पुलिस उपाधीक्षक रामकृष्ण ने बताया कि आरोपी की हरकतों पर नजर रखी जा रही थी। हाल ही में पुलिस को उसके ठिकाने के बारे में एक सटीक इनपुट मिला। बिना देर किए पुलिस की एक विशेष टीम ने घेराबंदी की और फरार चल रहे आरोपी को धर दबोचा। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसने कालिंदी कुमारी के अलावा कई अन्य युवाओं को भी सरकारी विभाग में ऊंची कुर्सी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठे थे। ठगी की बड़ी वारदात : एक नजर में : मुख्य आरोपी : नीरज कुमार उर्फ अरविंद कुमार (थरथरी डीह, नालंदा)। ठगी की रकम : 1,21,08,000। शिकायतकर्ता : कालिंदी कुमारी। कार्रवाईः बाढ़ पुलिस द्वारा विशेष छापेमारी के बाद गिरफ्तारी। बाढ़ पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि नीरज कुमार अकेले ही इस खेल का खिलाड़ी था या इसके पीछे कोई बड़ा सिंडिकेट काम कर रहा है। डीएसपी रामष्ण ने संकेत दिए हैं कि इस मामले में कुछ और सफेदपोशों और बिचौलियों के नाम सामने आ सकते हैं। बेरोजगारों की लाचारी का फायदा उठाने वाले अपराधियों के खिलाफ हमारा अभियान जारी रहेगा। इस ठगी के तार और कहां-कहां जुड़े हैं, इसकी गहराई से जांच की जा रही है। रामकृष्ण, पुलिस उपाधीक्षक, बाढ़ । स्थानीय प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे नौकरी के नाम पर किसी भी व्यक्ति को कैश या ऑनलाइन भुगतान न करें। सरकारी नौकरियों की बहाली केवल आधिकारिक चयन आयोगों और पारदर्शी परीक्षाओं के माध्यम से होती है। ऐसे शार्टकट अक्सर आर्थिक बर्बादी का सबब बनते हैं।

## हंसी-मजाक का खूनी अंत, दोस्त ने दोस्त के जबड़े में मारी गोली, हालत नाजुक

### पंडारक थाना क्षेत्र के कोंनदी गांव में बीती रात एक ऐसी ही रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई

**बाढ़ / एनएसबी।** मजाक और दिल्लगी का सिलसिला कब खूनी मंजर में बदल जाए, कहा नहीं जा सकता। पंडारक थाना क्षेत्र के कोंनदी गांव में बीती रात एक ऐसी ही रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई, जहाँ दोस्तों के बीच चल रहे हंसी-मजाक के दौरान एक युवक ने अपने ही दोस्त पर गोली चला दी।

मिली जानकारी के अनुसार, 22 वर्षीय राजू कुमार अपने दोस्तों के साथ बैठा था। सभी आपस में हंसी-मजाक कर रहे थे, तभी गाँव के ही एक अन्य युवक मनीष कुमार ने मजाक-मजाक में अपनी कमर से पिस्तौल निकाली।

खेल-खेल में ही मनीष ने पिस्तौल तानी और ट्रिगर दब गया। गोली सीधे राजू के मुंह (जबड़े) में जा लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा।

घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल राजू को अनुमंडलीय अस्पताल, बाढ़ पहुँचाया।

अस्पताल के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए (पटना) रेफर कर दिया है। फिलहाल युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पंडारक थानाध्यक्ष दलबल के साथ कोंनदी गांव पहुँचे और मामले की छानबीन शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और दोषियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी तेज कर दी है।वे आपस में दोस्त थे और एक साथ जानकी मंदिर के पास साथ में बैठे थे।

हंसी-मजाक के दौरान अचानक मनीष ने पिस्तौल निकाली और राजू पर गोली चला दी। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र में पांच लाख फिरौती के लिए तीन लोगों को अगवा करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**पटना/एनएसबी।** रामकृष्णनगर पुलिस ने पांच लाख की फिरौती के लिए तीन लोगों को अगवा करने के आरोप में एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलास पुलिस कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार को हरनौत थाना से वादी जितेन्द्र कुमार पिता-जवाहर राम सा-श्रीचन्दपुर थाना हरनौत जिला-नालंदा का जीरो एफआईआर रामष्णानगर थाना में प्राप्त हुआ था। जिसमें तीन व्यक्ति को अपहरण कर लेने एवं उक्त तीनो को मुक्त करने हेतु 500000 (पांच लाख) रूपया की फिरौती मांगने का आरोप लगाया गया था।

प्राप्त जीरो एफ आईआर के आधार पर तुरंत रामष्णानगर थाना काण्ड दर्ज करते हुए इसके उद्भेदन हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम के द्वारा त्वरीत अनुसंधान करते हुए तकनिकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर 08 घंटों के भीतर अपहृत तीनो व्यक्ति अंकित कुमार -श्रीचन्दपुर,. नितीश कुमार -पहाड़पुर और मुकेश कुमार -चेरम सभी थाना-हरनौत जिला-नालंदा को सकुशल बरामद किया गया है एवं फिरौती मांगने वाले एक अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अपहरणकर्ता को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने इस मामले में राजकुमार राजन -पंचशील नगर बाढ़ निवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से तीन मोबाईल बरामद किया है।

## मुजफ्फरपुर में 85.03 करोड़ की लागत से ओसम डेयरी लगाएगी इकाई, 200 से अधिक रोजगार होंगे सृजित

**पटना (एनएसबी)।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है, जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। उद्योग विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार परियोजना स्वीकृति समिति के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। बिहार के कृषि-आधारित औद्योगिक क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ओसम डेयरी (एचआर फूड प्रोसेसिंग प्रा लि) मुजफ्फरपुर में 85.03 करोड़ के निवेश से एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना से करीब 227 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। परियोजना को प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी द्वारा स्वीति प्रदान की गई है तथा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा मोतीपुर क्लस्टर के डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र में 7.14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। प्रस्तावित इकाई में दूध, दही, पनीर, लस्सी, मक्खन, घी, फ्लेवर्ड मिल्क तथा दूध से बने मिठाई उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह पहल डेयरी क्षेत्र में वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा, राज्य सरकार कृषि-आधारित एवं फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करते हैं। यह परियोजना डेयरी वैल्यू चेन को सुदृढ़ करने और बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उद्योग विभाग के सचिव श्री कुंदन कुमार ने कहा, सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और समयबद्ध स्वीकृतियों के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहित कर रहा है। इस इकाई की स्थापना बिहार के फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने का प्रमाण है। यह परियोजना स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं वैल्यू एडिशन के माध्यम से फसलोपरांत क्षति को कम करने में सहायक होगी। यह पहल राज्य सरकार के सतत एवं समावेशी औद्योगिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो बिहार की मजबूत कृषि आधारशिला का प्रभावी उपयोग करने पर केंद्रित है।

**पहल**

## टीआरई-4 में विलंब कर एनडीए सरकार लाखों युवाओं के जीवन से खिलवाड़ बंद करे : तेजस्वी

**पटना / एनएसबी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि 17 महीनों की महागठबंधन सरकार में मेरी विशेष पहल पर शिक्षा विभाग को राजद कोटे में लेकर सर्वप्रथम युद्ध स्तर पर शिक्षा विभाग में टी आर ईऔर टी आर ई के अंतर्गत निर्धारित समय सीमा के अंदर बिना किसी पेपरलीक, संपूर्ण पारदर्शिता के साथ रिकार्ड 2,20,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देकर ज्वाइनिंग कराई। हमने टी आर ई-3 की भी नियुक्ति प्रक्रियाधीन कराई लेकिन जनवरी 2024 में हमारे सरकार से हटते ही पेपरलीक के कारण टीआर ई-3 को रद्द किया गया और फिर यह परीक्षा भी विलंब से हुई।

फिर चुनावी साल 2025 में वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लिखा-लिखाया ट्वीट चिपका कर युवाओं से वादा किया था कि बिहार में सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना कर जल्द ही टी आर ई-4 परीक्षा आयोजित की जाएगी। आज उस घोषणा को लगभग एक वर्ष बीत चुका हैं लेकिन अब तक टी आर ई-4की वैकेंसी तक जारी नहीं हुई है।

बीपीएससी कैलेंडर के अनुसार यह परीक्षा अगस्त 2024 में ही हो जानी चाहिए थी, लेकिन चुनाव आयोग, तंत्र और 10 हजारिया की बदौलत सत्ता हड़पने वाली कुर्सीबाज भाजपा-जदयू सरकार युवाओं की जरूरत को कभी समझ ही नहीं पाई। फिर साल 2025 के अक्टूबर में परीक्षा कराने की बात कही गई, ताकि चुनावी आचार संहिता लागू होते ही परीक्षा टल जाए, ऐसा ही हुआ। चुनाव हो गए, सरकार बन गई, महीनों बीत गए लेकिन आज भी शिक्षक अभ्यर्थी इंतजार ही कर रहे हैं।


नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ।

दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री रहते हुए 17 महीने में मैंने 5 लाख युवाओं को नौकरियां दी और 3,50,000 से अधिक नौकरियों की प्रक्रिया शुरू करवाई। लेकिन आज की डबल इंजन सरकार बार-बार अकारण परीक्षा टालकर बहाना बनाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा पार हो रही है, उनका धैर्य जवाब दे रहा है। हर युवा नौकरी पाकर अपने परिवार की जिम्मेदारी उठाना चाहता है, अपने परिजनों के सपनों को पूरा करना चाहता है।

भले ही चुनाव जीतने के लिए भाजपा-जदयू ने बड़े-बड़े झूठे आसमानी वादे किए हों लेकिन ये युवाओं के हित से जुड़ा मामला है। मेरी एनडीए सरकार से अपील है कि टीआरई-4 की वैकेंसी अविलंब जारी की जाए। क्योंकि यह लाखों युवाओं के भविष्य और उनके परिवार की उम्मीदों का मामला है। मेरी अपील है कि कुर्सी की अदला-बदली में भाजपा-जदयू सरकार बिहार के लाखों युवाओं के हक-अधिकार, मांगों, आकांक्षाओं, उम्मीदों और सपनों का कत्ल ना करे।

### ऑनलाइन हाजिरी के दबाव के बीच ट्रेन से गिरे प्रधानाध्यापक, पैर टूटा

**बाढ़/एनएसबी।** शिक्षा विभाग के कड़े नियमों और समय पर अनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने की आपाधापी ने एक शिक्षक को गंभीर हादसे का शिकार बना दिया। बाढ़ स्टेशन पर जनशताब्दी एक्सप्रेस से उतरने के दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अटनावां के प्रधानाध्यापक मो़ शोयब असंतुलित होकर गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हाजिरी की जल्दबाजी और हादसा चर्चा है कि विद्यालय में समय पर उपस्थिति (अनलाइन अटेंडेंस) दर्ज कराने के दबाव और ट्रेन की गति के बीच तालमेल बिगड़ने से यह हादसा हुआ। ट्रेन से गिरते ही स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। इस दुर्घटना में प्रधानाध्यापक का एक पैर बुरी तरह टूट गया है। दर्द से कराहते शिक्षक ने रोते हुए परिजनों और सहयोगियों को अपनी व्यथा सुनाई।
घटना की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद अन्य सहयोगी शिक्षकों ने तत्परता दिखाई। साथी शिक्षकों ने न केवल उन्हें संभाला, बल्कि तत्काल प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुँचाने में पूरी मदद की। शिक्षकों के बीच इस बात को लेकर गहरी चिंता देखी गई कि अटेंडेंस की सख्ती किस कदर मानसिक और शारीरिक तनाव का कारण बन रही है।

## खबरें खास-खास

# भारतीय सभ्यता के आठ हजार वर्ष का इतिहास है बोल्गा से गंगा

### महापण्डित राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ समारोह, हुई लघु-कथा गोष्ठी


बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राहुल जी की जयंती पर आयोजित समारोह में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ व अन्य अतिथि।

**पटना (एनएसबी)।** अद्भुत प्रतिभा के अण्वेशी साहित्यकार महापंडित राहुल सांकृत्यान की विश्रुत कृति बोल्गा से गंगा हिन्दी साहित्य का एक रोचक-रोमांचक उपन्यास भर नहीं, मानव-सभ्यता के आठ हजार वर्षो का इतिहास है। उस एक पुस्तक के अध्ययन से कोई पाठक मानवजाति की आदिम अवस्था से लेकर वीं सदी तक हुई क्रमिक प्रगति को समझ सकता है। वे विश्व की 36 भाषाओं के ज्ञाता, लेखक और अनुवादक थे। यह ज्ञान उन्होंने विभिन्न देशों के भ्रमण और उनके साहित्य का व्यापक अध्ययन से अर्जित किया था। यह बातें गुरुवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राहुल जी की जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि राहुल जी एक अतृप्त जिज्ञासु थे। जगत और जगदीश को जानने की उनकी अकुलाहट प्रबल थी। वे संसार के सभी निगूढ़ रहस्यों को शीघ्र जान लेना चाहते थे। यही अकुंठ जिज्ञासा उन्हें जीवन-पर्यन्त वेचौन और विचलित किए रही, जिससे वे कभी, कहीं भी स्थिर नहीं रह सके। निरन्तर दौड़ते-भागते रहे। लेकिन इसी भागमभाग ने उन्हें संसार का सबसे बड़ा यायावर साहित्यकार, चिंतक और महापंडित बना दिया। यात्रा-साहित्य के वे पुरोधा माने जाते हैं, जिसे उन्होंने घुम्मकड़ी-साहित्य कहा था। वे निरन्तर चलते और लिखते रहे। जब उनके पैर थमते, तब लेखनी चलने लगती थी।
डा सुलभ ने कहा कि, उनकी विद्वता और मेधा अद्भुत थी, जिनसे प्रभावित होकर काशी के पंडितों ने उन्हें महापंडित की उपाधि दी। जब पर्यटन और देशाटन का कोई भी सुलभ साधन नहीं था, उस काल में भी उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष की ही नहीं, तिब्बत, चीन, श्रीलंका और रूस तक की लम्बी यात्राएँ की। जहाँ गए वहाँ की भाषाएँ सीखी, इतिहास और साहित्य का गहन अध्ययन किया। संसार के सभी धर्मो का सार-तव लेकर अपने विपुल साहित्य के माध्यम से संसार को लाभान्वित किया। बौद्ध-साहित्य का उन्हें गहरा अध्ययन था। हिन्दी का संसार उन्हें यात्रा-साहित्य के पितामह के रूप में मान्यता देता है। उनके द्वारा तिब्बत से खच्चरों पर लाद कर लायी गयीं बौद्ध-साहित्य की अनेक दुर्लभ पांडुलिपियाँ आज भी पटना के संग्रहालय में उपलब्ध है। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भी अध्यक्ष रहे, जिसपर सम्मेलन को सदा गौरव रहेगा।

समारोह के मुख्य अतिथि और दूरदर्शन बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख डा मनोज प्रभाकर ने कहा कि राहुल जी का मूल नाम केदार पाण्डेय था। उन पर बौद्ध-दर्शन का गहरा प्रभाव था। उन्होंने तिब्बत-श्रीलंका आदि देशों की यात्राएँ की और बौद्ध-साहित्य पर बहुत कुछ लिखा। वे यह मानते थे कि व्यक्ति के मन का उसकी अभिव्यक्ति और स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

अतिथियों का स्वागत करती हुई सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि राहुल जी ने प्राचीन साहित्य को पुरातात्विक दृष्टि से आकलन किया है। यह उनके विपुल साहित्य में दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति और हिन्दी के विकास में उनका अवदान अनूठा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी और कवि बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, अंजनी राजू, इंदुभूषण सहाय तथा अनुराग मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह का आरम्भ चंदा मिश्र द्वारा की गयी वाणी-वंदना से हुआ।

इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, विभारानी श्रीवास्तव ने रिझा दिल, चित्तरंजन भारती ने कार्टूनिस्ट, डा पूनम आनन्द ने चूल्हा, डा पुष्पा जमुआर ने दाल-मखनी, शमा कौसर शमा ने मजा, डा मीना कुमारी परिहार ने नए जमाने का प्रेम, नीता सहाय ने बिंदु की महिमा, मीरा श्रीवास्तव ने मुक्ति, सागरिका राय ने निशान, शंकर शरण आर्य ने भूख डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने ईमानदारी, राजप्रिया रानी ने स्मार्ट सिटी तथा बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने भूख की मार शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंधमंत्री कृष्णरंजन सिंह ने किया।
सम्मेलन के भवन-अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज, तारकेश्वर पाण्डेय, राज कुमार चौबे, श्याम मनोहर, विजय कुमार शर्मा, उमाकांत ओझा, अरुण कुमार वर्मा, प्रेम कुमार अग्रवाल, नन्दन कुमार मीत, मनोज कुमार आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

## बीज बिल, बिजली बिल विधेयक और कीटनाशक विधेयक से भारत में किसानी तबाह हो जाएगी : सांसद सुधाकर सिंह

**पटना (एनएसबी)।** पटना के आई एम ए हल में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आयोजित किसान संसद की अध्यक्षता अशोक प्रसाद सिंह, प्रो आनंद किशोर, श्यामनंदन शर्मा,चंद्रशेखर यादव, अनिल कुमार सिंह, रामायण सिंह,अश्वनी चौबे एवं पशुपति सिंह की अध्यक्ष मंडली ने अध्यक्षता की। किसान संसद को प्रदीप प्रियदर्शी,रामायण सिंह,रामचंद्र आजाद,मनोज कुमार,अश्विनी चौबे,चंदन यादव,वीरेंद्र जी, कल्लू सिंह, डाक्टर श्यामनंदन शर्मा, प्रोफेसर आनंद किशोर,अनिल कुमार सिंह, पशुपति सिंह, सुरेश मिश्रा, वशिष्ठ सिंह, शशि कुमार, बैजनाथ शर्मा, चंद्रशेखर यादव उडयन राय और अमरेश नंदन ने भी संबोधित किया। सर्वप्रथम संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय किसान नेता युद्धवीर सिंह को और फूल माला पहनाकर किसान नेता दिनेश कुमार ने सम्मानित किया। किसान नेता सांसद सुधाकर सिंह को संयुक्त किसान मोर्चा बिहार के नेता अशोक प्रसाद सिंह ने अंगवस्त्र और पुष्प माला से सम्मानित किया। प्रो विद्यार्थी विकास को प्रो आनंद किशोर ने फूलमाला और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। पूर्व मंत्री वृषण पटेल को रामायण सिंह ने फूल माल और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। पूर्व मंत्री अखलाक अहमद को डा श्याम नंदन शर्मा ने फूलमाला और अंग वस्त्र से सम्मानित किया। दिनेश कुमार ने आगत अतिथियों एवं किसान प्रतिनिधियों के प्रति किसान संसद में स्वागत भाषण पेश किया। मंच संचालन किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने किसान संसद के उद्देश्य पर विशेष चर्चा की और आगे का कार्यक्रम पेश किया।

किसान संसद का उद्घाटन करते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि आज की परिस्थितियों से जुझना और किसानों के अस्तित्व को बचाना बहुत जरूरी हो गया है।उन्होंने कहा कि किसान और कृषि को देश का रीढ कहा जाता है, मगर किसानों की रीढ की क्या स्थिति है इस पर कोई चिंतन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे किसानों का वजूद खत्म हो रहा है । आजादी के समय 80 प्रतिशत लोग गांव में रहते थे, 20 प्रतिशत शहर में रहते थे, आज 43 प्रतिशत शहर में रहते हैं 57 प्रतिशत गांव में रहते हैं। गांव से पलायन तब होता है, जब गांव में रहकर परिवार चलाना मुश्किल हो जाता है। हमारे लड़के खेती करना पसंद नहीं करते, खेती घाटे का धंधा है। किसानों को अपने फसलों का सही एमएसपी नहीं मिल रहा है। अमेरिका से किए गए मुक्त व्यापार समझौता से भारत का किसान तबाह हुआ बर्बाद हो जाएगा।

किसान नेता सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि बीज बिल, बिजली बिल विधेयक और कीटनाशक विधेयक से भारत में किसानी तबाह हो जाएगी। देश में सबसे पहले मंडी कानून बिहार में समाप्त हुआ। किसान संगठित होकर अपनी लड़ाई नहीं लड़ेंगे तो फिर किसानी को कोई बचा नहीं सकता।बिहार सरकार के पूर्व मंत्री बृषिण पटेल और पूर्व मंत्री अखलाक अहमद ने भी किसान संसद को संबोधित किया।

## कृषि मंत्री ने किया डिजिटल कृषि निदेशालय का उद्घाटन

**पटना (एनएसबी)।** कृषि मंत्री, बिहार रामकृपाल यादव द्वारा कृषि भवन, मीठापुर में डिजिटल कृषि निदेशालय का उद्घाटन किया गया। साथ ही, 12 राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्रों (भभुआ, धनरूआ, नवादा, खिरियावाँ, सिपाया, पिपराकोठी, पूसा, हलसी, सिकन्दरा, ओडेहारा, कुमारखण्ड एवं बुआलदह) में मडल कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना तथा 25 जिलों के 32 अनुमंडलों में अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जाँच प्रयोगशाला का भी उद्घाटन कृषि मंत्री द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के किसानों को रियल टाईम में कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ पहुँचाने, डिजिटल क्रप सर्वे के आधार पर मौसमवार एवं फसलवार आच्छादन, उत्पादन और उत्पादकता का पूर्वानुमान करने, किसान आधारित सेवाओं में नवाचार लाने तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए एकीत डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली विकसित करने हेतु डिजिटल कृषि निदेशालय की स्थापना की गई है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर की गयी फूलों की वर्षा

## संगठन की मजबूती हेतु समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने की जरूरत : संजय सरावगी

**नव संदेश ब्यूरो**

**अलीनगर।** दरभंगा जिला के अलीनगर विधानसभा अंतर्गत ग्राम नरमा में गुरुवार को जिला संगठनिक दरभंगा पूर्वी की महत्वपूर्ण बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का नरमा आगमन पर कार्यकताओं के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। उनके स्वागत में दरभंगा जिला पूर्वी के महामंत्री संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य अभिनंदन किया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा।

बैठक का आयोजन नरमा स्थित संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह के आवास पर किया गया, जहां उन्होंने मिथिला की समृद्ध परंपरा के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य अतिथियों का पाग, चादर, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया। प्रतीकात्मक तलवार भेंट कर विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री मनोज सिंह भी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष श्री

**नरमा में जिला संगठनिक दरभंगा पूर्वी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने की शिरकत**

सरावगी ने आगामी कार्यक्रम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह, स्थापना दिवस सप्ताह एवं ह्यमन की बात—को व्यापक, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से आयोजित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की मजबूती हेतु समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने की अपील की। प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि संगठन की



प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का स्वागत करते संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह।

वास्तविक शक्ति उसके जमीनी कार्यकताओं में निहित होती है और सभी से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने कार्यकताओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यही ऊर्जा संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है और इसी के बल पर संगठन और अधिक सशक्त बनेगा।

वहीं संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन हम सभी कार्यकताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाने का आह्वान किया।

संगठन के निदेर्शानुसार 13 अप्रैल को जहां-जहां बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को माल्यार्पण कर बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाएगा। अंत में, मन की बात कार्यक्रम में उत्कृष्ट सफलता हेतु मंडल अध्यक्ष लाल मुखिया, सुधीर सिंह, पंकज कंठ एवं चंदन कुमार ठाकुर को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला प्रभारी राजीव रंजन, नुनु झा, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रामकरण दास, विधानसभा संयोजक सुजित चौधरी, प्रभारी राहुल कर्ण, ब्रजेश झा, संतोष झा, बैधनाथ प्रसाद सिंह, महादलित प्रकोष्ठ संयोजक संजय सदा, गंगा राम सहनी, काली प्रसाद साहू, रिंकू देवी, सीता देवी, गीता देवी, प्रकाश सहनी, नीरज कर्ण, दिनेश सिंह, ललित मोहन मिश्र, रामदत्त पासवान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## आज कटहलबाड़ी व शिवधारा फीडर की बिजली रहेगी बाधित

**दरभंगा (एनएसबी)।** दिनांक 10 अप्रैल,2026 को बेला पी एस एस से निकलने वाली 11के वी कटहलबाड़ी फीडर एवं शिवधारा फीडर में मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा, जिस कारण कटहलवारी फीडर का लाईन सुबह साढ़े आठ बजे से सुबह 10 बजे तक बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्रः- बेला, परमेश्वर चौक, सुंदरपुर, बीरा,छत्ती पोखर, जलान कॉलेज, बाघमौर, बेला मोर, श्यामा रेजिडेंसी, कटहलवारी, भंडार चौक, विद्यापति चौक,एम एल एस एम कॉलेज,दीवानी तकिया, मित्रा हॉस्पिटल, बरही टोला आदि। एवं शिवधारा फीडर सुबह 10 बजे से साढ़े ग्यारह सुबह तक बंद रहेगा। प्रभावित होने वाले क्षेत्र :- डब्लू आई टी रोड, बंगलागढ़, राम चौक, नाका न0-2, शुभंकरपुर, रत्नोपट्टी, कबराघाट, सत्संग भवन, चनरिया, गद्दी, दरूभट्टी, पासवान टोला आदि शामिल है।

## आज जिला में 23735 हजार गैस सिलेंडर होगा वितरित

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार एवं उप निदेशक, जन सम्पर्क सत्येन्द्र प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में आज कुल 9,206 एल.पी.जी गैस सिलेंडर का वितरण हुआ है, जिसमें दरभंगा सदर अनुमण्डल में 7,417, बेनीपुर अनुमण्डल में 779 एवं बिरौल अनुमण्डल में 1,010 शामिल है।जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि दरभंगा सदर अनुमण्डल अन्तर्गत 47 गैस एजेंसी संचालित है।

वहीं बेनीपुर अनुमण्डल अन्तर्गत 08 एवं बिरौल अनुमण्डल अन्तर्गत 20 गैस एजेंसी संचालित है। सदर अनुमण्डल में 5,655 एल.पी.जी गैस सिलेंडर एजेंसियों के गोदामों में शेष है, जबकि बेनीपुर

**कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन**

अनुमण्डल में 1,031 तथा बिरौल अनुमण्डल में 3,755 एल.पी.जी गैस सिलेंडर एजेंसियों के गोदामों में शेष है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार जिले में 09 अप्रैल को 10,441 एल.पी.जी गैस सिलेंडर एजेंसियों के गोदामों में शेष है। वहीं 10 अप्रैल, 2026 को लगभग 13,294 एल.पी.जी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की संभावना है, जिसमें दरभंगा सदर अनुमण्डल में 10,270 बेनीपुर अनुमण्डल में 1,404 एवं बिरौल अनुमण्डल में 1,620 शामिल है। जबकि उसी दिन 23,735 सिलेंडरों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित है। 10 अप्रैल को दरभंगा सदर अनुमण्डल में 15,925 बेनीपुर अनुमण्डल में 2,435 एवं बिरौल अनुमण्डल में 5,375 एल.पी.जी गैस सिलेंडर वितरण होने की संभावना है। बुकिंग के उपरांत 1 से 2 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## शहरी गैस वितरण परियोजना अंतर्गत डीआरएस, डीसीयू व सीएनजी स्टेशन निर्माण के लिए चयनित स्थलों का डीएम ने किया निरीक्षण

**दरभंगा (एनएसबी)।** शहरी गैस वितरण परियोजना के अंतर्गत पाइप्ड नेचुरल गैस पी एन जी कनेक्शन को शीघ्र चालू करने के उद्देश्य से भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा शहर में प्रस्तावित डीआरएस डिस्ट्रिक्ट रेगुलेटिंग स्टेशन, डीसीयू डिस्ट्रीब्यूशन कंट्रोल यूनिट एवं सीएनजी स्टेशन के निर्माण हेतु चयनित स्थलों का निरीक्षण जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार द्वारा किया गया।

उन्होंने शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण किया, जिनमें डीएमसीएच सिविल सर्जन ब्लॉक, नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड परिसर, केएसडीएसयू श्यामा रेजिडेंसी के समीप, होमगार्ड कार्यालय कादीराबाद, मखाना अनुसंधान केंद्र तथा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लहेरियासराय शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित बीपीसीएल के अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी चयनित स्थलों पर निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए डीआरएस, डीसीयू एवं सीएनजी स्टेशन को यथाशीघ्र क्रियाशील बनाया जाए, ताकि शहरवासियों को पाइप्ड नेचुरल गैस एवं सीएनजी की सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके।

इस परियोजना के पूर्ण होने से नागरिकों को सुरक्षित एवं सुलभ ईंधन प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुरेश कुमार, डीसीएलआर सदर संजीत कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने किया अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर का निरीक्षण

**बेनीपुर (एनएसबी)।** विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान ओपीडी, इमरजेंसी व चालू ईसीजी सेवा का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही डायलिसिस सेवा शुरू होगी, इसलिए अस्पताल प्रबंधक को थ्री फेज विद्युत कनेक्शन हेतु विद्युत विभाग को पत्र लिखने को कहा। सफाई पर नाराजगी जताते हुए प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. कुमारी भारती को विशेष ध्यान देने और डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। टीका पंजी की अनियमितता पर भी सुधार का आदेश दिया। उपस्थित रहे डॉ. भारती व प्रबंधक राहुल कुमार सिंह समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।



विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी एवं अन्य।

### लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक एसएसपी जगुनाथ जलारेड्डी ने गुरुवार को बहेड़ा थाना पहुंचकर विभिन्न वर्तमान एवं लंबित कांडों की समीक्षा की। उन्होंने थाना अध्यक्ष एवं संबंधित अनुसंधानकताओं को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने, अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद एसएसपी ने बताया कि थाने में लगभग 350 नए एवं पुराने मामले लंबित हैं। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। इसके अलावा, संचिकाओं को सुव्यवस्थित रखने, साफ-सफाई बनाए रखने, रात्रि गश्ती एवं वाहन चेकिंग पर विशेष ध्यान देने का आदेश दिया।इस दौरान डीएसपी बासुकीनाथ झा, थानाध्यक्ष पंकज कुमार, पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार, प्रियंका कुमारी, अनुराधा कुमारी, पूजा कुमारी सहित थाने के सभी अनुसंधानकर्ता उपस्थित थे।



समीक्षा करते एसएसपी।

**एसएसपी ने बताया कि थाने में लगभग 350 नए एवं पुराने मामले लंबित**

### 09 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**दरभंगा (एनएसबी)।** आगामी 09 मई 2026 को होने वाले वर्ष के दूसरे राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जुनैद आलम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने विभिन्न बैंकों सहित कई विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। सीजेएम श्री आलम ने कहा कि नालसा गाइडलाइंस एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शों के अनुरूप राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित मुकदमों के साथ साथ प्रि लिटिगेशन मामले का भी निपटारा किया जाना है। उन्होंने न्यायालयों में लंबित वन विभाग, मजदुरी, विद्युत, माप तौल आदि के वादों को चिह्नित करने का दायित्व संबंधित अधिकारियों को दिए। बकाया ऋण संबंधी मामलों के लिए बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए। सचिव आरती कुमारी ने बैठक में पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित मामलों का डेटा रखते हुए कहा कि कुछ बैंक एवं विभागों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा,अधिक से अधिक मामलों के निपटारे के लिए सभी हितधारकों को विशेष रूप से कार्य करना होगा।

### अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित

**बेनीपुर (एनएसबी)।** विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने गुरुवार को प्रखंड के महिनाम गांव में शनिवार के अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को राहत राशि वितरित की। रामसागर पासवान, कुशेश्वर पासवान, पप्पू पासवान, संतोष पासवान व बबलू पासवान को अन्न, वस्त्र व बर्तन खरीदने हेतु बिहार सरकार के आपदा राहत कोष से सभी पीड़ीतो को 12,000 रुपये के चेक दिए। उन्होंने पीड़ितों को संबोधित कर कहा कि आपदा अप्रत्याशित होती है, लेकिन सतर्कता से क्षति कम की जा सकती है।

### ट्रेन से गिरने से एक की मौत

**दरभंगा (एनएसबी)।** जयनगर हावड़ा चलने वाली गाड़ी धुरियान एक्सप्रेस में एक मजदूर चढने का कोशिश किया चलती गाड़ी रहने के कारण उनके पांव फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे चला गया जिसके फलस्वरुप उन्हें काफी चोट लगी वह मजदूर प्रत्येक दिन सकरी से दरभंगा आकर काम करता था। उन्हें जीआरपी के द्वारा उठाकर डीएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उनका निधन हो गया। परिजन को खबर की गई। मृतक की पहचान मधुबनी जिला के राजनगर थाना क्षेत्र के न्यू चकदह के स्वर्गीय विश्वनाथ दास के पुत्र चंदन दास उम्र 35 साल के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वह प्रत्येक दिन दरभंगा से सवेरे सकरी आते थे और काम कर रात की गाड़ी से दरभंगा चले आते थे।

### प्रशिक्षण शिविर में हार्ट अटैक से शिक्षक का निधन

**दरभंगा (एनएसबी)।** ख्वाजासराय, दरभंगा के वार्ड नंबर 46 के 58 वर्षीय मोहम्मद साबिर हुसैन की हृदयघात से निधन हो गया। वे मध्य विद्यालय तारालही, बहादुरपुर, दरभंगा में शिक्षक के रूप में पदस्थापित थे और 7 से 11 अप्रैल 2026 तक पी टी ई सी, रामपुर जलालपुर समस्तीपुर में शिक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने आए हुए थे। पर दुर्भाग्य से 9 अप्रैल की मध्य रात्रि 12:05 पर डॉक्टरी सुविधा मिलने से पहले गंभीर हार्ट अटैक से चल बसे। बेबस सहयोगी शिक्षकों ने उन्हें अस्पताल ले जाने की पूरजोर कोशिश की, परंतु इसके पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। परिवार के सूत्रों के अनुसार मोहम्मद साबिर हुसैन पिता स्वर्गीय मोहम्मद सिद्दीक का बड़ा बेटा इंजीनियर है और छोटा बेटा बेतिया मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है।

## जिले के प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल के लिए विद्यालयों का चयन करें : कौशल कुमार

**दरभंगा (एनएसबी)।** समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों, शिक्षा की गुणवत्ता, डिजिटल उपस्थिति प्रणाली सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 6 वर्ष से ऊपर एवं 14 वर्ष तक के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। नामांकन से कोई भी

**डीएम ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की, नामांकन व गुणवत्ता में सुधार लाने का दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश**

पोर्टल पर समय से अपलोड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा कि अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। जिले के




बैठक करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

बच्चा वंचित नहीं रहें,इसकी जिम्मेदारी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों की होगी। जिले के प्रत्येक प्रखंड में मॉडल स्कूल के लिए विद्यालयों का चयन किया गया है। अपने-अपने कार्य क्षेत्र के सभी विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करें तथा निरीक्षण से संबंधित प्रतिवेदन भवनहीन एवं भूमिहीन विद्यालयों के साथ-साथ टैगिंग किए गए विद्यालयों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ स्थापना अवधेश कुमार, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## रेलवे बोर्ड दिल्ली के पूर्व डाइरेक्टर के घर में चोरी

**केवटी (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केवटी गांव के वार्ड 11 के बन्द घर में बीते मंगलवार की रात अज्ञात चोरो ने लगभग 2 से 2.5लाख कि समान लेकर फरार हो गया। केवटी गांव निवासी व रेलवे बोर्ड दिल्ली के पूर्व डाइरेक्टर मिथिलेश झा उनके भाई चन्द्र मोहन झा तथा मोहन झा तीनों भाई के घरों का अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर लाखों रुपये के सामान चुराकर ले गया। चोरी होने की जानकारी बुधवार को तब मिली जब गांव के हीं देखभाल करने वाले नवल कुमार झा ने बुधवार को अंगने में गृह स्वामी के खेत का तैयार गेंहू को रखने गया तो दो कमरे का ताला टूटा देखा वही इस की जानकारी गृहस्वामी के चचेरे भाई दिनेश कुमार झा को दिया।

उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दिया। इस दौरान दिनेश कुमार झा ने आवेदन देकर बताया है कि उनके चचरे भाई का घर पास में ही है। वर्तमान में वे लोग दिल्ली में रहते हैं। घर खाली रहने के कारण उसकी देखरेख गांव के ही नवल कुमार झा के द्वारा किया जा रहा था। 8 अप्रैल 2026 बुधवार को करीब 11 बजे जब देखरेख करने वाला व्यक्ति गेंहू रखने के लिए घर पहुंचा, तो उसने देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। इस दौरान पांच ट्रंक तथा एक आलमीरा से वेस कीमती बड़ा तांबे, फूल और पीतल का बर्तन आदि सामान गायब है। जिसका अनुमानित कीमत करीब 2 लाख से 2.5 लाख रुपये बताई गई है। उधर सूचना मिलते हीं केवटी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## जहां-जहां सड़कों में टूट-फूट की स्थिति है, वहां शीघ्र कराएं मरम्मत : हिमांशु कुमार राय

**दरभंगा (एनएसबी)।** आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमण्डलीय सभागार, दरभंगा में ग्रामीण कार्य विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में दरभंगा प्रमण्डल अंतर्गत आने वाले जिलों के ग्रामीण कार्य विभाग के अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंताओं के साथ चल रही योजनाओं

**प्रमण्डल आयुक्त की अध्यक्षता में ग्रामीण कार्य विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा**

में क्षति या टूट-फूट की स्थिति है, वहां मरम्मति कार्य कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं की भी समीक्षा करते हुए उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश



बैठक करते प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय ।

की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। आयुक्त ने सभी अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप होना चाहिए। जहां-जहां सड़कों दिया। आयुक्त ने सड़कों के किनारे आवश्यक साइनेज एवं पट्टियों के समुचित लगाने का भी निर्देश दिया, ताकि आमजन को सुविधा मिल सके। क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी सह क्षेत्रीय योजना पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य सहित दरभंगा प्रमण्डल के तीनों जिलों के संबंधित अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार के राज्यपाल से मिले सांसद, दरभंगा हाईकोर्ट बेंच सहित विभिन्न मुद्दों पर पहल के लिए सौंपा पत्र

**दरभंगा (एनएसबी)।** 9 अप्रैल गुरुवार को दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के राज्यपाल महामहिम सैयद अता हसनैन ने पटना स्थित राजभवन में भेंटकर दरभंगा में पटना हाई कोर्ट बेंच की स्थापना, दरभंगा स्थित दोनों विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा, डब्लूआईटी दरभंगा को केंद्र सरकार से संचालित किया जाना, दूरस्थ शिक्षा केंद्र के माध्यम से फिर से पठन पाठन शुरू किए जाने सहित एक दर्जन मुद्दों से संबंधित आग्रह पत्र सौंप कर पहल करने का आग्रह किया।

इस मौके पर सांसद डा ठाकुर ने महामहिम राज्यपाल को मिथिला पेंटिंग तथा पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित भी किया। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा में पटना हाई कोर्ट बेंच की स्थापना के लिए महामहिम राज्यपाल का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अपने पत्र में लिखा है कि तिरहुत तथा कोशी क्षेत्र के साथ साथ उत्तर बिहार के आठ करोड़ लोगों के लिए दरभंगा में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना होना आवश्यक है क्योंकि उत्तर बिहार के आठ करोड़ लोगों को हाई कोर्ट के न्यायिक कार्यों से पटना जाना पड़ता है। उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों से अधिक दूरी रहने के कारण पटना जाने मे चार घंटे से लेकर छह सात घंटे की दूरी तय करनी पड़ती है जिससे कारण यहां के लोगों को समय के साथ साथ आर्थिक बोझ का भी सामना करना पड़ता है तथा भौगोलिक रूप से बिहार की राजधानी पटना की दूरी अधिक होने के कारण न्यायिक कार्यों के लिए पटना जाने में समय भी अधिक लगता है एवं संसाधन भी अधिक व्यय करना परता है इस दृष्टिकोण से दरभंगा में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना होना उत्तर बिहार के लोगों के लिए हर दृष्टि से अमृत समान साबित होगा। महामहिम से चर्चा करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर उन्होंने



राज्यपाल से मिलते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

लोकसभा सत्र के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ विस्तार से चर्चा कर उनका ध्यान आकृष्ट कराया था तथा उन्हें भी जानकारी दी थी उत्तर बिहार के क्षेत्रों से न्यायिक मामलों की अधिक मात्रा में संख्या रहने तथा दरभंगा में जमीन सहित पर्याप्त रूप से न्यायिक और प्रशासनिक संसाधन उपलब्ध रहने के कारण कम खर्चे में यहां बेंच का खुलना सुगम होगा तथा विवादों के कम समय में निपटारा होने से समाज में शांति व्यवस्था भी कायम रहेगी।

दरभंगा स्थित डा कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने, दरभंगा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक को चालू किए जाने, डब्ल्यूआईटी दरभंगा का केंद्रीय सरकार से संचालित किए जाने, मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर शोध संस्थान के लिए केंद्र सरकार से अलग से राशि आवंटित किए जाने, मिथिला के पर्यटन स्थलों को जानकी सर्किट के रूप में स्थापित किए जाने की पहल करने, दरभंगा जिले के देहाती क्षेत्रों के महाविद्यालयों में बीएड की पढ़ाई शुरू किए जाने जैसे मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए लिखा कि इन मुद्दों पर शीघ्र पहल शुरू कर केंद्र सरकार की मिथिला के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता को धरातल पर तेजी से साकार किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुराज पदाधिकारियों की बैठक संपन्न, प्रदेश अध्यक्ष ने दिया टास्क



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को शहर के हरपुर एलौथ स्थित जनसुराज कार्यालय पर विभिन्न प्रकोष्ठों व मंचों के जिला एवं क्षेत्रीय प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। जनसुराज के क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता व संचालन में सम्पन्न इस बैठक में मुख्य अतिथि मनोज भारती ने संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर पर काम करने की जरूरत पर बल दिया। इस क्रम में उन्होंने संगठन और पार्टी को मजबूत केलिए कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए। इसके पूर्व क्षेत्रीय प्रभारी श्री सिंह ने मैथिल परंपरानुसार प्रदेश अध्यक्ष सहित अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात बैठक को प्रदेश महामंत्री सुभाष सिंह कुशवाहा, ने भी संबोधित करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी व्यवसायी प्रकोष्ठ अमित गुंजन, किसान प्रकोष्ठ के प्रभारी सुनील कुमार सुमन, रोसड़ा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, समस्तीपुर जिलाध्यक्ष सत्यनारायण साहनी, वैशाली जिलाध्यक्ष विनोद सिंह, वैशाली जिला महामंत्री हरिनंदन राय, बेगूसराय जिला महामंत्री मजहर अली, जिला महामंत्री समस्तीपुर निरंजन ठाकुर, जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ श्याम कुमार चौधरी, रामबालक पासवान, विश्वनाथ चौधरी, अनिता राय, साधना पासवान, जितेन्द्र कुशवाहा, राजकमल सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष संग प्रतिनिधि मंडल ने रोसड़ा गांधी स्मारक स्थल का जायजा, की दोषियों के अविलंब गिरफ्तारी की मांग

**रोसड़ा (एनएसबी)।** अनुमंडल मुख्यालय के गांधी चौक पर स्थापित महात्मा गांधी की मूर्ति को कतिपय असामाजिक तत्व के लोगों द्वारा ध्वस्त किए जाने पर जिला अध्यक्ष अनिता राम, सिद्धार्थ क्षेत्रिय, जिला अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भुपेन्श्वर राम, सनातन कुमार उर्फ बालाजी के विशेष दल ने ध्वस्त गांधी स्मारक का जायजा लिया और गहरा दुःख भी व्यक्त किया। इस बाबत श्रीमति राम ने बताया कि, देश को आजाद कराने वाले व्यक्ति की प्रतिमा को ध्वस्त करना विकृत मानसिकता का प्रमाण तो है हि, दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने कहा कि, प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन एवं पुलिस अधीक्षक से मांग करती हूं कि, स्मारक स्थल को पुनर्स्थापित करते हुए मूर्ति को ध्वस्त करने वाले की अविलंब गिरफ्तारी हो। उन्होंने कहा ति, ससमय कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में संगठन संघर्ष की अगली नीति तय करेगी। जिसकी संपूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष शंभु प्रसाद सिंह, उपेंद्र नारायण पोद्दार उपाध्यक्ष, अरुण कुमार महतो अध्यक्ष, सुरेंद्र दास, मनोज महतो महासचिव, शंभू मिश्रा प्रखंड सचिव, एम बालक सिंह कुशवाहा जिला पदाधिकारी, रमाकांत राय कार्यकारी सदस्य विजय राम संगठन सचिव राजकुमार सिंह प्रखंड सचिव कांग्रेस लक्ष्मण कुमार सिंह कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कुमार ललन कुमार मिश्रा महासचिव प्रभात कुमार लाल कोषाध्यक्ष मनीष कुशवाहा युवा कांग्रेस अध्यक्ष, काजी मोहम्मद फैशन रहा पंचायत अध्यक्ष, मंजू देवी अध्यक्ष महिला कांग्रेस, सुरेंद्र दास कांग्रेसी अजय कुमार शाह कांग्रेस सचिव आदि काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### नहीं रहे जनसेवा के समर्पित सिपाही कॉ. डॉ. ब्रह्मदेव शर्मा

**विभूतिपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के महमदपुर सकड़ा निवासी डॉ. ब्रह्मदेव शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। डॉ. शर्मा का संपूर्ण जीवन सेवा, सादगी और संघर्ष का अद्वितीय संगम था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से उनका दशकों पुराना सक्रिय जुड़ाव केवल एक राजनीतिक पहचान नहीं, बल्कि समाज के वंचित, शोषित एवं किसानों के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक था। ग्राम्य चिकित्सक के रूप में भी उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। उनके लिए चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम था। उनके निधन पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य गजेन्द्र प्रसाद चौधरी, विश्वेश्वर महतो ह्वीणाह्व, हरेराम मिश्र एवं विनोद कुमार विनय आदि ने पार्टी की ओर से उन्हें पार्टी ध्वज अर्पित कर अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर रमाकांत मिश्र, सीताराम यादव, सुशील कुमार महतो, डॉ सत्यनारायण महतो, हरिनारायण सिंह, राम उचित महतो, बाबू प्रसाद, शंकर शर्मा एवं राम विलास शर्मा मौजूद थे।

### लापरवाही के आरोप में दो स्वास्थ्य कर्मियों से मांगा स्पष्टीकरण

**मोहिउद्दीन नगर (एनएसबी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) मोहिउद्दीननगर की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे सवालों पर अब प्रशासनिक सख्ती शुरू हो गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही के आरोप में दो कर्मियों से लिखित स्पष्टीकरण मांगा है।जानकारी के अनुसार, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मो. बहाव आलम एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर नवनीत कुमार के विरुद्ध प्रखंड मूल्यांकन सहायक खुशबू कुमारी द्वारा लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक द्वारा कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जाता, जिससे कार्यालयीन कार्य बाधित होते हैं। इसके कारण समय पर प्रतिवेदन तैयार नहीं हो पाते और वरीय अधिकारियों के समक्ष जवाबदेही की स्थिति उत्पन्न होती है। साथ ही अधिकारियों का कोपभाजन होना पड़ता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि आवश्यक संपर्क के दौरान फोन कॉल रिसीव नहीं किया जाता, जिससे कार्य प्रभावित होता है। वहीं डाटा एंट्री ऑपरेटर नवनीत कुमार पर एएनएम एवं सीएचओ को कार्य निष्पादन नहीं करने के लिए प्रेरित करने का आरोप है। पूछताछ करने पर संतोषजनक जवाब देने के बजाय टालमटोल करते हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने दोनों कर्मियों को पत्र जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी की इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों में हड़कंप मच गया है और कार्यप्रणाली में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को बी.आर.बी. कॉलेज, समस्तीपुर के बलिराम भगत महाविद्यालय में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की जयंती हिंदी विभाग द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो० जगदीश प्रसाद वैश्यंत्री ने की। जयंती के अवसर पर वक्ताओं ने महापंडित सांकृत्यायन के जीवन-दर्शन एवं घुमक्कड़ी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हिंदी साहित्य में उनके महत्वपूर्ण योगदान के साथ-साथ घुमक्कड़-शास्त्र और अनुवाद कार्यों के माध्यम से विभिन्न देश, समाज और भूगोल को जानने का अवसर मिला। इस अवसर पर स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के अभिषेक कुमार,



विशाल कुमार, मृत्युञ्जय कुमार, रितु कुमारी, नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, उन्नति कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका कुमारी, काजल कुमारी, मुस्कान कुमारी, सोनम कुमारी, सरस्वती कुमारी, सोनी कुमारी, रूपा कुमारी, सपना कुमारी, सीता कुमारी और संगीता कुमारी सहित कई छात्र-छात्राओं सहित प्रो० विकास कुमार, प्रो० शकील अहमद, डॉ० स्वीटी, डॉ० सीरीन, डॉ० शबनम, डॉ० विंध्याचल साह, एच० एन० शुक्ला, डॉ० बागीरथ, उलाष्टी, ज्योति प्रसाद, डॉ० नरेश, डॉ० ममता आदि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संजय प्रसाद ने किया।

# जनगणना 2027: समस्तीपुर में डिजिटल महाअभियान का शंखनाद : डीएम

## जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित




बैठक में शामिल डीएम व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी - सह- प्रधान जनगणना अधिकारी रौशन कुशवाहा की अध्यक्षता में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि डिजिटल भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस बैठक में जिले के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, प्रभारी अधिकारियों, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना के बहुआयामी अवयवों पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

**1.द्वि-चरणीय गणना प्रक्रिया :** बैठक में जानकारी दी गई कि जनगणना दो मुख्य चरणों में पूरी की जाएगीः प्रथम चरण झ मकान सूचीकरण : इसमें प्रत्येक भवन और मकान की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, परिवार के जीवन स्तर से जुड़े 34 महत्वपूर्ण सवाल पूछे जाएंगे, जैसे- मकान की बनावट, पेयजल के स्रोत, बिजली, वाहन, घरेलू उपकरण सहित अन्य भौतिक संसाधन आदि से संबंधित सवाल शामिल हैं। **द्वितीय चरण जनसंख्या गणना :** इसमें प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय विवरण जैसे- आयु, वैवाहिक स्थिति, संतान, साक्षरता और व्यवसाय का डेटा एकत्र किया जाएगा।

**2. 'डिजिटल फर्स्ट' और स्व-गणना :** इस दौरान श्री कुशवाहा ने कहा कि, इतिहास में पहली बार, जनगणना को पूरी तरह पेपरलेस बनाया गया है। हम यह भी कह सकते हैं कि यह जनगणना डिजिटल इंडिया का आधिकारिक शंखनाद है। जिलाधिकारी ने इसके तीन तकनीकी पहलुओं पर जोर दिया। **मोबाइल एप्लिकेशन :** प्रगणक अपने स्मार्टफोन पर विशेष रूप से निर्मित ऐप के जरिए डेटा प्रविष्टि करेंगे। **स्व-गणना का विकल्प :** नागरिक स्वयं के मोबाइल या कंप्यूटर से जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण भर सकेंगे। **सत्यापन एवं समय की बचत :** जो परिवार 'स्व-गणना' का विकल्प चुनेंगे, प्रगणक उनके घर जाकर केवल 'रेफरेंस कोड' का मिलान करेंगे, जिससे लंबी पूछताछ की आवश्यकता नहीं होगी और अनावश्यक समय की बबार्दी से बचा जा सकेगा।

**3.भौगोलिक सीमांकन और जीआईएस मैपिंग :** उन्होंने बताया कि, क्षेत्रीय त्रुटियों को शून्य करने के लिए जिले के प्रत्येक चार्ज और वार्ड को डिजिटल मैप से जोड़ा गया है। प्रत्येक एन्यूमरेशन ब्लॉक (एइ) की सीमाएं डिजिटल रूप से निर्धारित हैं। ताकि जिले का कोई भी दुर्गम इलाका या नव-निर्मित कॉलोनी गणना से न छूट जाए।

**4.डेटा सुरक्षा और गोपनीयता की गारंटी :** बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि, ह्वडिजिटल रूप से एकत्र किया गया डेटा पूरी तरह इन्क्रिप्टेड होगा।डेटा का उपयोग केवल भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं और नीति निर्धारण के लिए सांख्यिकीय आधार पर किया जाएगा। **प्रशिक्षण की गुणवत्ता :** इस दौरान प्रशिक्षकों को निर्देश दिया गया कि, वे प्रगणकों को तकनीकी रूप से इतना सशक्त करें कि फील्ड में किसी भी प्रकार का 'सर्वर एरर' या 'डेटा लैप्स' न हो। **सटीक सत्यापन :** सुपरवाइजरों को निर्देश दिया गया कि वे प्रगणकों द्वारा भरे गए डेटा का रैंडम फिजिकल वेरिफिकेशन (भौतिक सत्यापन) करें। **जागरूकता अभियान :** प्रखंड स्तर पर विशेष जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए गए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी ह्यस्व-गणनाह्न के प्रति प्रेरित हों। मौके पर उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला जनगणना अधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-अपर जिला जनगणना अधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-चार्ज पदाधिकारी, प्रगणक, पर्यवेक्षक एवं मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# राहुल सांकृत्यायन का सदैव ऋणी रहेगा हिंदी साहित्य जगत : डॉ. अरुण

## विलक्षण प्रतिभा के धनी राहुल सांकृत्यायन विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी संपन्न




कार्यक्रम में शामिल छात्रझ्रप्राध्यापक।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में महापंडित राहुल सांकृत्यायन की 133वीं जयंती के अवसर पर 'विलक्षण प्रतिभा के धनी राहुल सांकृत्यायन' विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार शशि एवं संयोजन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. महेश कुमार चौधरी ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर नगर, दरभंगा के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष-सह-मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) चंद्रभानु प्रसाद सिंह एवं संत कबीर महाविद्यालय समस्तीपुर के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार आमंत्रित थे। मिथिला परंपरा अनुसार आगंतुक वक्ताओं को प्रधानाचार्य ने पुष्पमाला, चादर, पाग एवं स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन, एवं छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, कुलगीत एवं स्वागत गीत के साथ संगोष्ठी की शुरूआत की गई। डॉ. महेश कुमार चौधरी ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि महापंडित राहुल सांकृत्यायन जैसे व्यक्तित्व विरले ही जन्म लेते हैं। उन्होंने हिन्दी साहित्य को जिस ऊँचाई तक पहुँचाने का कार्य किया है वह अनुकरणीय है। उन्होंने समाज में व्याप्त बाह्याडंम्बर, कुप्रथाओं, अंधविश्वास, ऊँच-नीच, वर्गवाद आदि का मुखर विरोध किया। उनकी लेखनी मानव-कल्याण, सामजिक समरसता एवं सहिष्णुता को निरंतर मजबूत करती रही। जो आज भी प्रासंगिक और अनुकरणीय है। प्रधानाचार्य डॉ. शशि ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि, राहुल सांकृत्यायन भारतीय साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। उनके विचारों को छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में अपनाकर मानव कल्याण हेतु कार्य करना चाहिए। प्रो. (डॉ.) चंद्रभानु प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन प्रगतिशील विचारों के पोषक थे। उन्होंने जातीय एवं धार्मिक दीवारों को मिटाने के लिए अपूर्व एवं अनुकरणीय कृतियों का सृजन किया। उन्होंने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति एवं सामाजिक न्याय को आधार प्रदान किया। डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन ने भारतीय साहित्य एवं दर्शन को नयी ऊंचाइयां प्रदान की। उन्होंने जनमानस को जीवन जीने की कलाओं से परिचित कराया। साहित्य जगत उनके योगदान के लिए ऋणी रहेगा। शिक्षाविद शाह जफर इमाम ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन ने विदेशी भाषाओं के माध्यम से ज्ञान व चेतना का अर्जन कर भारतीय भाषाओं में अपनी बात कही, जो मातृभाषा प्रेम को दशार्ता है।इस अवसर पर विषय पर आधारित बेहतरीन विचार प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों में प्रथम स्थान निखिल कुमार एवं चंदन कुमार, द्वितीय स्थान शिवानी कुमारी एवं तृतीय स्थान अंबिका कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्य के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर डॉ राहुल मनहर, डॉ दयानंद मेहता, डॉ दिनेश्वर राय, डॉ अशोक कुमार, डॉ सुमन कुमार सिंहा, डॉ विनय कुमार रमण, रौशन कुमार, राम कुमार, अंजलि कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी आदि मौजूद थे। डॉ. अपराजिता राय ने मंच संचालन एवं शिवानी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में की गई 180 गर्भवती महिलाओं की जांच, दिए स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** मातृ व शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा गर्भवती महिलाओं को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 180 से अधिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गयी। शिविर में चिकित्सकों व एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन, खून की जांच सहित गर्भावस्था से संबंधित सभी आवश्यक जांच की गयी। जांच के क्रम में उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं को चिह्नित कर उन्हें विशेष निगरानी व नियमित उपचार के दायरे में रखा गया। एचआरपी श्रेणी में आने वाली महिलाओं की प्रतिमाह जांच सुनिश्चित की जायेगी, ताकि किसी भी प्रकार की जटिलता को समय रहते रोका जा सके। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पारसनाथ ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का लाभ वे महिलाएं ले सकती हैं, जिनका गर्भ तीन से छह माह का है। इसके लिए उन्हें स्वास्थ्य केंद्र में अपना पंजीकरण कराना होता है। पंजीकृत महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, सभी जरूरी जांच तथा आवश्यक दवाएं उपलब्ध करायी जाती हैं। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि आशा को निर्देश दिया गया है कि वे एचआरपी महिलाओं के घर पंद्रह दिन या एक माह में भ्रमण कर उनकी स्थिति पर नजर रखें। जांच के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने, नियमित जांच कराने और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने का निर्देश दिया गया। जांच के दौरान चिकित्सक वंदना कर्ण, संतोष जयसवाल लैब टेक्नीशियन रजनीश कुमार सीएचओ महजबी,पल्लवी गुप्ता एएनएम पूजा रंजना, मंजू कुमारी तथा गार्ड इंचार्ज विकाश कुमार सिंह, विजय कुमार साह, पूनम कुमारी, कंचन कुमारी, स्नेह लता सहित आशा कार्यकताओं की सक्रिय भूमिका रही।



मरीज का परीक्षण करते चिकित्सक व अन्य।

### बाबा साहेब की जयंती पर होगा सात दिवसीय समारोह

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर भाजपा अनूसूचित मोर्चा के तत्वावधान में भाजपा जिला कार्यालय हरपुर ऐलौथ में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित मोर्चा उत्तरी के सुशील पासवान और दक्षिणी के जिलाध्यक्ष पवित्र पासवान ने तथा संचालन जिला मंत्री जगदेव राम एवं उजियारपुर विधानसभा प्रभारी जगदेव राम ने किया। बैठक में भारत रत्न संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को धूमधाम से सात दिवसीय समारोह के रूप में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर के कार्यक्रम के सफलता हेतु अनूसूचित मोर्चा जिला पदाधिकारी को दायित्व सौंपा गया।



## पैक्स चुनाव : अंतिम दिन एक अध्यक्ष और दो सदस्य पद का हुआ नामांकन

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के एक मात्र मनियारपुर पैक्स के नामांकन में अंतिम दिन गुरुवार को एक अध्यक्ष और दो सदस्य पद के लिए नामांकन का पर्चा भरा गया। अध्यक्ष पद के लिए विपिन सिंह और सदस्य पद के लिए संगीता देवी एवं हेमंत कुमार ने आरओ के सामने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए कुल चार प्रत्याशी मैदान में है और सदस्य पद के लिए बाईस उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया है। जिसके बीच चुनावी मुकाबला चरम पर है। सभी अपने पक्ष में वोटर को रिझाने में लगे है। जानकारी आरओ अभिषेक कुमार ने दी है।

# होमियोपैथ : एक चमत्कारी चिकित्सा विज्ञान

## 271 वां हैनिमैन जयंती सह विश्व होमियोपैथी दिवस विशेष

झ्र डॉ आर. के. यादव
बी,एच,एम,एस (बी॰यू)



विज्ञान और चमत्कार दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू मात्र हैं। हम ज्ञात हिस्सों को विज्ञान और अज्ञात हिस्सों को चमत्कार समझते हैं। विज्ञान द्वारा स्थापित कुछ सिद्धांतो में सामयिक परिवर्तन होता रहता है, जो हमारे क्रमागत ज्ञान का हिस्सा है। प्रकृति के नियम और सिद्धांत स्थाई होते हैं, जिसके बहुत हीं कम हिस्सों को विज्ञान अब तक जान पाया है, परन्तु उसके बहुत बड़े हिस्सो का प्रभाव और अनुभव जो दिख रहा है, वही हमारे लिए विस्मय और चमत्कार जैसा है। होमियोपैथी चिकित्सा विज्ञान कि बात जिस समय पहली बार कही गई थी उस समय एटमीक इनर्जी, चुम्बकीय सिद्धांत, जेनेटिक जैव विविधता, जैव शक्ति सिद्धांत, रोगी और रोग क्या है, कार्य और कारण जैसे सिद्धांतो का कोई वैज्ञानिक विश्लेषण नहीं हो पाया था। यद्यपि होमियोपैथी का आधार इन्हीं सिद्धांतों पर खड़ा हुआ। तत्कालीन चिकित्सा विज्ञान इसके विपरीत और अवैज्ञानिक था। तब होमियोपैथ का बहुत बड़ा विरोध हुआ। होमियोपैथी महज एक विश्वास और धोखा मात्र है जैसे भ्रम भी फैलाया गया। जो लोग इसके चिकित्सकीय फायदे से प्रभावित हुए वो इसके वैज्ञानिकता से अनजान थे। फलतः उन्हें भी यह चिकित्सा पद्धति विज्ञान कम और एक चमत्कार ज्यादा लगा। महान जैव वैज्ञानिक जर्मन फ्रेडरिक डॉ सैमुएल हैनिमैन के द्वारा होमियोपैथी चिकित्सा का आविष्कार दो सौ तीस वर्ष (1796) पूर्व हुआ। जो प्रकृति के अकाट्य सिद्धांत, सिमिलिया सिमिलीबस क्योरेंटर अर्थात समान से समान का नाश (शमः शमम्‍ शमयति) पर आधारित एक मात्र चमत्कारी चिकित्सा विज्ञान है। होमियोपैथी औषधियों में भौतिक गुणों कि जगह एटमी शक्ति और चुम्बकीय गुण मौजूद होता है। चुम्बकीय सिद्धांत कि तरह रोगी के सम्पूर्ण रोग लक्षणों में उसके हीं समरुप गुणों वाले आण्विक शक्ति से युक्त दिव्यौषधि का प्रयोग किया जाता है और रोगी अपने सम्पूर्ण रोगों से मुक्त हो जाता है अर्थात समान से समान का नाश। यह विषष्य विषमौषधम (विष से विष का नाश) जैसे सिद्धांत को भी सिद्ध करता है। औषधीय पदार्थ का स्थुल मात्रा में स्वस्थ व्यक्ति को बार-बार देने से मानसिक एवं शारीरिक लक्षण जो भी प्रकट होता है उसमें उसी औषधीय पदार्थ के सूक्ष्म शक्तिकृत मात्रा जब उस व्यक्ति को दिया जाता है तो वह सभी लक्षण धिरे धिरे ठीक होने लगता है। अपनी विशिष्ट प्रकृति के अकाट्य वैज्ञान के कारण होमियोपैथी चिकित्सा, अठारहवीं शताब्दी के उत्तरार्ध से यात्रा करते हुए आज एक्कीसवीं शताब्दी के इस वैज्ञानिक युग में वर्तमान और भविष्य कि एक चिकित्सा विज्ञान साबित हो रहा है। विज्ञान स्वयं में एक चमत्कार है तो होमियोपैथी विज्ञान और चमत्कार दोनों है। आण्विक शक्ति, जैव शक्ति और क्वांटम सिद्धांत ने विज्ञान के लिए एक असीम ब्रह्माण्ड का द्वार खोल दिया है। वहीं अब होमियोपैथी चिकित्सा के विज्ञान को समझना भी आसान हो गया है। हर छोटी-बड़ी आसाध्य बीमारियों से लेकर बड़ी महामारियों में भी होमियोपैथी अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है। हालिया कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी में वायरस के बदलते स्वरूप में किसी भी बाहरी प्रतिरोधी दवाओं या चिकित्सा को सोचने पर मजबूर कर दिया, उल्टे साधारण सफेद और काले फंगस का प्रभाव मौतों में बदलनें लगा। एक प्रतिष्ठित पत्रिका "द लांसेट" कि हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि एण्टिवायोटिक प्रतिरोधी वैक्ट्रिया (सुपर बग इन्फेक्शन) से भारत सहित दुनिया के कई देशों में प्रतिवर्ष लाखों लोगों कि मृत्यु हो रही है जो सन्‍ 2050 तक इसके आंकड़े करोड़ों में हो जाएगी। इसका कारण भी अनियंत्रित एण्टिवायोटिक के प्रयोग का होना बताया जा रहा है। यहां तक कि प्रचलित चिकित्सा व्यवस्था के दशा और दिशा हिनता के कारण,इस वैज्ञानिक युग में भी चिकित्सकीय अंधविश्वास का बहुत बड़ा व्यापार फैला हुआ है। तथाकथित भूत-प्रेत,डायन-

जोगिन ,जादू-टोना,और टोटका जैसे भ्रामक बीमारियों का सफल इलाज देने में सक्षम नहीं है। यद्यपि तत्कालीन मृत्यु दरों में कमी लाने का श्रेय इसे अवश्य प्राप्त है लेकिन भविष्य सुरक्षित नहीं दिख रहा है।मानव जब कभी भी किसी संकट में आया है तो विज्ञान ने उसे आगे का मार्ग दिखाया है। होमियोपैथी चिकित्सा विज्ञान कि चमत्कारी शक्ति, इन सभी समस्याओं

**(लेखक सुप्रसिद्ध चिकित्सक हैं।)**

## संक्षिप्त खबरें

### 55 ग्राम ब्राउन शुगर और भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार मधुबनी के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी अभियान के तहत लदनियाँ थाना अन्तर्गत दो अलग-अलग जगह की गई छापेमारी में मधुबनी पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। 8 अप्रैल को लदनियाँ थाना की पुलिस एवं एस एस बी पिपराही की संयुक्त टीम द्वारा आसूचना संकलन के आधार पर पिलर संख्या 250 से 200 मीटर भारतीय क्षेत्र में पिपराही, कचनारी सड़क से 01 इलेक्ट्रिक स्कूटी के साथ 01 नेपाली युवक को गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान सिरहा, नेपाल के सुदीप कुमार सिंह के रूप में हुई है। विधिवत तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से 50 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसे वह तस्करी के उद्देश्य से ले जा रहा था।



### 05 ग्राम ब्राउन शुगर और 112 बोतल कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 9 अप्रैल को लदनियां थाना के ग्राम योगिया में लदनियाँ थाना की पुलिस टीम द्वारा की गई। जहाँ ब्राउन शुगर और नशीली दवाओं की खरीद-बिक्री की सूचना प्राप्त हुई थी। यहाँ पुलिस ने घेराबंदी कर 02 स्थानीय तस्करों को दबोच लिया, जिनकी पहचान ललन कुमार पासवान और महाकांत सिंह के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा विधिवत तालाशी के क्रम में अभियुक्तों के पास से 05 ग्राम ब्राउन शुगर और 112 बोतल कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा तस्करी की बात स्वीकार की गई है। तदोपरांत लदनियां थाना द्वारा ठउ्ढर एक्ट के तहत कांड दर्ज गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।



### उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय तीसी नरसाम दक्षिणी के सभागार में गुरुवार को विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापिका कमर सुल्ताना बेगम ने की. जबकि कार्यक्रम का संचालन समन्वयक जाहिद मरगुब ने किया. इस मौके पर 10 वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित किए गए. उपस्थित अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं मोडल,पुस्तक सहीत कई सम्मान देकर सम्मानित किया. जिसमें दसवीं कक्षा से हादिया मुस्ताक 458, शारिक हुसैन 445 अभिषेक कुमार 430, वहीं 12 वीं से नूर सामा परवीन 416, मुदसरा रोशन 355, मो नदीम 311 शामिल है. उपस्थित लोगों ने सभी को बधाई और शुभकामना देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे..मौके पर मुखिया अब्दुल कादिर, सरपंच मो शमशाद, शम्भू ठाकुर, शिक्षक मो शालिम, राहुल कुमार ,मनीष कुमार भारती मनोहर झा, सुनील कुमार, शादाब अंजुम, रिजवान, कपिल, मिथिलेश कुमार, दिलशाद, किरण कुमारी, अनुपम कुमारी, सुधा कुमारी, मालती देवी, गजाला,राजन,सनोज, संत,अभिनाश उपस्थित थे.



### विद्यालयों पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय बलहा के परिसर मे एडोलिसेंस फॉर गर्ल्स कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्फी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. सीएचसी के सात सदस्यों की टीम ने विद्यालय मैं अध्यनरत छात्राओं में एनीमिया की जांच की. तथा इसके बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई. वही सभी छात्राओं को मौके पर ही दवा भी उपलब्ध कराया गया. कुछ बच्चों में हीमोग्लोबिन का लेवल बहुत ही अच्छा था. लेकिन कुछ में हीमोग्लोबिन की कमी देखी गई. साथ ही पीएचसी प्रभारी अब्दुल बासित के द्वारा एनीमिया से बचाव को लेकर लिए सभी छात्राओं को अपनी दैनिक दिनचर्या में भोजन में क्या शामिल करना चाहिए इसकी जानकारी दी. गुड, चना, खजूर, चुकंदर ,पालक, फलों के जूस जैसे गन्ने का एवं हरी सब्जियों का प्रचुर मात्रा में सेवन करना चाहिए. कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है. इसलिए बच्चियों को सबसे पहले स्वस्थ रहना आवश्यक है. ताकि उनकी पढ़ाई में कोई बाधा उत्पन्न ना हो सके. तथा इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे.



### ज्ञान भारतम् मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति का किया गठन

मधुबनी(एनएसबी)। सचिव, कला एवं संस्कृति विभाग, संग्रहालय निदेशालय के द्वारा दिए गए निदेश एवं जिलाधिकारी, आनंद शर्मा से प्राप्त आदेश के आलोक में पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाईजेशन तथा इसमें समाहित भारतीय ज्ञान परम्परा को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने हेतु भारत सरकार के फ्लैगशीप पहल के रूप में "ज्ञान भारतम् मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।जिसमे उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक संग्रहाध्यक्ष, जिले के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। वही जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को सदस्य, सचिव के रूप में नामित किया गया है।जिला स्तरीय समिति के द्वारा जिले में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की पहचान, सूचीकरण एवं संरक्षण की व्यवस्था करना, पाण्डुलिपियों के डिजिटाईजेशन कार्य की रूपरेखा तैयार कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, संबंधित विभागों,संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित करना, समय समय पर प्रगति की समीक्षा एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, जन सहभागिता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत जिला स्तर पर "ज्ञान भारतम् मिशन के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित अन्य कार्यो का संचालन सुव्यवस्थित ढ़ंग से किया जायेगा।

### 540 बोतल शराब सहित दो शराब तस्कर गिरफ्ता

**खजौली/एनएसबी।** थाना पुलिस ने बुधवार की रात थाना क्षेत्र के दोस्तपुर गांव स्थित मुख्य सड़क पर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में एक क्यूड कार से 540 बोतल शराब सहित दो शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफल रहा हैं। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान थाना क्षेत्र के मनीयरवा गांव निवासी मनीयरवा गांव निवासी अजीत साह के पुत्र लालबाबू साह और उसी गांव के प्रेम लाल साह के पुत्र लक्ष्मण साह के रूप में हुआ। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर दोस्तपुर गांव स्थित मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।

# जयनगर में जाली नोट गिरोह का खुलासा, फरार आरोपी मोहम्मद ओबैस आलम गिरफ्तार

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना पुलिस ने जाली नोटों के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अहम सफलता हासिल की है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मोहम्मद ओबैस आलम को गिरफ्तार कर जाली करेंसी नेटवर्क के एक सक्रिय सदस्य को दबोच लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पंडौल थाना क्षेत्र के बिठुआर वार्ड संख्या 12 से की गई।गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद ओबैस आलम (40 वर्ष), पिता मोहम्मद याकुव, निवासी बिठुआर वार्ड संख्या 12, थाना पंडौल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, वह जाली नोटों के कारोबार में संलिप्त एक प्रमुख अप्राथमिकी दर्ज आरोपी था और बीते कई दिनों से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए जयनगर थाना पुलिस लगातार प्रयासरत थी।थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की शाम छापेमारी की। इस दौरान आरोपी को उसके ठिकाने से हिरासत में लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की गतिविधियों पर काफी समय से नजर रखी जा रही थी और उसके संभावित ठिकानों की लगातार निगरानी की जा रही थी। सही समय का इंतजार कर पुलिस ने सटीक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार अभियुक्त।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद ओबैस आलम जाली नोटों के एक संगठित नेटवर्क से जुड़ा हुआ था और विभिन्न क्षेत्रों में नकली नोटों के वितरण एवं लेन-देन में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि उसका संबंध जिले के बाहर संचालित गिरोहों से भी था, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह नेटवर्क व्यापक स्तर पर फैला हुआ है।इस मामले में पुलिस अब आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर अन्य संदिग्धों की पहचान में जुट गई है। जयनगर थाना सहित जिले के अन्य थानों में भी इस नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ मामले दर्ज होने की बात सामने आ रही है। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से जाली नोटों के कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाना लाकर आवश्यक पूछताछ की गई तथा कागजी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके पश्चात उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए मधुबनी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया है।इस कार्रवाई के दौरान एसआई सुरज कुमार, एसआई अमित कुमार समेत जयनगर थाना के अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। पुलिस की इस सफलता को क्षेत्र में सराहा जा रहा है और लोगों ने उम्मीद जताई है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, जिससे अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

## मिट्टी जांच प्रयोगशाला का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

**जयनगर(एनएसबी)।** जयनगर में अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का शुभारंभ, किसानों को मिलेगा सीधा लाभ। जयनगर कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुरुवार को जयनगर में अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन बिहार सरकार के कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने रिमोट कंट्रोल के माध्यम से किया।इस अवसर पर कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल (भारतीय प्रशासनिक सेवा) तथा कृषि निदेशालय सह निदेशक डिजिटल कृषि के पद पर कार्यरत सौरभ सुमन कुमार यादव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की भी भागीदारी रही।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मिट्टी जांच प्रयोगशाला के माध्यम से किसानों को उनकी जमीन की गुणवत्ता की सटीक जानकारी मिल सकेगी, जिससे वे उचित फसल का चयन कर सकेंगे और उर्वरकों का संतुलित उपयोग कर पाएंगे। इससे उत्पादन लागत में कमी आएगी और उपज में वृद्धि होगी।प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने अपने संबोधन में कहा कि वैज्ञानिक खेती आज की आवश्यकता है और मिट्टी की जांच उसके लिए पहला कदम है। उन्होंने बताया कि इस प्रयोगशाला के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को समय पर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपनी खेती की योजना बेहतर तरीके से बना सकेंगे।वहीं, सौरभ सुमन कुमार यादव ने डिजिटल कृषि की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई तकनीकों के माध्यम से किसानों को अधिक सटीक और तेज सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस तरह की प्रयोगशालाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़कर सेवाओं को और सुलभ बनाया जाएगा।इस प्रयोगशाला के शुरू होने से जयनगर अनुमंडल एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों को अपनी मिट्टी की जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही उन्हें यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होगी। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने किसानों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। स्थानीय किसानों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## भगवतीपुर स्थित ईदगाह के समीप एक युवक को गोली मारकर हुई हत्या

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी दिया है की बीती रात करीब 12ः बजे सूचना प्राप्त हुई कि पंडौल थाना क्षेत्र के ग्राम भगवतीपुर स्थित ईदगाह के समीप एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए सूचना प्राप्ति के मात्र 15 मिनट के भीतर पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-। तथा थानाध्यक्ष, पंडौल अपने सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे।पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ एवं स्थानीय ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात अपराधी द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। जॉच,सत्यापन के क्रम में मृतक की पहचान रमनजी यादव, पिता-राजू यादव, साकिन-लोहना, थाना-भैरवस्थान, जिला-मधुबनी के रूप में की गई है। जाँच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया है कि मृतक का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और वह कुछ माह पूर्व ही उत्पाद अधिनियम के मामले में जेल से बाहर आया था। इसके अतिरिक्त पुलिस को कुछ दिन पूर्व मृतक का अन्य व्यक्तियों के साथ विवाद होने की भी जानकारी मिली है। पुलिस द्वारा घटना के सभी आपेक्षित बिंदुओं पर गहनता से जाँच की जा रही हैं।वर्तमान में घटनास्थल पर फसीएल की टीम द्वारा घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। क्षेत्र में विधि.व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य है और पुलिस द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु सघन छापेमारी के साथ आगे की आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## लदनियां : एकहरी गांव में पति मुन्ना कामत ने किया जहर पीला कर पत्नी की हत्या

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना क्षेत्र के एकहरी गांव में पति ने पत्नी को जहर पीला कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है. पुनि सह थाना अध्यक्ष अनूप कुमार ने मृतिका की पिता श्री चंद कामत के आवेदन पर कांड संख्या- 134 दर्जकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी हत्यारा मुन्ना कामत को गिरफ्तार कर न्यायिक मधुबनी भेज दिया. इस हत्या कांड के अनुसंधानक एस आई पुलिस चौधरी ने पूछने बताया कि घटना 6 अप्रैल की है. 10 वर्ष पूर्व महथा गांव के श्री चंद कामत अपनी पुत्री मृतिका सविता देवी उर्फ टुन्नू की शादी एकहरि गांव के स्व. राम कृपाल कामत के पुत्र मुन्ना कामत के साथ की . मृतिका दो पुत्र एवं एक पुत्री यानी तीन बच्चे की मां थी. आवेदन के मुताबिक मृतिका को पति मुन्ना कामत अक्सर मारपीट कर घर से भगा देता था. . मृतिका अपनी पति की व्यवहार से तंग आ गयी थी । 6 अप्रैल को मृतिका की पति मुन्ना कामत ने अपनी पत्नी जहर पीला हत्या कर दिया.उन्होंने कहा कि आवेदक श्री चंद कामत को घटना की सूचना 6 अप्रैल को दिन के ग्यारह हुई।

## 19 अप्रैल को मनाया जाएगा परशुराम जयंती समारोह

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेवा संस्थान बिहार द्वारा लगातार अक्षय तृतीया भगवान परशुराम प्रकट उत्सव दरभंगा प्रमंडलीय स्तर पर मजबूती से मनाया जाता रहा है।राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक सह प्रदेश अध्यक्ष बिहार ने कहा कि इस बार हमलोगों ने दो माह पूर्व ही दरभंगा जिला के बिरौल अनुमंडल में 19 अप्रैल रविवार को विशाल शोभायात्रा मोटरसाइकिल रैली और भगवान परशुराम मूर्ति पूजन विसर्जन कार्यक्रम भव्यता से मनाने का निर्णय कर लिया गया था।संगठन संस्थान के पदाधिकारियों संगठनप्रेमियों को एकजुट होकर सामूहिक मजबूती प्रदान करने के लिए वहां चलने का आह्वान किया है।ईङ्क झा ने कहा कि विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार 20 अप्रैल सोमवार को भी अक्षय तृतीया पड़ता है तो दरभंगा मधुबनी और समस्तीपुर की सांगठनिक व्यवस्था संयुक्त रूप से 19 अप्रैल रविवार को पोखराम गांव में मनाया जाएगा।। कार्यक्रम सुबह से ही प्रारम्भ होगा जिसमें 8 बजे डुमरी चौक पर हजारों मोटरसाइकिल सवार ब्राह्मण एकत्र होकर बाबा कुशेश्वरस्थान पूजन त्रिपेक्षण कर सतीघाट में शर्बत पानी पीने के बाद पोखराम गांव पहुंचेंगे, वहां 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान परशुराम मूर्ति पूजन प्रसाद भोजन कराने के बाद मुख्य कार्यक्रम 2 बजे अपराह्न में प्रारंभ किया जाएगा और मूर्ति विसर्जन सायं काल 6 बजे कर कार्यक्रम की पूणार्हुति होगी।झंझारपुर जिला अध्यक्ष आनंद कुमार झा दरभंगा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार झा, प्रदेश महासचिव गणेश मिश्रा, बलराम कुंवर, बिरौल अनुमंडल संयोजक रतन कुमार मिश्रा अनुमंडल सदस्यता पदाधिकारी नीतीश झा धीरज अनुमंडल संगठन प्रभारी गोपाल झा सहित कई पदाधिकारी पोखराम भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए लगातार सक्रीयता बनाए हुए हैं।राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा मधुबनी जिला कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है, बहुत जल्द पुनः नए सिरे से संयोजक, सदस्यता प्रभारी सर्वेक्षण प्रभारी संगठन प्रभारी एवं सह संयोजक मनोनीत किया जाएगा जो जमीनी स्तर पर दरभंगा जिला जैसे ही पहले गांव अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष का विधिवत लोकतांत्रिक पारदर्शी तरीके से चुनाव कराएंगे।



बैठक करते संगठन के लोग।

## निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी शुल्क वसूली एवं अनियमितताओं पर होगी सख्तीः जिलाधिकारी आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा ने अपने एक आदेश में कहा है कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों में यह बात आई है कि जिले के कुछ निजी विद्यालयों में नामांकन के दौरान छात्रों एवं अभिभावकों से पुनः नामांकन, ड्रेस, पुस्तक, विकास शुल्क, वार्षिक शुल्क आदि के नाम पर अत्यधिक एवं अनियमित राशि वसूली की जा रही है। साथ ही विद्यालयों द्वारा यूनिफॉर्म, पुस्तक एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के लिए निर्धारित दुकानों से ही खरीद करने हेतु अभिभावकों को बाध्य किया जा रहा है।इस पर गंभीर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि यह प्रवृत्ति शिक्षा के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देती है, जो अत्यंत चिंताजनक एवं आपत्तिजनक है। इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिलाधिकारी ने जिले के सभी निजी विद्यालयों के संचालकों को निर्देशित किया है कि वे निम्नलिखित नियमों एवं अधिनियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें— शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 बिहार विद्यालय परिवहन संचालन विनियमन, 2020 बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2019 निदेर्शों के अनुसारःविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी प्रकार के शुल्क (प्रवेश, पुनः नामांकन, विकास, मासिक, वार्षिक आदि) की जानकारी विद्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी। पुस्तकों, ड्रेस एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री की सूची भी सार्वजनिक की जाएगी।अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से सामग्री खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा; वे अपनी सुविधा अनुसार कहीं से भी खरीद सकते हैं। विद्यालयों द्वारा हर वर्ष यूनिफॉर्म बदलने जैसी अनावश्यक प्रथाओं से बचा जाएगा।जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई विद्यालय इन निदेर्शों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस आदेश के अनुपालन की निगरानी अनुमंडल स्तर पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला स्तर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।



## मधुबनी में एमएसएमई के तहत टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना को लेकर केंद्रीय मंत्री से मिले विधायक माधव आनंद

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी के विधायक माधव आनंद ने दिल्ली प्रवास के दौरान सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी से शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर विधायक आनंद ने मधुबनी जिले में एम एस एम ई मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट मॉडल पर एक अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र स्थानीय उत्पादों को तकनीकी सहायता, प्रशिक्षण एवं विपणन सुविधा प्रदान कर क्षेत्र में उद्योगों को नई गति देगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। मंत्री श्री मांझी जी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए आश्वस्त किया कि इस दिशा में शीघ्र ही आवश्यक पहल की जाएगी तथा जल्द ही इसकी घोषणा भी की जाएगी।बैठक के दौरान एम एस एम ई मंत्रालय की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई, जिनके माध्यम से मधुबनी जिले में औद्योगिक विकास को और गति देने पर सहमति बनी।यह पहल मधुबनी के समग्र विकास, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



## संक्षिप्त खबरें

### बिहार मे संस्कृत शिक्षा के 50 नए मॉडल स्कूल बनेंगे, मध्यमा परीक्षा का रिजल्ट 14 अप्रैल को : मृत्युंजय झा

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** गुरुवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने कहा है कि 14 अप्रैल तक बिहार मध्यमा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। वहीं बिहार मे 50 संस्कृत शिक्षा के नए मॉडल स्कूल खोले जायेंगे जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। कार्यक्रम के दौरान श्री झा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि अभी बिहार मे 648 मध्यमा स्कूल है। अव इन विद्यालयों को



भारत सरकार सर्व शिक्षा अभियान के तहत जोड़ा जाएगा। वही अब विधालय मे 27 वर्षो बाद अपनी किताब नये सिलेबस भारतीय ज्ञान परंपरा एन ई पी 2020 से आधारित होगा। साथ ही विधालय में स्थानिय लोगों को जोडा जायेगा। साथ ही स्कूल की व्यवस्था और दुरूस्त करने के लिए शिक्षको का एटेंडेंस सुनिश्चित किया जायेगा। संस्कृत शिक्षा स्कूल मे शैक्षणिक वातावरण और रूझान के लिए लगातार कार्यक्रम किये जा रहे है। श्री झा ने कहा कि पिछ्ले वर्ष तक लगातार बिहार मे मध्यमा स्कूल के विधार्थी की संख्या कम हो रही थी, मगर इस वर्ष 11 हजार नयें विधार्थी शामिल हुए है। जिससे लगता है कि अब मध्यमा स्कूल के प्रति भी बच्चो का लगाव बढ रहा है। मौके पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, जिला महामंत्री मनोज तिवारी,पवन दूबे, साकेत शुभम, प्रिंसू मोदी, वार्ड पार्षद केपी पप्पू, चंद्र प्रकाश गुप्ता, अजय चंद्रवंशी, रमेश रत्नाकर, राकेश तिवारी,राजेश राम, रमण मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### गरीब बच्चों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिक जिम्मेदारी : विधायक

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मड़वन प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े गरीब बच्चों के बीच गुरुवार को पोशाक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने जीविका दीदियों द्वारा तैयार की गई पोशाक बच्चों के बीच वितरित किया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बर्तन सेट भी उपलब्ध कराया गया, ताकि बच्चों के पोषण और देखभाल में सुधार हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने कहा कि कांटी-मड़वन क्षेत्र में



पहले की व्यवस्था को बदलते हुए अब किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र से एक भी पैसा नहीं लिया जा रहा है, इसलिए उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र समाज के गरीब और जरूरतमंद बच्चों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। सभी सेविकाएं यह सुनिश्चित करें कि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने की अपील करते हुए कहा कि सेविकाएं हर बच्चे के प्रति मां जैसा स्नेह और ममता दिखाएं। इस अवसर पर प्रमुख रेणु देवी, बीडीओ विनय कुमार, सीओ मुकेश कुमार, सीडीपीओ अंशु बाला, थानाध्यक्ष रामकृष्ण परमहंस, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो शमीम, पूर्व प्रमुख मो मोहसिन, अजय चौधरी, मो जाबिर हुसैन, नागेंद्र गिरी सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी।

### प्रभारी बीईओ ने बकटपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय का किया निरीक्षण, गायब मिले एचएम औऱ मध्याहन भोजन में पकड़ी गई गड़बड़ी

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बकटपुर का गुरुवार को बीडीओ सह प्रभारी बीईओ आनंद कुमार विभूति ने औचक निरीक्षण किया। प्रभारी बीडीओ सह बीईओ आनंद कुमार विभूति ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में प्रभारी एचएम मनीष कुमार बीते 2 अप्रैल से आज तक बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति जांच की गई जिसमें 105



उपस्थित थे एवं मध्याहन भोजन की हाजिरी की रिपोर्ट में 211 बच्चों की उपस्थिति दर्ज था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान मध्याहन भोजन के एनजीओ द्वारा दो कंटेनर भोजन उपलब्ध कराई गई थी जिसमें मात्र 100 बच्चों को हीं भोजन मिलता। उन्होंने कहा कि यह घोर वित्तिय अनियमितता को दशार्ता है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि इस मामले में एचएम मनीष कुमार एवं प्रभारी एचएम मीना कुमारी समेत मध्याहन भोजन प्रभारी व मध्याहन भोजन के एनजीओ संचालक से स्पष्टीकरण मांगी जाएगी एवं वरीय अधिकारियों को भी इस मामले से पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे एचएम मनीष कुमार एवं प्रभारी एचएम मीना कुमारी का वेतन स्थगित करने की भी अनुशंसा करेंगे। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित पाए गए एचएम मनीष कुमार के अनुपस्थिति अवधि का वेतन भी काटने की अनुशंसा की जाएगी। वही बीडीओ सह प्रभारी बीईओ आनंद कुमार विभूति द्वारा निरीक्षण के दौरान मिली गड़बड़ी को लेकर की जाने वाली सख्त कार्रवाई  किए जाने से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

### संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पहुंचे मुजफ्फरपुर, बाबा गरीबनाथ मंदिर में पूजा अर्चना कर भाजपा नेता स्वर्गीय विष्णुकांत झा के परिजनों से की मुलाकात

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा गुरुवार को मुजफ्फरपुर पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा गरीबनाथ धाम मंदिर जाकर बाबा गरीबनाथ के महाश्रृंगार में शामिल होने के साथ ही बाबा गरीबनाथ की पूजा अर्चना की। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक के सानिध्य में उन्होंने बाबा का अभिषेक और पूजन संपन्न किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्कृत शिक्षा के महत्व और भारतीय परंपराओं के संरक्षण पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती जा रही सनातन सभ्यता संस्कृति की मूल भाषा संस्कृत भाषा के विकास के लिए तथा बच्चों में संस्कृत पढ़ने लिखने की रूचि उतपन्न करने के लिए नई कार्ययोजना तैयार कर इसे धरातल पर उतारा जाएगा। साथ हीं उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा को विलुप्त होने से बचाने के लिए सभी जरूरी काम किए जाएंगे, ताकि बच्चों में



संस्कृत भाषा के प्रति आकर्षण पैदा हो। इसके पश्चात मृत्युंजय झा दिवंगत हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित विष्णुकांत झा के पुरानी बाजार ब्राम्हणटोली स्थित आवास पर पहुंचे तथा स्वर्गीय विष्णुकांत झा के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। साथ ही दिवंगत श्री झा को श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रमों में मृत्युंजय झा के साथ भाजपा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रभात मालाकार, मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक, मनोज तिवारी, के पी पप्पू, साकेत ठाकुर, पवन दुबे, रमण मिश्रा, राकेश मिश्रा, रंजन ओझा सहित जिला भाजपा के पदाधिकारियों, स्थानीय कार्यकताओं व बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ज्ञान भारतम मिशन ने पकड़ी रफ्तार: मुजफ्फरपुर में पांडुलिपियों के संरक्षण व डिजिटलीकरण के लिए अब हर प्रखंड में नोडल पदाधिकारी

## हजारों साल की विरासत को बचाने की मुहिम के तहत पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण पर प्रशासन सख्त

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित और सुलभ बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित 'ज्ञान भारतम् मिशन' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन की अध्यक्षता में ल महत्वपूर्ण बैठक की गई। सरकार के निर्देशों के आलोक में आयोजित इस बैठक में पांडुलिपियों के संरक्षण, सूचीकरण और डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि यह मिशन केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी ज्ञान विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित रखने का एक राष्ट्रीय अभियान है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों और सांस्कृतिक संगठनों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य देशभर में बिखरी हुई प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण करना है। इस मिशन के तहत कागज, ताड़पत्र, भोजपत्र, कपड़े या अन्य माध्यमों पर लिखी गई ऐतिहासिक पांडुलिपियों को चिह्नित कर वैज्ञानिक तरीके से सुरक्षित रखा जाएगा।



ज्ञान भारतम मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक करते डीएम।

इन पांडुलिपियों में वेद, पुराण, आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित, दर्शन, साहित्य और अन्य विषयों से संबंधित अमूल्य ज्ञान समाहित है। मिशन का उद्देश्य इस ज्ञान को न केवल संरक्षित करना, बल्कि डिजिटल माध्यम से शोधकताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना भी है। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा विश्व में अद्वितीय रही है। हजारों वर्षों से संचित यह ज्ञान आज भी मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रासंगिक है। लेकिन समय के साथ इन पांडुलिपियों का क्षरण हो रहा है, जिससे यह अमूल्य धरोहर नष्ट होने के कगार पर है। उन्होंने कहा कि इस मिशन के माध्यम से प्राचीन ज्ञान को संरक्षित किया जा सकेगा, शोध और शिक्षा को नई दिशा मिलेगी, भारतीय संस्कृति और इतिहास को वैश्विक मंच पर पहचान मिलेगा तथा युवाओं को अपनी विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। बैठक में जिलाधिकारी ने इस कार्य के लिए जिलास्तर पर टीम का गठन करते हुए टीम को पांडुलिपियों के सर्वेक्षण और संरक्षण के लिए मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया। इस टीम में शिक्षा विभाग, कला एवं संस्कृति विभाग, पुस्तकालयाध्यक्ष, इतिहासकार, संस्कृत शिक्षक, संग्रहालय प्रतिनिधि, एनएसएस स्वयंसेवक और अन्य संबंधित कर्मियों को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, मंदिरों, मठों, पुस्तकालयों, निजी संग्रहकताओं और शैक्षणिक संस्थानों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान के लिए व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाया जाए। उन्होंने प्रत्येक संस्था या व्यक्ति से संपर्क कर पांडुलिपियों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। जिसमें पांडुलिपि का नाम, विषय, भाषा, संरक्षक का नाम, मोबाइल नंबर और अनुमानित संख्या का स्पष्ट उल्लेख हो। साथ ही सर्वेक्षण के बाद प्राप्त पांडुलिपियों का वैज्ञानिक तरीके से सूचीकरण करने तथा प्रत्येक पांडुलिपि की फोटो, विवरण और स्थिति का रिकॉर्ड तैयार करने का निर्देश दिया, ताकि आगे के संरक्षण कार्य में सुविधा हो। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करें और किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# कांटी प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का बिना निविदा व प्राक्कलन के हीं चल रहा था मरम्मती कार्य

## मामले से बेखबर विधायक ने शिकायत के बाद स्थल निरीक्षण कर जिम्मेदारों को लगाई फटकार

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस में बिना निविदा और प्राक्कलन के हीं मरम्मती कार्य कराए जाने की शिकायत मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर कार्य स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने काम कर रहे श्रमिकों से मरम्मती कार्य के संबंध में पूछताछ की। लेकिन मजदूरों से कार्य से संबंधित कोई ठोस जानकारी नहीं मिलने की स्थिति में विधायक अजीत कुमार ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता रवि चंद्रा से दूरभाष पर बात कर निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कांटी प्रखंड मुख्यालय परिसर में निर्माण कार्य हो रहा था, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई, जो काफी गंभीर बात है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब कांटी में पुरानी परंपराएं नहीं चलेंगी। जो भी निर्माण कार्य होगा वह पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ किया जाएगा तथा हर कार्य की जानकारी उन्हें दी जानी चाहिए। उन्होंने विभगीय कार्यपालक अभियंता से उन्हें इस मामले से अनभिज्ञ रखने को लेकर नाराजगी जताई। साथ हीं कहा कि मरम्मती कार्य की जांच होगी। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



कांटी प्रखंड मुख्यालय स्थित वेयरहाउस मरम्मती कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि विभागीय कार्य नहीं होंगे, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से सरकार के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने मौके पर मौजूद बीडीओ आनंद कुमार विभूति को भी उन्होंने कई आवश्यक निर्देश दिए और कहा कि कांटी प्रखंड क्षेत्र में कहीं भी कोई निर्माण कार्य शुरू हो तो इसकी जानकारी तत्काल उन्हें दी जाए। इस मौके पर बीडीओ आनंद कुमार विभूति, ईओ अजय कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विनोद गुप्ता, जदयू नगर परिषद अध्यक्ष सह पार्षद चंदन पांडे, नगर पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम, नगर परिषद के प्रधान सहायक पंकज कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता प्रिंस ठाकुर, महेश चौधरी, संजय साह, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

## कांटी में संगठित मवेशी तस्करी गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले के कांटी थाना क्षेत्र में पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित पशु तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। नया फोरलेन पर चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम ने तस्करों के कब्जे से कुल 34 मवेशियों को सुरक्षित मुक्त कराया। कांटी थानाध्यक्ष रविकांत पाठक के नेतृत्व में की गई इस अभियान के दौरान पुलिस ने मौके से कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध धंधे से जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। पुलिस की शुरूआती जांच में मवेशी तस्करी के इस रैकेट से जुड़े कई बड़े माफियाओं के नाम सामने आने की बात कही जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ के आधार पर जल्द ही और छापेमारी की जा सकती है। कांटी और आसपास के इलाकों में पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। अधिकारियों का कहना है कि मवेशी तस्करी में शामिल पूरे गिरोह की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कई और अहम खुलासे सामने आ सकते हैं।

## निजी अस्पतालों को पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि और आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाने के मामले को लेकर सिविल सर्जन ने की बैठक

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** जिला स्वास्थ्य समिति के सभागार में गुरुवार को स्वास्थ्य सूचकांकों में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के सभी प्रमुख निजी अस्पतालों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने की, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और उनके ऑनलाइन रिकॉर्ड के संधारण पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु निजी अस्पतालों द्वारा दी जा रही सेवाओं का ससमय डेटा पोर्टल पर अपलोड करना रहा। सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने डेटा पारदर्शिता पर जोर देते हुए सभी निजी अस्पतालों को कड़ा निर्देश दिया कि वे प्रसव पूर्व जांच और संस्थागत प्रसव की मासिक रिपोर्ट हर महीने की एक से पांच तारीख के बीच अनिवार्य रूप से एच एम आई एस पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अस्पतालों द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं की ऑनलाइन एंट्री समय पर होनी चाहिए। जिन विशेष सूचकांकों की ऑनलाइन विवरणी उपलब्ध नहीं है, उनके आंकड़ों को हार्ड कॉपी के रूप में विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बैठक में आयुष्मान भारत (पीएमजेवाई) योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। सिविल सर्जन ने निजी अस्पतालों को निर्देशित किया कि वे सत्तर साल से अधिक आयु के सभी बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया को



निजी अस्पताल संचालकों व स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार।।

जल्द से जल्द पूरा करें और ऐसे लाभार्थियों की एक सूची अपने पास सुरक्षित रखें। इसके अतिरिक्त, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेहान अशरफ ने अस्पतालों को हाइड्रोसील ऑपरेशन यानी हाइड्रोसेलेक्टॉमी की विवरणी प्रत्येक महीने डीभीबीडीसीओ कार्यालय को उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए ताकि जिला स्तर पर स्वास्थ्य डेटा को सटीक रखा जा सके। इस समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें सीडीओ डॉ सी के दास, डीपीएम रेहान अशरफ, डीपीसी विमला कुमारी और डीएम एंड ईओ अमित कुमार वर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे। साथ ही बैठक में डॉ सतीश कुमार सिंह, उदय कुमार, पिरामल स्वास्थ्य की ओर से ऋतु सिंह, इफ्तिखार अहमद खान एवं राजीव कुमार सिंह ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## मड़वन कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की हुई स्पेशल जांच, फ्री मिले महंगे इंजेक्शन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के मड़वन प्रखंड स्थित कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में गुरुवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत एक स्पेशल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप के भ्रमण के दौरान डीपीएम रेहान अशरफ ने बताया कि इस कैंप में प्रखंड के अलग-अलग गांवों से आई बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं की हेल्थ चेकअप की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्यु दर में कमी लाना और सुरक्षित डिलीवरी सुनिश्चित करना है। अस्पताल परिसर में सुबह से ही महिलाओं का रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया था, जहाँ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं की विभिन्न लैब टेस्ट करने के बाद उन्हें जरूरी मेडिसिन और हेल्थ टिप्स दिए। शिविर के बारे में जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिषेक जायसवाल ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार हर महीने की 9, 15 और 21 तारीख को यह स्पेशल अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य फोकस एनीमिया यानी खून की कमी को दूर करना और हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय रहते पहचान करना है। चेकअप के दौरान जिन महिलाओं में हीमोग्लोबिन की गंभीर कमी पाई गई, उन्हें आयरन सुक्रोज और फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज जैसे महंगे इंजेक्शन पूरी तरह फ्री लगाए गए। डॉक्टर जायसवाल ने बताया कि मार्केट में एक फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज इंजेक्शन की कीमत लगभग 3 से 5 हजार रुपये तक होती है, लेकिन यहाँ यह सुविधा सरकार की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई गई। महिलाओं को घर से शिविर तक लाने और जांच के बाद वापस घर पहुंचाने के लिए चार एम्बुलेंस की सुविधा दी गई थी। इस शिविर में बडी संख्या में महिलाएं लाभान्वित हुई। साथ ही महिलाओं की काउंसलिंग भी की गई। ताकि वे अपनी डाइट और प्रेगनेंसी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति जागरूक रह सकें।



शिविर में महिला की एनीमिया जांच करते डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल हुआ हाईटेक घर बैठे ऐप से होगा मरीज का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

### पुर्जा कटाने के लिए घंटो लाइन में लगने से मिलेगी मुक्ति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल की व्यवस्था अब पूरी तरह डिजिटल और हाईटेक हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की सुविधा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था को सुदृढ़ किया है, जिससे अब मरीजों को घंटों लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सदर अस्पताल परिसर में विभिन्न स्थानों पर विशेष दफकोड स्कैनर लगाए गए हैं। मरीज या उनके परिजन अपने मोबाइल से इन कोड्स को स्कैन कर 'आभा' ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए घर बैठे ही ओपीडी के लिए ऑनलाइन नंबर बुक किया जा सकता है। ऐप में मरीज को अपनी बुनियादी जानकारी भरनी होती है, जिसके बाद एक डिजिटल टोकन जेनरेट हो जाता है। इसके बाद मरीज सीधे तय समय पर डॉक्टर के पास जाकर परामर्श ले सकते हैं। मुजफ्फरपुर सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ ज्ञानेंदु शेखर ने बताया कि अस्पताल को पूरी तरह पेपरलेस और डिजिटल बनाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा पहले से ही चालू है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण लोग इसका पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। हमारा उद्देश्य अस्पताल में भीड़ को कम करना और मरीजों के कीमती समय को बचाना है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग पर्ची कटाने के लिए घंटों कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार करते हैं, लेकिन क्यूआर कोड या आभा एप्प का इस्तेमाल नहीं करते। उन्होंने कहा कि अब लोगों को क्यूआर कोड व आभा एप्प के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। डॉ. शेखर ने आम जनता से अपील की है कि वे डिजिटल तकनीक का उपयोग कर भीड़ में घंटो समय बर्बाद करने से बचें और अस्पताल आने से पहले या परिसर में लगे स्कैनर का उपयोग कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराएं। इससे न केवल मरीजों को मानसिक शांति मिलेगी, बल्कि अस्पताल प्रबंधन को भी बेहतर व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी। उधर, कई समाजसेवी संगठनों ने अस्पताल प्रशासन से कुछ दिनों तक इस डिजिटल सिस्टम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की सहायता करने तथा उन्हें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से विभगीय कर्मचारी को जिम्मेदारी सौपने की मांग की है, ताकि अशिक्षित व गरीब परिवार के मरीजों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने में परेशानी न हो।



अस्पताल में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लगाया गया क्यूआर स्कैनर बोर्ड।

'ज्ञान भारतम मिशन' के तहत पांडुलिपियों-जैसे कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र और कपड़े पर लिखित सामग्री के डिजिटलीकरण को लेकर की गई बैठक

# कम-से-कम 75 वर्ष पुरानी पांडुलिपियों की पहचान कर संरक्षण किया जाएगा

**ज्ञान भारतम मिशन देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ उसे आधुनिक तकनीक से जोड़कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने की एक दूरदर्शी पहल है : जिलाधिकारी**

**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सीतामढ़ी जिले में ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व की पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण की दिशा में कार्य को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस मिशन के तहत सीतामढ़ी जिले में सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, पुस्तकालयों तथा व्यक्तियों के पास उपलब्ध कम-से-कम 75 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पांडुलिपियों-जैसे कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र और कपड़े पर लिखित सामग्री-की पहचान, सर्वेक्षण, कैटालॉगिंग और संरक्षण किया जाएगा।

इन पांडुलिपियों को डिजिटाइज कर ज्ञान भारतम पोर्टल के माध्यम से आम लोगों, खासकर वर्तमान पीढ़ी के लिए सुलभ बनाया जाएगा, ताकि इस धरोहर को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके।

जिला स्तर पर इस कार्य के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उप विकास आयुक्त, सीतामढ़ी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है। कमेटी में सदर, पुपरी एवं बेलसंड के एसडीओ, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला सामान्य प्रशाखा एवं अभिलेखागार के प्रभारी पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनईपी निदेशक तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्रखंड स्तर पर भी कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया है। इस मिशन के लिए उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है।

इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ज्ञान भारतम मिशन के तहत राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वे की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

यह पहल भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजना है, जिसका उद्देश्य देश की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संरक्षित करते हुए उसे डिजिटल माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है, वर्तमान पीढ़ी को उपलब्ध कराने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखना इसका उद्देश्य है।

इस संबंध में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने बताया कि इस योजना का महत्व केवल पांडुलिपियों के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसके माध्यम से लुप्त होती प्राचीन हस्तलिखित धरोहरों को सुरक्षित कर उन्हें डिजिटल रूप में व्यापक पहुंच प्रदान की जा रही है। यह शोधार्थियों, विद्यार्थियों और इतिहासकारों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी, जिससे वे प्राचीन ज्ञान, संस्कृति और परंपराओं का अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि ज्ञान भारतम मिशन देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ उसे आधुनिक तकनीक से जोड़कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने की एक दूरदर्शी पहल है।



मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े जिलाधिकारी व अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### घर-घर जाएंगे शिक्षा सेवक, स्कूल में अनामांकित बच्चों की करेंगे खोज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत चल रहे नामांकन अभियान को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्ती और बढ़ा दी है। अब शिक्षा सेवक घर-घर जाकर ऐसे बच्चों की पहचान करेंगे, जिनका अब तक स्कूल में नामांकन नहीं हुआ है। साथ ही, प्रत्येक क्षेत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करेंगे। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, साक्षरता आयुष कुमार ने सभी शिक्षा सेवकों को निर्देश दिया है कि वे अपने पोषक क्षेत्र में व्यापक सर्वेक्षण करें और 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के एक-एक बच्चे को चिन्हित कर नजदीकी विद्यालय में नामांकन कराएं। खासकर उन बच्चों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, जिन्होंने 6 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या अगले छह माह में पूरी करने वाले हैं।

विभाग ने साफ कहा है कि अब केवल कागजी रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जाएगी। शिक्षा सेवकों को अपने क्षेत्र में यह प्रमाणित करना होगा कि कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित नहीं है। इसके लिए उन्हें प्रमाणपत्र देना अनिवार्य होगा। यदि बाद में किसी क्षेत्र में अनामांकित बच्चा पाया जाता है, तो संबंधित शिक्षा सेवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नामांकन अभियान की निगरानी के लिए दैनिक रिपोर्टिंग व्यवस्था लागू की गई है। शिक्षा सेवकों को हर दिन कराए गए नामांकन की संख्या अपने प्रखंड के केआरपी को देनी होगी और दोपहर 3 बजे तक गूगल शीट पर अपडेट करना होगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना विभाग की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सोनबरसा प्रखंड में हुआ बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन का गठन

**मनोज कुमार प्रभारी एवं सह प्रभारी अशोक कुमार चयनित**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन, सीतामढ़ी ने गुरुवार को सोनबरसा प्रखंड में एसोसिएशन का गठन किया। जिसका नामाकरण हुआ बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन, सीतामढ़ी के सोनबरसा प्रखंड के प्रभारी मनोज कुमार एवं सोनबरसा प्रखंड के सह प्रभारी अशोक कुमार सर्वसम्मति से चयनित हुए। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन सीतामढ़ी के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि जल्दी ही सीतामढ़ी के सभी प्रखंडों के गठन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। सचिव अमरनाथ कुमार ने बताया कि सोनबरसा प्रखंड में एसोसिएशन के गठन में मनोज कुमार एवं अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन राज्य संगठन से ओमप्रकाश, गणेश कुमार, दुर्गेश कुमार ने बीपीए सीतामढ़ी एवं सोनबरसा प्रखंड के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दिए। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन सीतामढ़ी से अध्यक्ष संजय कुमार, सचिव अमरनाथ कुमार, उपसचिव रत्नेश कुमार, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, कोर कमिटी सदस्य मनोज कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर, वीडियोग्राफर उपस्थित रहें।



प्रखंड कमिटी के गठन के मौके पर जिला एवं प्रखंड एसोसिएशन के पदाधिकारी।

# रेलवे का बड़ा फैसला : रक्सौल-तिरुपति स्पेशल अब जनकपुर रोड में भी रुकेगी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रक्सौल से तिरुपति के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 07051/52 (रक्सौल-तिरुपति स्पेशल) का अब बिहार के जनकपुर रोड स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कर दिया गया है।

इस नए स्टॉपेज की मंजूरी मिलने से मिथिलांचल और सीमावर्ती क्षेत्रों के उन श्रद्धालुओं और यात्रियों को बड़ी राहत मिली है, जो दक्षिण भारत की तीर्थ यात्रा पर जाना चाहते हैं। अब यात्री अपने नजदीकी स्टेशन जनकपुर रोड से ही सीधे तिरुपति के लिए ट्रेन पकड़ सकेंगे, जिससे उनका समय और संसाधन दोनों की बचत होगी।

### डॉ. अमित कुमार के प्रयासों को मिली सफलता

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे स्थानीय सक्रियता और प्रशासनिक पत्राचार की बड़ी भूमिका रही है। डॉ. अमित कुमार ने पूर्व मध्य रेलवे (ECR) के PCOM (प्रिंसिपल चीफ ऑपरेशंस मैनेजर) को पत्र लिखकर जनकपुर रोड स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग की थी। उनके द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में ट्रेन संख्या 05735/36, 14627/8 और 07051/52 का उल्लेख किया गया था। रेलवे प्रशासन ने इन मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए पहले 05735/36 को और अब रक्सौल-तिरुपति स्पेशल को मंजूरी दे दी है। यह सफल प्रयास क्षेत्र के विकास और रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### ट्रेन की समय सारणी और संचालन का विवरण

यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन का शेड्यूल भी स्पष्ट कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 07051 (रक्सौल से तिरुपति) प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी। वहीं, वापसी में ट्रेन संख्या 07052 (तिरुपति से रक्सौल) हर सोमवार को अपनी यात्रा शुरू करेगी। जनकपुर रोड पर ठहराव मिलने से अब यह ट्रेन रक्सौल, सीतामढ़ी और दरभंगा के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम करेगी। रेलवे ने यह स्पष्ट किया है कि जनकपुर रोड पर रुकने से न केवल यात्रियों को सहूलियत होगी, बल्कि रेलवे के राजस्व में भी वृद्धि होने की संभावना है।



सांकेतिक ग्राफिक्स।

### बुकिंग प्रक्रिया शुरूः तीर्थयात्रियों के लिए सुनहरा अवसर

तिरुपति बालाजी के दर्शन के इच्छुक श्रद्धालुओं के लिए सबसे अच्छी खबर यह है कि इस ट्रेन की बुकिंग आज से ही प्रारंभ हो गई है। जो लोग तिरुपति जाना चाहते हैं, वे रेलवे काउंटर या आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना रिजर्वेशन (आरक्षण) करा सकते हैं। वक्ता ने संदेश के अंत में सभी यात्रियों से अपील की है कि वे इस नई सुविधा का लाभ उठाएं और अपनी यात्रा को सुखद बनाएं। इस नए स्टॉपेज के कारण स्थानीय निवासियों ने रेल प्रशासन और डॉ. अमित कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## स्थानांतरित शिक्षकों के सम्मान में समारोह



समारोह में सम्मानित स्थानांतरित शिक्षक।

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थानांतरित शिक्षकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा शिक्षक राय गिरीश चंद्र सिन्हा, मो. सनाउल्लाह खान, ललितेश कुमार, श्रीकांत चौधरी, महेश दास, राहुल राजा, गंभीरा प्रसाद को माला, पाग पहनाकर व अंग वस्त्र से सम्मानित करते हुए विदाई दी गई।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण के साथ हुई। प्रधानाध्यापक श्याम बाबू पाल की अध्यक्षता में आहूत समारोह के मौके पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि दामोदर गाडिया, मनोज कुमार प्रेरणा ने अपने-अपने संबोधन के माध्यम से स्थानांतरित शिक्षकों के कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक एवं मानसिक विकास हुआ है, उनके कार्यकाल को याद किया जाएगा।मौके पर स्वागतकर्ता आलोक रंजन राजीव कुमार एवं शिक्षक आनंद कुमार, ललन पासवान, दीनानाथ कुमार, नरेंद्र कुमार आर्य, पुरुषोत्तम कुमार, निलेश कुमार मिश्रा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित थे। संबोधन में स्थानांतरित शिक्षकों ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां का कार्यकाल उनके जीवन का अमूल्य हिस्सा रहेगा। अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## सप्तक्रान्ति सुपरफास्ट एक्सप्रेस को मुजफ्फरपुर से भाया सीतामढ़ी-दरभंगा तक विस्तार की आस जगी

**पूर्व मध्य रेल द्वारा तकनीकी परीक्षण का निर्देश जारी**

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सप्तक्रान्ति सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के दरभंगा तक विस्तार हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा तकनीकी परीक्षण का निर्देश जारी होने पर सीतामढ़ी और जनकपुर रोड के नागरिकों में काफी प्रसन्नता है। केन्द्रीय रेलवे रेलयात्री संघ एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स, सीतामढ़ी के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सुन्दरका ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सप्तक्रान्ति सुपर फास्ट एक्सप्रेस सीतामढ़ी आएगी, मुजफ्फरपुर से भाया रुन्नी सैदपुर- सीतामढ़ी - जनकपुर रोड होते दरभंगा तक विस्तार की माँग बहुत समय से की जा रही थी।

मालूम हो कि सीतामढ़ी रूट में दिल्ली के लिए एक भी सुपर फास्ट ट्रेन नहीं है और यात्रियों के मुकाबले ट्रेनों की संख्या बहुत कम है। सीतामढ़ी सांसद देवेशचन्द्र ठाकुर रेलमन्त्री एवं विभागीय पदाधिकारयों को पत्र लिखकर माँग करते रहे हैं। जिलाध्यक्ष श्री सुन्दरका ने सीतामढ़ी सांसद को धन्यवाद करते हुए कहा कि दिल्ली के लिए सीतामढ़ी और आस पास के यात्रियों के लिए यह एक बेहतर ट्रेन होगी और आरक्षण नहीं मिल पाने से परेशान यात्रियों को राहत मिलेगी। जिलाध्यक्ष श्री सुन्दरका ने बताया कि पूर्व मध्य रेल के सीपीटीएम के स्तर से 7 अप्रैल 2026 की तिथि में सप्तक्रान्ति सुपर फास्ट एक्सप्रेस के विस्तार की बाबत पत्र जारी किया गया है। समस्तीपुर रेल मण्डल के सीनियर डीओएम को सम्बोधित इस पत्र में 12557 / 12558 सप्तक्रान्ति सुपर फास्ट एक्सप्रेस का दरभंगा तक विस्तार किए जाने की योजना के बाबत तकनीकी परीक्षण का निर्देश दिया गया है।

तकनीकी परीक्षण का निर्देश जारी होने पर सीतामढ़ी से डीआरयूसीसी सदस्य आलोक कुमार, नगर परिषद जनकपुर रोड के सभापति ब्रजेश कुमार जालान, पुपरी के सामाजिक कार्यकर्त्ता रमेश जालान, रेड क्रॉस, सीतामढ़ी के चेयरमैन डॉ महावीर ठाकुर, व्यवसायिक संघ कोट बाजार के सचिव रितेश सिकारिया उर्फ गणेश, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सीतामढ़ी के अध्यक्ष जनार्दन भरतिया, सीनियर रेल यात्री रामप्रवेश प्रसाद, पंकज गोयनका, अशोक सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही सप्तक्रान्ति सुपर फास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का मुजफ्फपुर से रुन्नी सैदपुर- सीतामढ़ी - जनकपुर रोड होते दरभंगा तक परिचालन होगा।



सांकेतिक ग्राफिक्स।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किया निलंबित, विभागीय कार्रवाई भी शुरू की गयी

# थुम्मा स्कूल में मिड-डे मील गड़बड़ी में प्रधानाध्यापक पर गिरी गाज

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** रुन्नीसैदपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय थुम्मा में मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितताओं का मामला उजागर होने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार को निलंबित कर दिया गया है और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, 14 फरवरी 2026 को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान कई गड़बड़ियां सामने आईं। इसके आधार पर 17 फरवरी को प्रधानाध्यापक से साक्ष्य के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया। 20 फरवरी को उनका जवाब प्राप्त हुआ, लेकिन विभाग उससे संतुष्ट नहीं हुआ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए 18 फरवरी को प्रखंड साधन सेवी, मध्याह्न भोजन योजना द्वारा पुनः निरीक्षण कराया गया। इस जांच में मिड-डे मील के संचालन में व्यापक अनियमितताएं पाई गईं। विभाग ने 24 फरवरी और 18 मार्च को फिर से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन संबंधित प्रधानाध्यापक द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

जांच प्रतिवेदन में यह सामने आया कि विभाग द्वारा खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराए जाने के बावजूद विद्यालय के अभिलेखों में खाद्यान्न की प्रविष्टि की गई थी। इसे अभिलेखों में हेराफेरी और सरकारी राशि के गबन के प्रयास के रूप में देखा गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आदेश के अनुसार, मनोज कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रुन्नीसैदपुर कार्यालय निर्धारित किया गया है और उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

विभाग ने यह भी निर्देश दिया है कि विद्यालय का प्रभार वरीय शिक्षक को सौंपकर शैक्षणिक कार्य बाधित न होने दिया जाए। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई को योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

## पोखर टोल स्कूल विवाद में दो शिक्षिकाओं को राहत, एक का तबादला, दूसरी को चेतावनी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** डुमरा प्रखंड के प्रा०वि० पोखर टोल, बरियारपुर में हुए विवाद से जुड़े मामले में जिला शिक्षा विभाग ने दो शिक्षिकाओं को राहत दी है। विभागीय जांच के बाद जहां प्रधान शिक्षक आहाना गुप्ता का निलंबन समाप्त कर उन्हें चेतावनी के साथ बहाल कर दिया गया, वहीं विशिष्ट शिक्षिका पुनिता कुमारी को निन्दन दंड देते हुए दूसरे विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, 13 दिसंबर 2025 को विद्यालय में हुए विवाद के बाद दोनों शिक्षिकाओं के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई थी। जांच के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान को जांच पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, डुमरा को उपस्थापन पदाधिकारी बनाया गया था। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद विभाग ने पूरे मामले की समीक्षा की। इसमें पाया गया कि प्रधान शिक्षक आहाना गुप्ता के मामले में कड़ी चेतावनी देकर उन्हें सेवा में बहाल करना उचित है। वहीं, पुनिता कुमारी के मामले में विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित होने की बात सामने आई, जिसके चलते उनका स्थानांतरण जरूरी माना गया।

आदेश के तहत पुनिता कुमारी को प्रा०वि० पेठिया रोड, डुमरा में पदस्थापित किया गया है और उन्हें तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही दोनों शिक्षिकाओं को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं करने की सख्त हिदायत दी गई है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आदेश के अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। विभाग का कहना है कि विद्यालयों में अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मॉडल स्कूल में मिली भारी गड़बड़ी बीईओ से तीन दिन में जवाब तलब

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सात निश्चय 3.0 योजना के तहत चयनित मॉडल विद्यालयों की स्थिति को लेकर शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। इसी क्रम में सोनबरसा प्रखंड के नंदीपत जीतू उच्च विद्यालय में निरीक्षण के दौरान गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सोनबरसा से तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

जानकारी के अनुसार, 4 अप्रैल 2026 को निदेशक, प्राथमिक शिक्षा के निर्देश पर उक्त विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जो तस्वीर सामने आई, उसने विभाग को चौंका दिया। स्कूल में निरीक्षण के समय एक भी छात्र उपस्थित नहीं था और सत्र 2026-27 में अब तक एक दिन भी कक्षाओं का संचालन नहीं किया गया था।

इतना ही नहीं, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब पाई गई। वर्गकक्ष कचरे से भरे थे, जबकि शौचालय और मूत्रालय की हालत अत्यंत दयनीय थी। आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और विज्ञान प्रयोगशालाएं बंद पाई गईं। प्रयोगशाला कक्षों में ताला लगा था और लंबे समय से उनके उपयोग नहीं होने के संकेत मिले। पुस्तकालय की स्थिति भी बेहतर नहीं पाई गई। उपलब्ध पुस्तकों का उपयोग नहीं किया जा रहा था, जिससे छात्रों को शैक्षणिक संसाधनों का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

जांच में यह भी सामने आया कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के आंकड़ों को तीन बार अपने लॉगिन से स्वीकृत किया गया, जबकि निरीक्षण की स्थिति कुछ और ही दर्शा रही थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि विद्यालय का वास्तविक निरीक्षण नहीं किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने इसे विभागीय निर्देशों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को तीन दिनों के भीतर बिंदुवार स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से जिले के अन्य विद्यालयों में भी हड़कंप मच गया है।

# सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया राजा बाजार स्थित बाल निकेतन विद्यालय का औचक निरीक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर जिले में सभी अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा अनुमंडल अंतर्गत स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मोतिहारी निशांत सिहारा के द्वारा मोतिहारी के राजा बाजार स्थित बाल निकेतन विद्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई।

विद्यालय में पठान-पाटन की स्थिति सहित अन्य संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमो की स्थिति का जानकारी ली गई।

इसके साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 में विद्यालयों को विभिन्न मद में उपलब्ध कराई गई राशि के व्यय की जानकारी ली गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्रों से मिलकर चल रही पढ़ाई की जानकारी ली एवं खुद भी बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी देते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय के प्रधान शिक्षक सहित अन्य शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल के बेहतर संचालन और बच्चों के हित में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया गया।



सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया राजा बाजार स्थित बाल निकेतन विद्यालय का औचक निरीक्षण।

## शुभम राज बने एक्साइज इंस्पेक्टर, 22 वर्ष की आयु में पहले प्रयास में हासिल की एसएससी सीजीएल में सफलता

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** प्रखंड के बेलवतिया गांव निवासी शुभम राज ने 22 वर्ष की आयु में एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण कर एक्साइज इंस्पेक्टर का पद हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। शुभम ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में प्राप्त की है। उन्हें कस्टम विभाग में एक्साइज इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है, जो वेतन स्तर सात का पद है। शुभम स्वर्गीय उमेश कुमार सिन्हा और ललिता सिन्हा के पुत्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने बड़े भाई सत्यम श्रीवास्तव को दिया, जिन्होंने उन्हें हर कदम पर मार्गदर्शन और प्रोत्साहित किया। बचपन से ही मेधावी छात्र रहे शुभम ने अपनी पढ़ाई के दौरान निरंतर परिश्रम किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य से कभी भटकने नहीं दिया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। शुभम की यह सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है, जो दर्शाती है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# मोतिहारी : उप विकास आयुक्त ने नीलाम देनदारों के विरुद्ध उठाया कठोर कदम

**मोतिहारी (एनएसबी)।** उप विकास आयुक्त- सह - नीलम पत्र पदाधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने नीलम पत्रवाद के तहत बड़े बकायदारों के विरुद्ध कठोर कदम उठाया है।

बड़े बकायदाओं की गिरफ्तारी के लिए थाना स्तर से पहले ही वारंट निर्गत किए गए थे। पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी से उप विकास आयुक्त के द्वारा पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि उनकी गिरफ्तारी कराई जाय। जिला के जो 30 बड़े बकायदार (वारंटी) हैं उनकी सूची पुलिस अधीक्षक कार्यालय को भेजी गई है। इन बकायेदारों में हिंदू चकिया के संजीव कुमार पांडे, बेलवा घोड़ासहन के विजय शंकर प्रसाद, हिरमनी के प्रवेश आलम, हरिहारा के सिकंदर राम, सुगांव के सोनू कुमार, जीहुली के रजनीश कुमार सिंह, राजा बाजार के संजय कुमार तिवारी, कौरीहार चौक के कांति देवी, कोरिहार चौक से ही सरिता देवी, लक्ष्मीपुर के



डीडीसी डा. प्रदीप कुमार।

सोमेश्वर शाह, मटियारिया के ईश्वर चंद्र प्रसाद, रामपुरवा के विकास कुमार, जामा रोड के सुनील कुमार गुप्ता, गोपालपुर के मधु शंकर, नकछेद टोला के दिनेश प्रसाद, बलुआ टाल के अशोक कुमार सिंह, नाग रोड के प्रिंस कुमार गुप्ता, पनटोका के जोगेंद्र प्रसाद, बरियारपुर के प्रमोद कुमार गुप्ता, भेलवा के ओम प्रकाश प्रसाद, छतौनी वार्ड नंबर 18 के दीपक कुमार, कमालपुर के रूपेश कुमार, दीपही के लोकेश कुमार सिंह, गुलबारा के रंजन कुमार सिंह, मिठनपुरा के नरेश राय, चौनपुर मुकेश कुमार, रानी छपरा के सुभाष प्रसाद,जगिराहा के जगन्नाथ राय, जगिराहा के हरेंद्र राय तथा बाड़कुरवा के अफसानी खातून शामिल हैं।

उप विकास आयुक्त के द्वारा पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण मोतिहारी से निर्गत किए गए वारंट के विरुद्ध गिरफ्तारी की कार्रवाई कराने का अनुरोध किया गया है।

## खबरें : एक नजर में

### धनौती नदी किनारे सड़क एवं पुल निर्माण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पूर्वी चम्पारण द्वारा धनौती नदी के किनारे प्रस्तावित सड़क का प्राक्कलन विभाग को समर्पित कर दिया गया है। शीघ्र ही इस पथ के निर्माण की निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगीस इस सड़क का निर्माण मोतीझील किनारे की सड़क की तर्ज पर किया जा रहा है। निर्माण कार्य कालेज के निकट से प्रारंभ होकर नवनिर्मित मजुराहाकोटवा पुल तक होगा। इसके साथ ही रघुनाथपुर से मोतिहारी के लिए धनौती नदी पर एक नए पुल के निर्माण का प्रस्ताव भी इसी परियोजना में सम्मिलित है।इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत लगभग 53.5 करोड़ है, जिसमें सड़क निर्माण हेतु 47. 5 करोड़ एवुं पुल निर्माण हेतु 6 करोड़ प्रस्तावित हैं। यह परियोजना क्षेत्र की यातायात सुविधा एवं विकास की दृष्टि से अत्यंत महवपूर्ण साबित होगी।

### पूर्वी चंपारण में डाक कर्मियों का सम्मान, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर 70 से अधिक कर्मियों को मिला पुरस्कार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित एक समारोह में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 से अधिक डाक कर्मियों को जिलाधिकारी श्री सौरभ जोरवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चंपारण डाक प्रमंडल की उपलब्धियों की भी सराहना की गई। पिछले वित्तीय वर्ष में चंपारण डाक प्रमंडल ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए। खाता खोलने के क्षेत्र में लक्ष्य का 172 प्रतिशत हासिल किया गया, जबकि ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 232 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की गई। वहीं, जनरल इंश्योरेंस के क्षेत्र में 301 प्रतिशत का उत्प्ट प्रदर्शन रहा। जिलाधिकारी ने सम्मानित सभी डाक कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी समर्पण और लगन के साथ कार्य करते रहें। कार्यक्रम के दौरान सहायक समाहर्ता प्रिया रानी एवं डाक अधीक्षक मोतिहारी आशुतोष आदित्य भी उपस्थित थे।

### स्पीडी ट्रायल का वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**कल्याणपुर (एनएसबी)।** स्पीडी ट्रायल के वारंटी असलम आलम पिता नसरी आलम ग्राम मेंघुआ को पुलिस ने पिपरा कोठी से गिरफ्तार किया। असलम का स्थानीय थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष विनीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेज दिया गया।

### तीन पुरुष और दो महिला शराब कारोबारी गए जेल

**मधुबन (एनएसबी)।** मधुबन थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडेय ने बताया कि मधुबन पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के भेलवा से 15 लीटर देशी शराब के साथ नवीन महतो तथा 10 लीटर देशी शराब के साथ कमल महतो को गिरफ्तार किया। जितौरा कस्बा टोला से 8 लीटर देसी शराब के साथ मुस्मात रोईनी देवी को गिरफ्तार किया गया। जितौरा गोसाईपुर से 42 लीटर देशी शराब के साथ मीना देवी को गिरफ्तार किया गया, तथा जितौरा से रंजीत चौधरी को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चड़रहिया स्थित विद्यालयों का अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज ने किया औचक निरीक्षण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज सुश्री अंजली शर्मा के द्वारा चड़रहिया स्थित जो नव सृजित प्राथमिक विद्यालय एवं गवर्नमेंट मिडिल स्कूल का औचक निरीक्षण किया गयास निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की गई। विद्यालय में पठान-



अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज ने किया चड़रहिया स्थित विद्यालयों का औचक निरीक्षण।

पाटन की स्थिति सहित अन्य संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमो की स्थिति का जानकारी ली गई। इसके साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 में विद्यालयों को विभिन्न मद में उपलब्ध कराई गई राशि के व्यय की जानकारी ली गईस इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्रों से मिलकर चल रही पढ़ाई की जानकारी ली एवं खुद भी बच्चों को पढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा विद्यालय के प्रधान शिक्षक सहित अन्य शिक्षकों के साथ बैठक कर स्कूल के बेहतर संचालन का निर्देश दिया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस अरेराज अनुमंडल सभागार में मनाया गया

**अरेराज (एनएसबी)।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय परिसर, अरेराज में एसडीएम अंजलि शर्मा द्वारा स्वास्थ्य के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान अनुमंडलीय अस्पताल, अरेराज के उपाधीक्षक द्वारा उपस्थित जनसमूह को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया तथा उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं स्वच्छता जैसे स्वस्थ जीवनशैली के महत्वपूर्ण पहलुओं को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

सीडीपीओ द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु पीपीटी के माध्यम से जागरूक किया गया, जिससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक ष्टिकोण विकसित हो सके।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं बुनियाद केंद्रों पर संचालित स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साथ ही नगर पंचायत अरेराज में खेलकूद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।

नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया एवं प्लास्टिक के उपयोग से बचने की अपील की गईस इसके अतिरिक्त आमजन को लू से बचाव, एक्यूट एन्सेफेलाइटिस सिंड्रोम एवं जापानी इंसेफेलाइटिस से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आगलगी की घटनाओं की रोकथाम के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया तथा आवश्यक सावधानियाँ अपनाने की अपील की गई।

## निजी विद्यालयों के शुल्क पर प्रमंडलीय आयुक्त के आदेश के अनुपालन की मानक संचालन प्रक्रिया

**मोतिहारी (एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त, मुजफ्फरपुर के निर्देश ज्ञापांक 173/ गो दिनांक 8/4/26 के आलोक में जिला प्रशासन, पूर्वी चंपारण द्वारा बिहार निजी विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2019 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाना है। इस अधिनियम के अंतर्गत कोई भी निजी विद्यालय पूर्व वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि नहीं कर सकता। इससे अधिक वृद्धि के लिए शुल्क विनियमन समिति की अनुमति अनिवार्य है। विद्यालय द्वारा किसी विशेष दुकान से किताब, ड्रेस या अन्य सामग्री खरीदने की बाध्यता डालना भी दंडनीय है। आदेश की आलोक में एक त्रिसदस्यीय अनुशासन एवं शिकायत समिति का गठन किया गया है, जिसमें अपर जिलादंडाधिकारी लोक शिकायत निवारण अधिनियम, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी सम्मिलित हैं। जिले के सभी 6 अनुमंडल कार्यालयों एवं जिला शिक्षा कार्यालय को शिकायत केंद्र के रूप में स्थापित किया गया है। अभिभावक अपनी लिखित शिकायत साक्ष्य के साथ इनमें से किसी भी कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं, जिसे समिति के समक्ष प्रस्तुत कर जाँच की जाएगी। जाँच दल द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा तथा दोषी पाए जाने पर अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। समस्त अभिभावकों एवं नागरिकों से आग्रह है कि यदि कोई निजी विद्यालय निर्धारित सीमा से अधिक शुल्क वसूल रहा है या अभिभावकों पर किसी प्रकार का अनुचित दबाव डाल रहा है, तो वे अपने निकटतम अनुमंडल कार्यालय अथवा जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं। जिला प्रशासन द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त के निर्देश के आलोक में अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

## सशक्त महिला : विकसित भारत विषय पर एमजीसीयू में आज आयोजित होगी गरिमामयी विचार गोष्ठी

**मोतिहारी (एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी द्वारा सशक्त महिला : विकसित भारत विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी विचार गोष्ठी का आयोजन दिनांक 10 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव जी करेंगे।

इस अवसर पर देश की प्रख्यात जनप्रतिनिधि एवं सांसद बांसुरी स्वराज मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करेंगी।



साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका, प्रखर विचारधारा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें युवाओं और समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बनाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी को सुदृढ़ करते हुए एक समावेशी, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करना है।

इस गोष्ठी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन हेतु ठोस पहल पर बल दिया जाएगा। इस संबंध में साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रसून दत्त ने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में बांसुरी स्वराज जी के बहुमूल्य विचार एवं मार्गदर्शन से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नई दृष्टि एवं प्रेरणा प्राप्त होगी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय इस महत्वपूर्ण आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु संकल्पित है।

## संक्षिप्त खबरें

### जेल से इलाज के लिए भर्ती कैदी की सदर अस्पताल में मौत

**मोतिहारी ( एनएसबी)।** स्थानीय केन्द्रीय कारा मोतिहारी से इलाज के लिए भर्ती कैदी की मौत गुरुवार की अहले सुबह सदर अस्पताल में हो गयी है। उक्त जानकारी काराधीक्षक विजय कुमार अरोड़ा ने दी है। उन्होंने बताया कि मृत कैदी हरसिद्धि थाना क्षेत्र के घीउआढार गांव निवासी संदुल पासवान का पुत्र अच्छेलाल पासवान बताया गया है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 2026 को उक्त कैदी को हरसिद्धि थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन के बाद केन्द्रीय कारा लाया गया था। जैसे ही उसे जेल गेट पर लाया गया।उसकी स्थिति खराब थी।उसे पुनः बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां वह लगातार इलाजरत था।इसी दौरान आज उसकी मौत सदर अस्पताल में ही हो गयी है।घटना की सूचना पर नगर थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंच स्थिति का जायजा लिया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी देते हुए नगर कोतवाल राजीव रंजन ने बताया कि इस बावत युडी के दर्ज कर लिया गया है।

### जमीन विवाद में दो पक्षों के महिलाओं के बीच हुई तीखी बहस में सैनिक के मां की मौत

**चकिया ( एनएसबी)।** नगर परिषद अंतर्गत शेखी चकिया वार्ड 24 में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुई कहा सुनी में एक महिला की स्वास्थ्य बिगड़ गई जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की पहचान उक्त गांव निवासी सैनिक प्रशांत कुमार के 72 वर्षीय मां शीला देवी के रूप में बताई गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर गुरुवार की पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बीते कई दिनों से जमीनी विवाद में दूसरे पक्ष के महिलाओं के साथ मृतक के परिवार में तीखी बहस हो रही थी। 112 की पुलिस आकर दोनों पक्षों को समझाया बुझाया था। फिर भी दोनों पक्षों के महिलाओं के बीच तीखी बहस हुई। बताया गया कि इसी बीच मृतक की सेहत बिगड़ गई व इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चीख पुकार मच गई।

### पैक्स चुनाव नामांकन समाप्त, 8 अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मैदान में

**मेहसी (पूर्वी चम्पारण) ( एनएसबी)।** मेहसी प्रखंड में पैक्स चुनाव के नामांकन के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल 8 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें 6 पुरुष एवं 2 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करने वालों में परसौनी देवजीत पैक्स से जितेंद्र कुमार, रमेश राय, निभा कुमारी, कन्या राज एवं रोहित कुमार शामिल हैं। वहीं नोनिमल पंचायत से शंभू राय और कामेश्वर सिंह ने भी नामांकन किया हैसकार्यकारिणी सदस्य पद के लिए गुरुवार को कुल 42 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें 24 पुरुष एवं 18 महिला उम्मीदवार हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए एआरओ सह पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार पासवान ने बताया कि नामांकन पत्रों की समीक्षा 10 अप्रैल को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 13 अप्रैल निर्धारित की गई है और उसी दिन चुनाव चिन्ह का आवंटन भी किया जाएगास मतदान 20 अप्रैल को होगा, जबकि मतगणना 21 अप्रैल को तिरहुत उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न कराई जाएगी।

### सोनपुर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय के स्थानांतरण से आमलोगों को भारी परेशानी

**सोनपुर (एनएसबी)।** पूर्व विधायक डा. रामानुज प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सोनपुर को दूधैला पंचायत के मुखदुमपुर गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में नागरिक सुविधाओं के घोर अभाव होने के बाबजूद भी कार्यालय को स्थानांतरित कर दिया गया है। जिससे आम जनता को परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय, सोनपुर को जिस स्थान पर स्थानांतरित किया गया है वहां पर जाने के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक सड़क मार्ग नहीं है। साथ ही बरसात एवं बाढ़ के दिनों में जल जमाव हो जाता है। सुदूर स्थित पंचायत सरकार भवन होने के चलते यातायात का अभाव है। जिनके पास अपनी गाड़ी होगा वही प्रखंड एवं अंचल कार्यालय आसानी से जा सकेंगे अन्यथा आम लोगों को कार्यालय जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। डा रामानुज प्रसाद ने इस संबंध में जिला पदाधिकारी, सारण से बात कर नागरिक सुविधाओं जैसे पानी, लाईट एवं बैठने की उचित व्यवस्था कराने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बहाल कराने कि मांग किया है। ताकि आम लोगों को परेशानियां का सामना न करना पड़े। सबसे बड़ी बात यह है कि शहर से लगभग पांच किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में है। इस क्षेत्र की सड़क का सबसे बुरा हाल है। यह ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह यातायात व्यवस्था न के बराबर है। जनहित सुविधा को नजर अंदाज कर प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का स्थानांतरण करना कहां तक न्योचित है।



पूर्व विधायक डा. रामानुज प्रसाद।

### जमालपुर के सदर बाजार में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी की नई शुरुआत

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिले के जमालपुर स्थित सदर बाजार में ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी का नया स्टोर प्रारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा देवी ने फीता काटकर स्टोर का शुभारंभ किया। फ्रेंचाइजी ओनर अनीश कुमार ने बताया कि इस स्टोर के माध्यम से स्थानीय लोगों को ब्रांडेड और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उचित दरों पर उपलब्ध कराई जाएँगी, जिससे उन्हें बेहतर और भरोसेमंद सेवा मिल सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में डा. संजय कुमार, डा. सौम्या सिन्हा, डा. विकास कुमार, डा. अमित, अमित कुमार, ज्योति वैद्य एवं अनिल वैद्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। ई-मेडिक्स की ओर से वकार सिद्दीकी (जनरल मैनेजर), अमनदीप भारद्वाज (अपरेशंस मैनेजर) के साथ विशाल कुमार एवं आकाश कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीएम वकार सिद्दीकी ने कहा कि ई-मेडिक्स का उद्देश्य लोगों को सुलभ, पारदर्शी और किफायती दवा सेवा प्रदान करना है। स्टोर में ग्राहकों को आकर्षक छूट, होम डिलीवरी और आधुनिक बिलिंग प्रणाली की सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँगी। ई-मेडिक्स स्मार्ट फार्मेसी 'हर दवा, पूरा भरोसा'।

# 'वतन को जानो' भारत दर्शन टूर शुरू , उधमपुर के 20 छात्र वाराणसी रवाना

**मोतिहारी (एनएसबी)।** युवाओं में राष्ट्रीय एकता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सीआरपीएफ की 137वीं बटालियन ने 'वतन को जानोभारत दर्शन' कार्यक्रम के तहत छात्र टूर की शुरुआत की है। सिविक एक्शन प्रोग्राम 2025-26 के अंतर्गत 8 से 13 अप्रैल तक आयोजित इस छह दिवसीय शैक्षणिक यात्रा में सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, गढ़ी उधमपुर (जम्मू-कश्मीर) के 20 छात्र और 2 शिक्षक शामिल हैं। छात्रों का दल उधमपुर से वाराणसी के लिए रवाना हुआ।

टूर का शुभारंभ 8 अप्रैल को 137वीं बटालियन, सीआरपीएफ, एसआरटीसी उधमपुर परिसर में आयोजित समारोह में किया गया।

इस मौके पर उधमपुर पश्चिम के विधायक पवन कुमार गुप्ता, डीआईजी शिव कुमार, कमांडेंट एमक़े सिकोन सहित सीआरपीएफ और पुलिस के कई अधिकारी, स्कूल प्रबंधन, शिक्षक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को ट्रैक सूट, स्पोर्ट्स शू, टी-शर्ट, कैप, ट्रैवलिंग बैग, मोजे और आईडी कार्ड जैसी आवश्यक सामग्री वितरित की गई। सभी सामग्री पर 'भारत दर्शन टूर वतन को जानो 2025 137 अंकित है।संस्कृति और विरासत से रूबरू होंगे छात्र

इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान छात्र वाराणसी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। इसका उद्देश्य उन्हें कक्षा से बाहर सीखने का अवसर देना और देश की विविध परंपराओं व विरासत से परिचित कराना है।

कमांडेंट एमक़े सिकोन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें प्रेरित करने के लिए बेहद उपयोगी हैं। यह पहल युवाओं के समग्र विकास और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। युवा सशक्तिकरण की दिशा में पहल सीआरपीएफ द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए यार अनुभव साबित होगा, बल्कि समुदाय के साथ बेहतर जुड़ाव और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का भी माध्यम है। स्थानीय लोगों और मीडिया ने इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की है।




सीआरपीएफ की 137वीं बटालियन ने 'वतन को जानोभारत दर्शन' कार्यक्रम के तहत छात्र टूर की शुरुआत की।

## हनुमान जी की मुकुट चोरी मामले में दो गिरफ्तार, मुकुट बरामद

**अरेराज (एनएसबी)।** स्थानीय अनुमंडल के गोविंज थाना क्षेत्र के झखरा गांव में हनुमान जी की मुकुट चोरी मामले में पुलिस द्वारा दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। वही चोरी के मुकुट को भी बराबर कर दिया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि दिनांक 9 /4/2026 को झखरा गांव के हनुमान मंदिर से चांदी की मुकुट की चोरी चोरों द्वारा कर ली गई थी। जिसका एक मामला कांड संख्या 91/26 दर्ज कर थाना अध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा द्वारा जांच पड़ताल आरंभ कर दिया गया। जिसमें स्थानीय अरेराज योगीयाड निवासी अमेरिका मिश्रा के पुत्र ऋतिक मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। वही मुकुट को खरीदने वाले दुकानदार तुरकौलिया निवासी श्री पति आभूषण भंडार के दुकानदार अरुण कुमार सोनी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से टूटे हुए चांदी की मुकुट एलमुनियम की केतली तथा एक मोबाइल बरामद किया गया है। थाना अध्यक्ष राजू कुमार मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार चोरों को जेल भेजा जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर जिले के मजदूर की मौत सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर ट्रेन से कट कर हुआ, अचानक चलती ट्रेन से गिर

**सहरसा (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन पर वैशाली एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के काटी थाना अंतर्गत देवानन्द वार्ड 12 निवासी गणेश साह के बेटे 25 वर्षीय अजीत कुमार के रूप में हुई है। अजीत कुमार सहरसा में एक निजी कंपनी में मजदूरी करते थे। गुरुवार को वह सहरसा स्टेशन से मुजफ्फरपुर जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन के पास ट्रेन जैसे ही खुली, वह अचानक चलती ट्रेन से गिर गए। गिरने के बाद अजीत ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे उनके एक हाथ और दोनों पैर कट गए। बताया जा रहा है कि वह लगभग आधे घंटे तक स्टेशन की पटरी पर पड़े रहे। स्थानीय लोगों ने उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। अजीत ने एक साल पहले अंतरजातीय विवाह किया था और उनकी तीन माह की एक बेटी है। वह दो भाइयों में सबसे छोटे थे और उनके परिवार का भरण-पोषण मुख्य रूप से उनकी कमाई पर निर्भर था। आरपीएफ इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हुई है। उन्होंने जीआरपी थाने को घटना की सूचना दे दी है।



### सार्थक क्लासेज संस्थान की नई शाखा का विधायक गौतम कृष्ण ने किया उद्घाटन।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला के सीटेट व बीपीएससी छात्रों के लिए खुशखबरी भरी खबर है। शहर के इस्लामिया चैक पर सीटेट एवं बीपीएससी छात्र-छात्राओं की तैयारी को लेकर सार्थक क्लासेस की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर महिषी विधायक डॉक्टर गौतम कृष्णा के द्वारा फीता काटकर कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया गया। जो छात्र छात्राओं के तैयारी के लिए सार्थक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि कोशी जैसे क्षेत्रों में सहरसा अब शिक्षा हब बनते जा रहा है। उन्होंने जिले के छात्रों को जिले में ही रहकर पढ़ाई करने की बात कही उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को अपने शहर में रहकर बेहतर पढ़ाई करवा सकते हैं। अब शहर में कई अच्छे-अच्छे शिक्षण संस्थान खुल चुके हैं। इसी कड़ी में सार्थक क्लासेज भी बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की अनुभवी टीम द्वारा विशेष रूप से तैयारी करवाई जाएगी। इस अध्ययन कार्य में इंजीनियर एस भारती एवं उनके अनुभवी टीम द्वारा चलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि सार्थक क्लासेस दरभंगा में सीटेट परीक्षा परिणाम में 96.11ज रहा है जो छात्रों के लिए बहुत ही खुशखबरी है।इसकी नयी शाखा का विस्तार सहरसा में किया गया है ताकि बच्चे घर पर रहकर अच्छी तैयारी कर सकें।



### पैक्स अध्यक्ष पद के लिए देहद में 30, खजुराहा में 6 एवं बरैठ में 5 प्रत्याशी ने किया नामांकन।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के देहद, खजुराहा एवं बरैठ पैक्सों में के चुनाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय में नामांकन के आखिरी दिन गुरूवार को विभिन्न पदों के लिए कुल 37 प्रत्याशियों ने अपना अपना पर्चा दाखिल किया। उक्त बाबत बीडीओ अमीत आनंद ने बताया की देहद पैक्स अध्यक्ष पद के लिए 3 प्रत्याशी, खजुराहा पैक्स अध्यक्ष के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी, बरैठ पैक्स अध्यक्ष के लिए 5 प्रत्याशियों ने अपना अपना पर्चा दाखिल किया।जबकि तीनों पैक्सों के पैक्स सदस्यों के लिए करीब 23 प्रत्याशियों ने अपना पर्चा दाखिल किया।गुरूवार को अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी व उनके समर्थकों का रुतबा मुखिया चुनाव की तरह देखने को मिला। देहद के उपमुखिया समरजीत सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के सहित ढोल बाजे के साथ पहुंचे थे। विभागिय प्राप्त जानकारी अनुसार 10 एवं 11 अप्रैल को संवीक्षा एवं 13 अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। इसी दिन प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह आवंटित किया जाएगा। जबकि 20 अप्रैल को मतदान एवं मतदान के तुरंत बाद मतगणना सम्पन्न कराया जाएगा।



### 11 अप्रैल को प्रशांत किशोर के आगमन को लेकर किशोर कुमार के नेतृत्व में जन सुराज पार्टी ने की समीक्षा बैठक

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पूर्व विधायक सह जन सुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार के सहरसा स्थित आवास पर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण कार्यकत्र्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जन सुराज पार्टी, बिहार के संस्थापक प्रशांत किशोर के 11 अप्रैल 2026 को सहरसा आगमन और प्रस्तावित ह्लसंवादह्व कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करना था। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकत्र्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए किशोर कुमार ने कहा कि प्रशांत किशोर का सहरसा आगमन केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार की नई राजनीतिक दिशा और जनसरोकारों पर आधारित संवाद का अवसर है। उन्होंने कहा कि जन सुराज आज बिहार की राजनीति में एक वैकल्पिक सोच और विकासपरक विमर्श को आगे बढ़ा रहा है। ऐसे में सहरसा का यह कार्यक्रम कोसी-सीमांचल की जनता के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि 11 अप्रैल 2026, शनिवार को सुबह 11:00 बजे होटल परदेशी कार्डो, पूरब



बाजार, सहरसा में आयोजित ह्लसंवादह्व कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करें। किशोर कुमार ने कार्यकत्र्ताओं को निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और जनसंपर्क पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ह्लसंवादह्व कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं, युवाओं की अपेक्षाओं, किसानों की चुनौतियों और बिहार के भविष्य पर खुलकर चर्चा होगी। यह कार्यक्रम जन सुराज की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का एक मजबूत माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सहरसा की धरती हमेशा से सामाजिक और राजनीतिक चेतना की भूमि रही है, इसलिए यहां से एक मजबूत संदेश पूरे बिहार में जाएगा। इस अवसर पर डॉ. नवनीत सिंह, सोनू सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. परसुराम कुमार, संजीव कुमार झा, शिवशंकर कुमार, बबलू सिंह, ज्ञानेंद्र कुमार गुंजन, मुकेश कुमार सिंह, सुनील यादव, बिजेंद्र ठाकुर, अशोक कुमार गुप्ता समेत कई कार्यकत्र्ता उपस्थित रहे।

# बंगाल में परिवर्तन तय: लाजवंती झा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पिछले दो महीने से बंगाल के 4 जिला एवं 28 विधानसभा में प्रवास कर रही भाजपा प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा का मानना है कि बंगाल में परिवर्तन तय है। बंगाल विधान सभा चुनाव वर्ष 2026 में राजनीतिक दलों का अभियान काफी तीव्र हो चूका है और ऐसे में वर्तमान परिस्थिति के मद्देनजर सिर्फ बीजेपी और तृणमूल कांग्रेस के बीच ही मुख्य मुकाबला हो रहा है। पिछले तीन बार से सत्ता पर काबिज ममता बनर्जी की सरकार के मुकाबले इस बार बीजेपी की सरकार बनने के प्रबल आसार हैं। बंगाल की जनता इस बार पुरे परिवर्तन के मूड में है जिसका मुख्य कारण महिला मतदाताओं का वर्तमान सरकार के प्रति गहरा आक्रोश है। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है कि ममता बनर्जी घुसपैठियों के नाम मतदाता सूचि से काटने पर स्वयं सुप्रीम कोर्ट में इसके



भाजपा प्रदेश महामंत्री।

विरुद्ध लड़ती है बल्कि इस सरकार में बंगाल में महिलाओं की जान माल एवं इज्जत सुरक्षित नहीं है। अवैध घुसपैठियों द्वारा बड़े पैमाने पर आम बंगालियों के ऊपर हत्या, बलात्कार, जबरन वसूली, जमीन कब्जा आदि जघन्य अपराधों पर शासन और प्रशासन की मौन सहमति और स्वीकृति रहती है। बंगाल के पुरुलिया विभाग के 4 जिलों पुरुलिया,आसनसोल,बांकुरा एवं विष्णुपुर के 28 विधान सभा में प्रवास से दौरान हजारों ऐसी महिलाओं से मिल चुकी हूँ जिन्हें स्वयं या उनके परिवार को पिछले चुनाव में बीजेपी को वोट देने के कारण अमानवीय तरीके से प्रताड़ित किया गया है। न्याय मिलने की बात तो दूर प्रशासन ने इन मामलों का सही संज्ञान भी नहीं लिया। अगर इस बार बंगाल की सत्ता का परिवर्तन नहीं होगा तो बंगाल को बंगलादेश बनने में देर नहीं लगेगी। क्योंकि घुसपैठियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है और अवैध तरीकों से उन्हें वोटर बनाया गया है। बीजेपी राष्ट्र को सर्वोपरि मान, इसे सशक्त, समृद्ध सुरक्षित एवं विकसित करने हेतु राष्ट्रसेवकों का परिवार है और बंगाल को कश्मीर या बंगलादेश नहीं बनने देने के लिए कृतसंकल्पित है। बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व के साथ सभी कार्यकताओं का एक मात्र संकल्प है कि अगर हम वास्तव में एक ह्लविकसित बंगालह्व का सपना पूरा करना चाहते हैं, तो उसका सबसे पहला कदम यही होगा कि इस निर्मम सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि बंगाल का यह चुनाव बंगाल की खोई हुई शान और उसकी पुरानी पहचान को वापस लाने की लड़ाई है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से बंगाल की जनता को 6 बड़ी ह्लमोदी गारंटियांह्व दीं और साफ कहा कि बीजेपी की सरकार आते ही भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जाएगा टीएमसी ने जो डर गुंडागर्दी और आतंक फैला रखा है, बीजेपी उसे खत्म करेगी और राज्य में कानून का भरोसा वापस लाया जाएगा।सरकारी सिस्टम को ऐसा बनाया जाएगा कि वह जनता की सेवा के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हो और लोगों के काम बिना रुकावट के हों। टीएमसी राज में हुए हर घोटाले, भ्रष्टाचार और महिलाओं के साथ हुए अन्याय (रेप केस) की पुरानी फाइलें फिर से खोली जाएंगी। जनता का पैसा लूटने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे। मोदी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेंगे और एक-एक भ्रष्टाचारी को जेल होगा। भारत की जमीन पर अवैध घुसपैठियों को रहने की इजाजत कतई नहीं दी जाएगी। बंगाल में बीजेपी सरकार बनते ही 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा। चुनाव आयोग भी स्वतंत्र,पूर्ण निष्पक्ष एवं बिना किसी भय के मतदान को सुनिश्चित करने की पर्याप्त व्यवस्था कर रही है। विश्वास है की 4 मई 2026 को बंगाल की भद्र जनता को तृण मूल कांग्रेस के कुशासन, अत्याचार एवं उत्पीड़न से मुक्त होने का सपना सच होगा। ह्लमोदी की गारंटी ह्लपर बंगाल की जनता को भरोसा है एवं बंगाल में परिवर्तन तय है।

## विकासशील बिहार में व्यापारियों की दशा और दिशा पर परिचर्चा आयोजित

**राज्य के आर्थिक विकास में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : संजय सरावगी**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** कोशी चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अर्जुन दहलान की अध्यक्षता में विकासशील बिहार में व्यापारियों की दशा और दिशा विषय पर एक महत्वपूर्ण परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी उपस्थित रहे। परिचर्चा को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि राज्य के आर्थिक विकास में व्यापारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं व्यापार को सुगम बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने व्यापारियों से सुझाव लेकर व्यापार के अनुकूल वातावरण तैयार करने की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। अध्यक्षता कर रहे अर्जुन दहलान ने कहा कि बदलते आर्थिक परिवेश में व्यापारियों के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं, जिनके समाधान के लिए सरकार, प्रशासन और व्यापारिक संगठनों के बीच समन्वय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसी परिचर्चा से व्यापारियों को अपनी समस्याएँ रखने एवं समाधान खोजने का अवसर मिलता है। डॉ शशिशेखर झा के संचालन में आयोजित परिचर्चा में उपस्थित व्यापारियों एवं गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा व्यापार के विकास, सरल नियम व्यवस्था, बेहतर आधारभूत संरचना और सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। महासचिव विवेक विशाल ने सभी अतिथियों धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कार्यक्रम का सफल संचालन निकुन तुलसियान एवं गोकुलधाम परिवार कै द्वारा किया गया। चैम्बर के महासचिव विवेक विशाल, सचिव विजय बगरिया, चंद्रमणि सिंह, उपाध्यक्ष संजीव झा ह्यगुल्टी बाबूह्न, उपाध्यक्ष सुशील सिंह, उपाध्यक्ष संजय डिडवानिया सहित चैम्बर के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। वही परिचर्चा में भाग लेने वाले प्रमुख सदस्यों में डॉ अंकुर चांद, पंकज तुलस्यान, सचिन तुलस्यान, गोपाल दहलान, संजय बगरिया, सुनील जालान, कन्हैया सुरेका, सुबोध मांडीवाल, मुन्ना मांडीवाल गौरव तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, कुबेर तुलस्यान, राजेश दारुका, जयप्रकाश शारदा, अनिल मस्करा, अरविंद डोकानियां, दीपक अग्रवाल, दीपक भीमसरिया, रमेश भीमसरिया, सुधीर सर्राफ, सुनील टेकरीवाल, रंजीत दास, अनुज कुमार सिंह, अजय सिंह,पंकज कुमार गुप्ता, सौरभ बांका, चंदन डीडवानिया, अमित शाह, सुशील साहू, संजीव कुमार बर्मा, राजेश तोदी, आलोक जैन, राजीव जैन, रोहित जैन, नीरज केशरी, ओम प्रकाश गुप्ता, मो अम्मार, हरीश चैधरी, जिला व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्जुन चैधरी, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी, निगम-34 वार्ड पार्षद सिंकु सिन्हा बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर दहलान, अध्यक्ष राजेश यादुका, सचिव निकुन तुलस्यान, कोषाध्यक्ष गौतम दहलान, सुशील दहलान, रिंकेश अग्रवाल, मनीष खेमका, शंभू टेकरीवाल, दीपक तुलस्यान, नितेश दहलान, सौरभ दहलान, विनोद अग्रवाल, किशन डीडवानिया, शिवम खेतान, समाजसेवी उमेश दहलान, राधे श्याम अग्रवाल मारवाड़ी युवा मंच कै अध्यक्ष आदित्य मित्तल, सचिव विनित अग्रवाल, आशु अग्रवाल, सुमित केजरीवाल, टिल्लू अग्रवाल, गोलू अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल थे।



परिचर्चा में श्री सरावगी व भाजपा वरिष्ट कार्यकर्ता।

## सहरसा में सीएसपी संचालक से दिन दहाड़े 57,000 की लूट

**3 हथियारबंद बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम, सीसीटीवी फुटेज से हो रही अपराधियों को चिन्हित: एसडीपीओ**

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** गुरुवार को सदर थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद मोहल्ला में संचालित सीएसपी केंद्र में बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधकर्मियों ने हथियार दिखाकर 57 हजार रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया। जिसकी सूचना पर सदर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों को चिन्हित कर रही थी। सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि गुरुवार को सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के सुलिंदाबाद, वार्ड नंबर - 43 निवासी राजू शाह के पुत्र रंजन कुमार सिंह के सीएसपी केंद्र में बाइक सवार अपराधियों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फिर वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर डीआईयू की टीम और एफएसएल की टीम घटनास्थल का निरीक्षण किया था। अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से अवलोकन और तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में संलिप्त अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है की उक्त घटना में शामिल अपराधियों के संदर्भ में कोई भी सूचना हो तो एसपी, डीएसपी या उन्हें सूचित करें। जिससे अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।





## नामांकन के अंतिम दिन देहद से अध्यक्ष के लिए उपमुखिया समरजीत सिंह ने किया नामांकन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायतों में होनेवाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गया। इस दौरान देहद ,खजुराहा एवं बरैठ में होनेवाली पैक्स चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन के अंतिम दिन देहद पंचायत से उपमुखिया समरजीत कुमार सिंह ने सैकड़ों समर्थक के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान दर्जनों गाड़ियों एवं सैकड़ों समर्थक के साथ नामांकन को प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। नामांकन करने के बाद बाहर निकलते ही उपमुखिया समरजीत कुमार सिंह को समर्थको ने फूल मालाओं से लाद दिया। मालूम हो कि देहद पैक्स अध्यक्ष के लिए तीन उम्मीदवार अब चुनावी मैदान में हैं। जिसको लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार देहद ,बरैठ एंव खजुराहा तीनों पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए 37 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। कुल मिलाकर देखें तो नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन तीनों पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए कुल 14 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।



## डीएम दीपेश कुमार की अध्यक्षता में एलपीजी वितरण और सिटी गैस विस्तार पर सख्ती, बैकलॉग खत्म करने का निर्देश

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में रसोई गैस की उपलब्धता और सिटी गैस पाइपलाइन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तीनों तेल कंपनियों के क्षेत्रीय प्रबंधक, सभी गैस वितरण एजेंसियों के संचालक, प्रबंधक, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और सिटी गैस प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कनेक्शन दिया जा रहा है। एलपीजी बैकलॉग की स्थिति और वितरण समीक्षा की गई। क्ड ने इंडियन, एचपी और भारत गैस के वितरक-वार आंकड़ों की गहन जांच की। जिले में कुल 18,182 पेंडिंग बुकिंग हैं, जिन्हें शीघ्र समाप्त करने के कड़े निर्देश दिए गए। वितरकों को फटकार और चेतावनी खराब प्रदर्शन वाली एजेंसियों को फटकार लगाते हुए डीएम ने कहा कि प्रतिदिन मिलने वाले सिलेंडरों का शत-



प्रतिशत वितरण हो, स्टॉक शून्य रहे और कोई सिलेंडर गोदाम में न रहे। शहीद रमन इंडेन एजेंसी के मालिक को अंतिम चेतावनी दी गई कि वेंडरों की संख्या तत्काल बढ़ाएं, वरना तेल कंपनी को कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। सभी वितरकों को बैकलॉग डेज न्यूनतम करने और उपभोक्ताओं को ससमय गैस उपलब्ध कराने का आदेश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि गैस आपूर्ति में कोताही या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं होगी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी वितरण केंद्रों का नियमित निरीक्षण जारी रखेंगे। सिटी गैस पाइपलाइन विस्तार में बाधाओं पर चर्चा एवं समीक्षा में सिटी गैस प्रोजेक्ट की चुनौतियों पर विस्तार से बात हुई। रेलवे एनसीआर के लिए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा आवश्यक राशि जमा न होने से शहर के पश्चिमी क्षेत्र में कार्य रुका हुआ है। डीएम ने आईओसीएल प्रतिनिधि को आज ही राशि जमा करने का सख्त निर्देश दिया। एक्सप्लोसिव लाइसेंस संबंधी आपत्तियों का 24 घंटे में निराकरण करने को कहा गया। घरेलू कनेक्शन पर सिटी गैस प्रतिनिधि ने बताया कि राशि जमा करने वाले उपभोक्ताओं के घरों में युद्ध स्तर पर

## डीएम ने अधिकारियों के साथ 'ज्ञान भारतम मिशन' के सुचारु संचालन हेतु अपेक्षित कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** गुरूवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार की अध्यक्षता में पांडुलिपियों के संरक्षण, डिजिटिलाइजेशन निमित संचालित 'ज्ञान भारतम मिशन' के सुचारु संचालन हेतु अपेक्षित कार्यों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया की जिलांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में संबंधित कार्यालयों के समेकित प्रयास से संरक्षित पांडुलिपि को चिन्हित करने हेतु मिशन मोड में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाए ,जानकारी दी गई की अभी तक दो सर्वेक्षण के फलस्वरूप लगभग दो सौ पांडुलिपि चिन्हित किए गए है। इस संदर्भ में ज्ञातव्य है कि भारत सरकार द्वारा भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा और बौद्धिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए वर्षः 2025/26 के बजट में फ्लैगशिप पहल के रूप में ज्ञान भारतम मिशन की घोषणा की गई है। इस मिशन के अंतर्गत देश भर में उपलब्ध भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह अमूल्य धरोहर शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को सुलभ हो सके। ज्ञान भारतम मिशन अंतर्गत राज्य अंतर्गत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों व व्यक्तियों आदि के पास उपलब्ध कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़े आदि में हस्तलिखित पांडुलिपियों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण एवं डिजिटीलीकरण का कार्य किया जाना है। ह्लज्ञान भारतम मिशनह्व के सफल-सुचारु क्रियान्वयन निमित जिला स्तर पर एक अभियान के माध्यम से पांडुलिपियों का संग्रहण करने वाली संस्थाओं एवं व्यक्तियों को चिन्हित करने का कार्य प्रगति पर है, तत्संबंधी सूची भी तैयार की जा रही है। उक्त वर्णित के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है, कमिटी में सदस्य के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, एसडीओ, प्रभारी पदाधिकारी के साथ-साथ जिला से संबंधित विद्वान भी परामर्शी के रूप में सम्मिलित किए गए है। कमिटी के पर्यवेक्षण में जिलांतर्गत पांडुलिपियों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। जिलांतर्गत 75 वर्षों से पुराने पांडुलिपि धारक से जनहित में अनुरोध किया जाता है कि वे इस संबंध में जिला जनसंपर्क कार्यालय को कार्यालय अवधि में अथवा मोबाइल संख्याः 7782859647 पर सूचना दे सकते है। आज आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, अपर समाहर्ता निशांत, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी एवं संबंधित क्षेत्र के गणमान्य यथा मुक्तेश्वर प्रसाद, सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देष देते डीएम।

# सुपौल में बनेगा बिहार का पहला फ्लाइंग ट्रेनिंग हब

## अउकके साथ हुआ समझौता, छह सदस्यीय टीम ने वीरपुर हवाई अड्डा का लिया जायजा

**सुपौल (एनएसबी)।** जिले के वीरपुर को विमानन प्रशिक्षण के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। बिहार सरकार और भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अधीन एयरो क्लब ऑफ इंडिया (एसीआई) के बीच एक अहम समझौता (एमओयू ) हुआ है। इस पहल का उद्देश्य मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की संकल्पना के अनुरूप बिहार को देश का ह्यफ्लाइंग ट्रेनिंग हबह्न के रूप में विकसित करना है। इस बीच 6 सदस्यीय टीम वीरपुर हवाई अड्डा का जायजा लेने पहुचे।

एयरो क्लब ऑफ इंडिया के महासचिव अरविंद बडोनी ने बताया कि योजना के तहत बिहार को विमानन प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बनाने की तैयारी है, ठीक उसी तरह जैसे इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए कोटा प्रसिद्ध है। इससे देशभर के निवेशकों के बिहार आने की संभावना बढ़ेगी। साथ ही, प्रशिक्षण गतिविधियों के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा देने के लिए एविएशन इंस्टीट्यूट, पावर्ड फ्लाइंग, ग्लाइडिंग, बैलूनिंग, स्काईडाइविंग, पैराग्लाइडिंग, हैंग ग्लाइडिंग और पैरासेलिंग जैसी साहसिक खेलों की व्यवस्था की जाएगी। इसी क्रम में एयरो क्लब ऑफ इंडिया का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल निरीक्षण के लिए बिहार पहुंचा है। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव अरविंद बडोनी, अमृता (एसीआई कार्यालय), अनिल वासन (एफटीओ कमीशन), इमो चाओबा सिंह (बैलूनिंग कमीशन), सुकुमार दास (पैरामोटर/पावर हैंग ग्लाइडिंग), तथा वर्ष कुकरेती (ड्रोन कमीशन) शामिल हैं। गौरतलब है कि एयरो क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना वर्ष 1927 में ह्यरॉयल एयरो क्लब ऑफ इंडिया एंड बर्माह्न के रूप में हुई थी। यह देश का एक प्रमुख और पुराना विमानन संस्थान है, जो विमानन प्रशिक्षण, पायलट प्रमाणन और हवाई खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। राष्ट्रीय हवाई खेल दिशानिर्देश 2023 के तहत एसीआई को ह्यनेशनल एयर स्पोर्ट्स कंट्रोल ऑफ इंडिया के रूप में मान्यता दी गई है। यह संस्था हवाई खेलों के संचालन, सुरक्षा मानकों, प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत के प्रतिनिधित्व के लिए सर्वोच्च प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है। एसीआई के अध्यक्ष राजीव प्रताप रूडी के नेतृत्व में संस्था भारत को हवाई खेलों और विमानन प्रशिक्षण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। बिहार में यह पहल राज्य के विकास और रोजगार सृजन के नए अवसर खोल सकती है। इस मौके पर एसडीएम वीरपुर नीरज कुमार, बीडीओ सुजीत कुमार मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। महासचिव श्री बडोनी ने बताया कि उक्त हवाई अड्डा के डेवलप हो जाने से इंडो -नेपाल सीमावर्ती इलाके के नेपाल के विराटनगर जो पहले से विकसित है। जहाँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर के टूरिस्ट घूमने आते है। इसके साथ साथ हिमालय पर्वत का दृश्य भी दिखता है।



हवाई अड्डा का जायजा लेते पदाधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल पुलिस की पहल,ऑपरेशन मुस्कान रहा सफल

**सुपौल (एनएसबी)।** पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 70 लोगों के खोए, चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया है । पुलिस की इस पहल से पीड़ितों के चेहरे पर एक बार फिर मुस्कान लौट आई है । ज्ञात हो कि सभी पीड़ितों ने अपने मोबाइल चोरी या गुम होने के बाद CEIR (Cetrial Equipmet Idetity Register) पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद सुपौल पुलिस ने तकनीकी सहायता और विशेष अभियान चलाकर इन मोबाइल फोन को ट्रेस किया और अलग-अलग स्थानों से बरामद किया। इस पूरे अभियान की निगरानी पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस के नेतृत्व में की गई। बरामद मोबाइल को एक कार्यक्रम के दौरान उनके असली मालिकों को सौंपा गया। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने सुपौल पुलिस का आभार जताते हुए इस पहल की सराहना की। एसपी ने कहा कि ह्लऑपरेशन मुस्कानह्व का उद्देश्य आम लोगों को राहत देना और यह संदेश देना है कि पुलिस तकनीकी रूप से सक्षम है और हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत उएक्क्रपोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं ताकि उसे ट्रेस कर वापस दिलाया जा सके। इस कार्रवाई से जहां पुलिस की कार्यशैली पर लोगों का भरोसा बढ़ा है, वहीं इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों में भी डर का माहौल व्याप्त होगा।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी शरथ आर एस।

### किशनपुर के बाबू साहब बायोफ्यूल पंप पर खड़ी डीजल टैंकर में लगी आग, अग्निशामक दस्ता ने थर्मोकॉल गैस से आग पर पाया काबू

**सुपौल (एनएसबी)।** किशनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगिआवन - पिपरा रोड स्थित बाबू साहब बायोफ्यूल पेट्रोल पम्प पर गुरुवार को करीब पांच बजे डीजल निकालने के दौरान अचानक टैंकर मे लगी आग से करीब सेकड़ो लीटर डीजल सहित टैंकर जल गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार पेट्रोल पंप कर्मी के द्वारा डीजल निकाला जा रहा था उसी दोरान अचानक टेंकर में आग लग गया। जैसे ही आग लगने कि सूचना मिली आसपास के ग्रामीणों मे अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया । लोगो के द्वारा घटना की सूचना किशनपुर थाना को दिया । जहां थाना मे मौजूद अग्निशामक वाहन को मौके पर भेजा गया लेकिन उसमे पानी डालने के बाद आग बूझने के जगह अचानक बढने ही लगा। उसी दौरान थानाध्यक्ष के सूचना पर पहूंची सुपौल कि अग्निशामक कि टीम ने मौके पर पहुंचकर आग को थमोकील गैस से बुझाया गया, तब लोगो ने राहत कि सांस ली । इस दौरान लोगो मे भी अफरा तफरी का माहौल बना रहा । स्थानीय लोगों में टैंकर ब्लास्ट का डर बना हुआ था कई लोग अपने घरों को सुरक्षित करने में जुट गए । आसपास के गांव मे भी आग लग सकता है। गनीमत रही की अग्निशामक टीम के ससमय आग पर काबू पा लिया अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था। थाना अध्यक्ष ज्ञानरंजन कुमार ने कहा कि किनकी गलती से घटना घटित हुई है यह जांच का विषय है। आदेशानुसार जांच पड़ताल की जाएगी ।



### सशस्त्र सीमा बल बीरपुर सीमा चौकी सतना ने 19.800 लीटर नेपाली शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**सुपौल (एसएनबी)।** 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (रङ), बीरपुर के अंतर्गत सीमा चौकी सतना के जवानों द्वारा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में नियमित गश्ती के दौरान एक व्यक्ति को नेपाली देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जानकारी देते हुए श्री गौरव सिंह, कमांडेंट, 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर ने बताया कि सूचना के आधार पर सीमा चौकी सतना के द्वारा बी.पी. संख्या-202 के निकट सघन गश्ती अभियान चलाया गया। गश्ती के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम लड्डू सिंह, ग्राम मुंशी पिपराही, जिला सुपौल (बिहार) का निवासी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 19.800 लीटर नेपाली देसी शराब बरामद की गई, जिसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति एवं जब्त शराब को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उत्पाद विभाग सिमराही, सुपौल को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान मुख्य आरक्षी (सामान्य) मनोज कुमार सहित सशस्त्र सीमा बल के अन्य जवान शामिल थे । कहा सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी की रोकथाम हेतु निरंतर सतर्क एवं प्रतिबद्ध है तथा इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



एसएसबी के गिरफ्त में कारोबारी।

### आपसी विवाद में युवक पर चाकू से हमला, सदर अस्पताल रेफर

**एकमा (सारण)(एसएनबी)।** एकमा बाजार में आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के सफरी गांव निवासी कार्तिक शाह के पुत्र 24 वर्षीय सूरज कुमार साह के रूप में हुई है। बताया गया है कि किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इसी दौरान हमलावर ने सूरज कुमार के सिर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल सूरज कुमार को तत्काल एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. मयंक कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## पप्पू यादव ने जदिया के मानगंज में मृत मोहम्मद इजरायल के परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढ़स, किया आर्थीक मदद



पीड़ित परिजनों से मुलाकात करते सांसद पप्पू यादव।

**सुपौल (एनएसबी)।** जिला के त्रिवेणीगंज अनुमंडल अंतर्गत जदिया थाना क्षेत्र के मानगंज पश्चिम पंचायत, वार्ड संख्या 05 निवासी मो. इजरायल की 28 मार्च को हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद नेपाल में इलाज के दौरान हुई दुखद मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक और हृदयविदारक है। आज माननीय सांसद श्री राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव जी पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की, गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में उन्हें संबल देने का प्रयास किया। परिवार की सहायता हेतु उन्होंने अपनी ओर से 25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा उनकी दोनों बेटियों के विवाह में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। साथ ही वरीय पुलिस अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति दें।

## पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 327 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच



स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी ।

**राघोपुर (सुपौल)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राघोपुर रेफरल अस्पताल सहित क्षेत्र के तीन स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाया गया, जिसमें कुल 327 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं की समय रहते पहचान कर मां और शिशु के स्वास्थ्य को सुरक्षित करना है। शिविर के दौरान महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, वजन, यूरिन एल्ब्यूमिन और ब्लड ग्रुप जैसी आवश्यक जांचें की गईं। चिकित्सकों के अनुसार, जांच में कई महिलाओं में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और असामान्य वजन जैसी समस्याएं पाई गईं। एनीमिया से ग्रसित महिलाओं को आयरन की गोलियां दी गईं और उन्हें संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। आंकड़ों के अनुसार, राघोपुर रेफरल अस्पताल में सबसे अधिक 197 महिलाओं की जांच हुई। वहीं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गनपतगंज में 70 करजाइन में 60 महिलाओं का परीक्षण किया गया। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ केंद्रों पर जांच प्रक्रिया दोपहर 3 बजे तक जारी रही । बीएचएम नोमान अहमद ने बताया कि जांच के दौरान कई गर्भवती महिलाओं को उच्च जोखिम श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इन महिलाओं की विशेष निगरानी और उपचार के लिए हर माह की 21 तारीख को विशेष जांच और परामर्श की व्यवस्था की गई है, ताकि समय पर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। हालांकि, शिविर के दौरान व्यवस्थागत खामियां भी उजागर हुईं। कई महिलाओं ने शिकायत की कि उन्हें अल्ट्रासाउंड जांच के लिए निजी केंद्रों पर लगभग 700 रुपये खर्च करने पड़े, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ा। इस अवसर पर डॉ. ललिता कुमारी, डॉ. राहुल झा, बीसीएम शादाब अली सहित कई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे ।

## चोरी गई मूर्तियों की 5 मई को पुनः स्थापना, तीन दिवसीय अनुष्ठान की तैयारी तेज

**मशरक (सारण) (एसएनबी)।** थाना परिसर स्थित प्राचीन राम-जानकी शिव मंदिर से चोरी हुई मूर्तियों की बरामदगी के बाद अब उनकी पुनः स्थापना को लेकर भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। पुजारी टुन्ना बाबा के अनुसार 3 मई से जलाभिषेक और विशेष पूजा के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। 4 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसके बाद अखंड अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा। 5 मई को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान राम, माता जानकी और लक्ष्मण की मूर्तियों की पुनः स्थापना की जाएगी। आयोजन को लेकर प्रबंधन समिति ने बैठक कर सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

## ज्ञान भारतम मिशन के प्रचार-प्रसार को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**सुपौल (एनएसबी)।** बिहार सरकार, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा भारत सरकार की फ्लैगशीप पहल "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत राज्य में पाण्डुलिपियों के संरक्षण, सर्वेक्षण एवं डिजिटाइजेशन से संबंधित विषयों पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।

बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, सुपौल, वरीय उप समाहर्ता, सुपौल, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, सुपौल सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान बताया गया कि भारत सरकार द्वारा देश की समृद्ध ज्ञान परम्परा एवं बौद्धिक विरासत के संरक्षण तथा पुनर्जीवन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में "ज्ञान भारतम् मिशन" की घोषणा की गई है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य भारत की विशाल पाण्डुलिपि विरासत का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण एवं संरक्षण करना है। बैठक उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि "ज्ञान भारतम् मिशन" के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस महत्वपूर्ण अभियान की जानकारी प्राप्त हो तथा जिले में उपलब्ध प्राचीन पाण्डुलिपियों की पहचान एवं संरक्षण का कार्य प्रभावी रूप से किया जा सके।



बैठक में शामिल डीएम, डीईओ व अन्य

## जिला प्रशासन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आवश्यक वस्तुओं के उपलब्धता की दी जानकारी

**सुपौल (एनएसबी) ।** आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का निर्बाध उपलब्धता, प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और निर्बाध ईंधन एवं छढक्र गैस की आपूर्ति को सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिए एवं कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए जिला प्रशासन, सुपौल पुरी सक्रियता से कार्य कर रही है । उक्त बातें जिला सूचना जनसंपर्क व जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही । उन्होंने कहा कि

सुपौल नगर क्षेत्र के निवासियों को पाईपलाइन के द्वारा गैस पहुँचाने के लिए पी०एन०जी० पाईपलाइन का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए भूमि चिन्हित करने का कार्य चल रहा है। शीघ्र ही संबंधित कम्पनी इढउछ द्वारा घर-घर तक पाईपलाइन पहुँचाने का कार्य प्रारंभकर दिया जायेगा। जिससे सुपौल नगर क्षेत्र के निवासियों को छढक्र गैस सिलेंडरों की आवश्यकता समाप्त हो जायेगी।

कहा अभी जिले के गैस एजेंसियों के पास लगभग 12811 गैस सिलेंडरों का भंडार मौजूद है, 5548 अतिरिक्त छढक्र गैस सिलेंडर प्राप्त होने की संभावना है। दिनांक 08.04.2026 को लगभग 5298 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। अभी तक 23115 उपभोक्ता को बुकिंग की गैस आपूर्ति की जानी है। जिले के 51 गैस एजेंसियों में से 46 गैस एजेंसियों पर अभी छढक्र गैस सिलेंडर उपलब्ध है, शेष 05 दिपांशी इण्डेन ग्रामीण वितरक, जदिया इण्डेन ग्रामीण वितरक, श्री गंगा इण्डेन ग्रामीण वितरक, मुस्कान एच०पी० गैस ग्रामीण वितरक एवं सुमित्रा एच०पी० गैस ग्रामीण वितरक पर शीघ्र ही गैस की आपूर्ति किये जाने की संभावना है। अभी तक कुल 51 छढक्र एजेन्सी में से 21 की जाँच की गई है। 21 अन्य होटलों / प्रतिष्ठानों पर छढक्र गैस सिलेण्डरों के प्रयोग की जाँच हेतु छापेमारी की गई है। जिले में छढक्र की उपलब्धता में लगातार सुधार हो रहा है। तेल कम्पनियों द्वारा अस्पताल एवं सरकारी संस्थानों को जिनके पास वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन छढक्र गैस सिलेंडरों की ससमय उपलब्धता हेतु गैस वितरक कम्पनियों से लगातार संपर्क में है। पेट्रोल पम्पों का औचक निरीक्षण हो रहा है 5 पेट्रोल पम्पों की जाँच की गई है। तेल कम्पनियों से समन्वय स्थापित करके लगातार पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

समाहरणालय परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में घरेलु छढक्र गैस सिलेंडरों के उठाव-वितरण के निगरानी के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष संख्या 06473-224005 है। 09.04.2026 को जिला नियंत्रण कक्ष में 13 शिकायतें / जानकारी प्राप्त करने हेतु कॉल प्राप्त हुआ है। सभी संबंधितों के शिकायतों का निष्पादन करा दिया गया है। अभी तक घरेलु गैस के वाणिज्यिक प्रयोग/कालाबाजारी के आरोप में जिला अन्तर्गत तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चूकी है। जिला प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं । अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है। जिला प्रशासन सभी ग्राहकों से अनुरोध किया कि वे गैस एजेंसियों के गोदामों पर भीड़ न लगायें। सभी एजेंसियों के द्वारा होम डिलिवरी के माध्यम से ससमय गैस की आपूर्ति की जा रही है ।



प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते पदाधिकारी ।

**कहा जिले में गैस की नहीं है कोई कमी, उपभोक्ता बुकिंग के बाद अपने बारी का करें इंतजार**

**जिला मुख्यालय के उपभोक्ताओं को अब पाइपलाइन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी गैस, प्रक्रिया प्रारंभ**

## डीएम ने पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस टू विद्यालय का किया निरीक्षण, सभी बिंदुओ पर ओर भी सुधार के दिए निर्देश

**पिपरा (सुपौल)।** प्रखंड क्षेत्र के रामनगर पंचायत स्थित कोशलीपट्टी में गुरुवार को डीएम सावन कुमार ने अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय प्लस 2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय के वर्ग कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, भोजनालय एवं गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। जब डीएम निरीक्षण के लिए पहुंचे उस समय विद्यालय में मध्याह्न भोजनावकाश चल रहा था तथा छात्राएं मेस में भोजन कर रही थीं। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में पूछताछ की गई, जिस पर छात्राओं ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके पठन-पाठन एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की । उन्होंने विद्यालय की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से अध्यापन एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों को संपादित करने का निदेश दिया । मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीएम ।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना चालू करने की मांग

**बेलदौर।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस काली स्थान चौक निवासी जयनारायण उर्फ कारेलाल साह का पत्नी बेबी देवी ने बीएओ बेलदौर को आवेदन देकर अपना बंद प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को फिर से चालू करने की मांग की है। बीएओ को दिए आवेदन में आवेदिका ने कहा है कि उसे उक्त योजना का लाभ फरवरी 2024 तक मिला एवं उसके बाद से यह बंद है। आवेदन में आगे कहा गया है कि उक्त योजना के तहत उसने अटल पेंशन योजना के तहत प्रतिमाह निश्चित राशि प्रधानमंत्री मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिली राशि से खाता से कटौती करवा रही थी। लेकिन गत एक वर्ष से उक्त राशि का भुगतान नहीं किए किए जाने से अटल पेंशन योजना में किश्त की राशि गत एक वर्ष से ज्यादा दिनों से जमा नहीं हो पा रही है।

### एक दिवसीय वैज्ञानिक संगोष्ठी 12 अप्रैल को

**खगड़िया।** कोशी महाविद्यालय में 12 अप्रैल को हेनिमैन जयंती के अवसर पर वैज्ञानिक संगोश्ठी का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये रामलोचन ने कहा कि कार्यक्रम में काफी संख्या में होम्योपैथी के चिकित्सक हिस्सा लेगें।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में तोफिर गढ़िया की टीम ने जीता मुकाबला

**चौथम।** प्रखंड के तेलोंछ पंचायत ग्राम बकिया में बाबा चुहरमल मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका विधिवत उद्घाटन पूर्व मुखिया राजीव कुमार सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए बल्ला थामते हुए आजमाइश भी की। वही क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रथम चरण में बकिया एवं फिर गढ़िया के बीच मुकाबला आरंभ हुई। इससे पूर्व दोनों टीमों के द्वारा टस किया गया। टस के दौरान बकिया टीम के कप्तान छबील कुमार ने टस जीता तथा तोफिर गढ़िया के टीम को बल्लेवाजी करने के लिये आमंत्रित किया। 12 ओवर के मैच में तोफिर गढ़िया के खिलाड़ियों द्वारा 174 रन लक्ष्य रखा गया, लेकिन बकिया टीम के द्वारा 10 ओवर पर 134 रन बनाकर अल आउट हो गए। इस तरह से बकिया टीम की हार हुई और तोफिर गढ़िया की टीम विजय घोषित कर दिया गया। खेल आरंभ के मौके पर संजय कुमार डिजिटल, गब्बर मंडल, मनोज चौधरी, कप्तान छबील पासवान, पवन कुमार, धीरज कुमार एवं गणमान्य लोग मौके पर उपस्थित थे। जबकि कोमेन्ट्री का जिम्मा टोनी कुमार संभाल रहे थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों का सही से नहीं हो रहा संचालन

**बेलदौर।** जिला प्रशासन के निर्देशों पर आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सुबह 7 बजे से लेकर 11 तक किया गया। लेकिन 7 बजे एक भी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुलता है। आंगनबाड़ी केंद्र खुलता भी है तो 9 बजे के बाद। और फिर बच्चे को मीनू के आधार पर भोजन नही दिया जाता है। मालूम हो कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र के दिघौन गांव के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 198 एवं 138 केंद्र पर समय पर बच्चे उपस्थित नहीं होते हैं ना ही आंगनबाड़ी सहायिका के द्वारा बच्चों को बुलाया जाता है। यहां तक की आंगनबाड़ी केंद्रों की साफ सफाई भी सही तरीके से नही की जाती है। जिस कारण आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे को बैठाने में काफी परेशानी होती है। हलांकि बाल विकास परियोजना कार्यालय से महिला सुपरवाइजर केन्द्रों की जांच करने पहुंचती है। लेकिन किन कारणों से बच्चों की समस्याओं को नजरअंदाज करती है इसके संबंध में किसी को जानकारी नही मिल पाती है। इस संबंध में जब बाल विकास परियोजना पदाधिकारी से मोबाईल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाईल बंद था। वही जब बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मियों से संपर्क साधा तो सीडीपीओ के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी नही मिल पायी। वैसे स्थानीय लोगों का कहना है कि सीडीपीओ कभी-कभी बेलदौर आती है।

### निजी विद्यालयों की मनमानी पर संज्ञान लेने के लिए डीएम को धन्यवाद : मुकुंद

**दरभंगा।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर निजी विद्यालयों की मनमानी पर संज्ञान लेने एवं अभिभावकों के हित में दिशा-निर्देश जारी करने के लिए जिलाधिकारी दरभंगा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिले के निजी विद्यालयों द्वारा री एडमिशन, यूनिफर्म एवं किताब के नाम पर अभिभावकों का लगातार आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा था। जिस पर उन्होंने डीएम कौशल कुमार व प्रमंडलीय आयुक्त हिमांशु कुमार राय को ज्ञापन सौंपा था, जिस बाबत जिलाधिकारी दरभंगा श्री कुमार ने संज्ञान लिया है और निजी विद्यालयों के लिए एक दिशा-निर्देश जारी किया है, उन्होंने इस दिशा-निर्देश पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा इस वर्तमान जिलाधिकारी कौशल कुमार आमलोगों के प्रति कितना संजीदा हैं, वो इस बात का उदाहरण है कि उन्होंने त्वरित संज्ञान लिया है। हम समस्त जिलावासी की ओर से उन्हें कोटिशरू साधुवाद व आभार प्रकट करते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश का जिला शिक्षा पदाधिकारी कठोरता से लागू कराएं ताकि कोई भी निजी विद्यालय मनमानी नहीं करें एवं अभिभावकों का आर्थिक व मानसिक शोषण पर रोक लगे।

### दुर्घटना में घायल पटोरी निवासी की इलाज के दौरान मौत

**दरभंगा।** समस्तीपुर जिला के पटोरी थाना थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर उनडी गांव के स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद चौधरी के पुत्र वीरेंद्र मोहन चौधरी उम्र 60 साल को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। 4 अप्रैल को वीरेंद्र मोहन चौधरी अपने खेत देखने के लिए साइकिल से जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिसके फल स्वरुप वह गिर गए एवं काफी चोट लगा परिजनों ने उन्हें उठाकर अनुमंडल अस्पताल पटोरी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डक्टर ने उन्हें सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। अनुमंडल अस्पताल समस्तीपुर ने डीएमसीएच इमरजेंसी विभाग में भेज दिया। लेकिन वह डीएमसीएच नहीं आकर इलाज के लिए निजी अस्पताल अललपट्टी चले गए वहां पर इलाज के दरमियांन उनका निधन हो गया। बेता थाना पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। यह जानकारी उनके रिश्तेदार कन्हैया कुमार दिया। पोस्टमार्टम लाश परिजनों को सौंप दिया गया है।

### नागरिक विकास परिषद बेनीपुर द्वारा पूर्व निर्धारित सत्याग्रह शुरू

**बेनीपुर।** नागरिक विकास परिषद बेनीपुर द्वारा पूर्व निर्धारित सत्याग्रह आज दोपहर 12 बजे शुरू हुआ। परिषद अध्यक्ष डॉ. समीर कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सत्याग्रहियों को संबोधित करते हुए संरक्षक व पूर्व जिला परिषद सदस्य रामकुमार झा बब्लु ने अनुमंडल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि संभावित जल संकट से बचाव के निदान में अनुमंडल प्रशासन उदासीन है। राज्य सरकार व जिला प्रशासन के निर्देश पर पीएचईडी का दल गठित किया गया है, जो ग्रामवार पुराने चापाकलों की मरम्मत व आवश्यकता अनुसार नए चापाकल गाड़ने का कार्य करेगा, लेकिन बेनीपुर अनुमंडल में यह दल निष्क्रिय है। इसे शीघ्र सक्रिय किया जाए। ग्रामीण व नगर क्षेत्र में बंद नलजल को अविलंब चालू किया जाए। श्री झा ने आगे मांग की कि सरकारी निदेर्शानुसार अनुमंडल के सभी कार्य विभागों में नियमित जनता दरबार आयोजित हो।

# 33 लाख से बनी दो सड़कों का उद्घाटन

नवसंदेश ब्यूरो

## केवल योजनाएं बनाना नहीं, उन्हें जमीन पर उतारना भी है : अर्चना


सड़क का उद्घाटन करतीं नगर परिषद की सभापति अर्चना कुमारी।

**खगड़िया।** नगर परिषद क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर सभापति अर्चना कुमारी ने वार्ड संख्या-27 एवं वार्ड संख्या-36 में करीब 33 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो महत्वपूर्ण पीसीसी सड़कों का उद्घाटन फीता काटकर किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-27 में 25 लाख 88 हजार रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन किया गया। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की प्रमुख मांगों में शामिल थी। पूर्व में कच्ची सड़क और जलजमाव के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते थे, जिससे बच्चों, बुजुर्गो एवं महिलाओं को आवागमन में कठिनाई होती थी। अब सड़क निर्माण के बाद इस समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है। उद्घाटन के अवसर पर राकेश कुमार, दयानंद भारती, मुकेश तांती, जावी बोरा, पार्वती देवी, पिंकी देवी, रीना देवी, अजीत कुमार, सिद्धांत कुमार, रौशन कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। लोगों ने इस कार्य के लिए नगर परिषद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी वर्षो पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हुई है। वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या-36 में 7 लाख 76 हजार रुपये की लागत से निर्मित पीसीसी सड़क का भी उद्घाटन किया गया। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही खराब रास्तों और आवागमन की समस्या का समाधान हुआ है। अब लोगों को दैनिक जीवन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में स्वच्छता एवं व्यवस्था भी बेहतर होगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद सचिन कुमार, इंद्रदेव प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, संतोष सिंह, मनीष कुमार, मनीष पंडित, पूनम देवी, माया देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने विकास कार्यो को लेकर संतोष व्यक्त किया और नगर परिषद की पहल की सराहना की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नगर

### कच्ची सड़क और जलजमाव के कारण लोगों को होती थी परेशानी, अब मिलेगी राहत

सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारना है। उन्होंने कहा कि शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं और किसी भी क्षेत्र को विकास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सड़क, नाला, जलनिकासी, स्वच्छता और अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया जा रहा है। ताकि आम नागरिकों को सीधे लाभ मिल सके। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में और भी बड़े स्तर पर विकास कार्य किए जाएंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन सड़कों के निर्माण से न केवल आवागमन आसान हुआ है, बल्कि क्षेत्र की तस्वीर भी बदलने लगी है। लोगों ने कहा कि अब उन्हें कीचड़ और खराब रास्तों से मुक्ति मिली है और दैनिक जीवन काफी सरल हो गया है।

## चौदह साल के बच्चे ने की आत्महत्या

**बेलदौर (एनएसबी)।** बेला नौवाद पंचायत के वार्ड नंबर 5 निवासी रुदल सादा के चौदह वर्षीय प्रिंस कुमार ने आत्महत्या कर ली। मृतक पांच भाई में मंझला और कक्षा अष्टम का छात्र था।

मृतक की मां काला देवी ने बताया कि उन्होंने प्रिंस को विद्यालय के समय स्कूल जाने को कहा लेकिन उसने दूसरे के खेत से भुट्टा चोरी कर ली। इसको लेकर उसे फटकार लगाई गयी। इसके बाद किशोर घर से भाग गया। थोड़ी देर बाद मां के खेत जाने के बाद किशोर सुनसान बकरी घर में पहुंचा और वहां रखे साड़ी के टुकड़े से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। फंदे से लटके किशोर को आसपास के बच्चों ने देखा और शोर करने लगे। शोरगुल सुन आसपास के अन्य लोग पहुंचे और किशोर को फंदे से उतारा। इसके बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे सोनवर्षा बाजार के निजी क्लिनिक में पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। परिजनों ने उसे नेक्टर अस्पताल खगड़िया में भर्ती किया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

**खगड़िया (एनएसबी)।** डॉ. अंबेदकर विचार मंच के संरक्षक सह देश बचाओ अभियान के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव ने बताया कि 13 अप्रैल को जलियांवाला बाग दिवस पर शहीद चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा के समक्ष शहीद क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी तथा सभा किया जाएगा। वहीं 14 अप्रैल को डक्टर अंबेडकर के जयंती के अवसर पर अलौली श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय, बनहेर हथवन, बछौता चौक, सदर अस्पताल चौक, अंबेडकर भवन बलुवाही, संसारपुर, अरैया, बलहा सैदपुर, चौथम प्रखंड परिसर में डक्टर अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इस अवसर पर अंबेडकर मेला का आयोजन किया जाएगा, प्रभात फेरी, झांकी निकाली जाएगी। श्री यादव ने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। ड अंबेदकर विचार मंच के योगेंद्र बौद्ध, धनोज दास, मुरली रविदास, गणेश गौरव, लालमणि सदा आदि सक्रिय रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं। श्री यादव ने कहा कि चौथम के कार्यक्रम में सम्मानित सरपंच गण एवं मैट्रिक इंटर के प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को अंगवस्त्र, पुष्पमाला, मोमेंटो, मेडल, संविधान प्रस्तावना पत्र व पुस्तक, प्रशस्ति सम्मान पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

### महेशखूंट में 113 लीटर विदेशी शराब बरामद

**महेशखूंट।** आसाम रोड चौक के पास से पुलिस ने लाल रंग के मैजिक वाहन से 113 लीटर विदेशी शराब बरामद की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक मैजिक वाहन में शराब रखी हुई हैं। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को जांच किया तो देखा की पौने चार सौ मिली लीटर के 300 बोतल विदेशी शराब को छिपा कर रखा हुआ था। पुलिस ने मैजिक सहित वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। चालक का पहचान झारखंड के दुमका जिला के रामगढ़ थाना के कुशमाहा निवासी रूदल रविदास के रूप में हुई। महेशखूंट थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया कि चालक को गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शिक्षा ही बदल सकती है समाज की तस्वीर : बबलू मंडल



**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने गुरुवार को एसएन उच्च विद्यालय, सोनवर्षा रहीमपुर और उच्च माध्यमिक विद्यालय पूर्वी ठाठा विद्यालय में प्रबंधकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और ग्रामीणों की उपस्थिति में विद्यालय के समग्र विकास एवं शिक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक बबलू मंडल ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो समाज की तस्वीर बदल सकती है। अगर हम अपने बच्चों को सही दिशा देना चाहते हैं, तो उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का आधार है। शिक्षित समाज ही जागरूक और सशक्त समाज बनता है, इसलिए विद्यालयों का विकास अत्यंत आवश्यक है। विधायक ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी विद्यालयों में जाकर प्रबंधकारिणी समिति की बैठक कर रहे हैं, ताकि जमीनी स्तर पर समस्याओं को समझा जा सके और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। उन्होंने कहा, जब तक हम खुद विद्यालयों की स्थिति नहीं देखेंगे, तब तक सही विकास संभव नहीं है। हमारा प्रयास है कि हर विद्यालय को एक आदर्श शिक्षण संस्थान बनाया जाए। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहें। विशेष रूप से माताओं की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति अगर ठान ले, तो बच्चों को सही दिशा में आगे बढ़ाना आसान हो जाता है। बच्चों को भटकाव से बचाने के लिए उन्हें निरंतर मार्गदर्शन और निगरानी की आवश्यकता होती है। विधायक ने आश्वासन दिया कि विद्यालय में जो भी समस्याएं हैं, उनका समाधान चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भवन, चहारदीवारी, खेल मैदान जैसी आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि छात्रों को बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो को जमीनी स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। इसके लिए शिक्षकों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे केवल पढ़ाने तक सीमित न रहें, बल्कि बच्चों के सर्वागीण विकास पर भी ध्यान दें।

## आवास सहायकों की हुई बैठक

**चौथम (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय आईटी भवन स्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी के कक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना विषय पर पर्यवेक्षकों एवं आवास सहायकों की बैठक बीडीओ रंजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में आवास सहायकों को निर्देश दिया गया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लाभार्थियों से मिले, तथा पूर्ण और अपूर्ण आवास की जानकारी लें। बीडीओ के द्वारा आवास सहायकों को अपूर्ण इंदिरा आवास वाले लाभार्थियों का घर जल्द से जल्द निर्माण कराए जाने को लेकर प्रेरित करने की बात कही। बीडीओ ने यह भी कि ऐसे लाभार्थी जिनके द्वारा आवास की राशि का उठाया जा चुका है और लाभार्थी के द्वारा घर नहीं बनाए गए हैं ऐसी स्थिति में, ऐसे लाभार्थियों को सरकार के द्वारा लाल पीले नोटिस जारी किए जा सकते हैं। जबकि यह भी बताया गया कि क्षेत्र में अधिकांश लाभार्थियों के लगभग दो किस्तों का भुगतान हो चुका है तथा अब तीसरी किस्त जल्द क्रमशः भुगतान किया जा रहे हैं। ऐसे में अगर आवास लाभार्थी अपना घर नहीं बना पाते हैं तो यह गंभीर विषय है। बीडीओ के द्वारा ऐसे लाभार्थियों को प्रेरित कर आवास लाभार्थियों का घर पूर्ण करने के लिए सहयोगात्मक कार्य करें। वही इस बैठक में आरटीपीएस डाटा कर्मी राजीव कुमार, सुपरवाइजर अभिषेक कुमार, पिंटू कुमार, असादुल्लाह साद, अजय कुमार, सुधीर सुमन, राहुल देव ठाकुर आदि मौजूद थे। जबकि मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी प्रमथ मयंक भी मौजूद रहे।

## रामपुर के सरपंच का समर्थकों ने किया स्वागत



**गोगरी (एनएसबी)।** प्रखंड के रामपुर ग्राम कचहरी के सरपंच नूर आलम सात दिवसीय आशीर्वाद यात्रा के तहत मिजोरम पहुंचे जहां बुधवार की रात्रि मिजोरम के आइजोल जिले के सायरंग रेलवे स्टेशन पार्सल कार्यालय में वहां रहने वाले रामपुर गांव के ग्रामीण समर्थकों ने भव्य स्वागत किया और शल भेंट कर सम्मानित किया। बताते चलें कि गोगरी प्रखंड के रामपुर गांव के अलावे चौथम प्रखंड के ठेहरिया पिपरा गांव के मजदूर व बेगूसराय जिले के साहेबपुरकमाल के मजदूर ने सात दिवसीय आशीर्वाद यात्रा दौरे पर मिजोरम गए सरपंच के स्वागत में मजदूर संघ के सरदार मो सराफत खान उर्फ सरफराज ने बुके भेंट और अंग वस्त्र सहित मिजोरम राज्य की तस्वीरें देकर सम्मानित किया। और इसी वर्ष 2026 में फिर से सरपंच पद दावेदारी के लिए उन्हें समर्थन देने का भरोसा दिलाया। ग्रामीण के भव्य स्वागत से गद सरपंच ने अपने ग्रामीण व जिला वासी समर्थकों को आश्वासन किया कि मैं अपनी मेहनत और आपके सहयोग से काम करता रहूंगा। कठिन परिस्थितियों में गांव लेकर अन्य प्रदेशों तक में अपने ग्रामीण के लिए खून पसीना एक कर दूंगा। साथ ही सबको एक साथ लेकर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सायरंग स्टेशन मास्टर गुड्डू सिंह,पार्सल मैनेजर जयदीप कुमार,मुंशी उज्जवल ठाकुर,बिट्टू कुमार, सोनू आलम, इमरान आलम, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## सूखा नशा के खिलाफ लोगों में जागरूकता की जरूरत : शास्त्री


उद्घाटन के बाद समारोह को संबोधित करते अतिथि।

### बेला में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मेला आयोजित

**खगड़िया (एनएसबी)।** सदर प्रखंड के बेला में आयोजित वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल मेला के तहत बुधवार की रात भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दलित युवा संग्राम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य राकेश पासवान शास्त्री एवं समाज सेविका शीलकमल पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने मेला आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा चौहरमल सामाजिक एकता, अखंडता और वीरता के प्रतीक थे। उन्होंने अन्याय, अत्याचार और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ जीवनभर संघर्ष कर समाज को नई दिशा दी, जिनकी गाथा आज भी प्रेरणादायक है। उन्होंने विशेष रूप से समाज में बढ़ रही वितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि बच्चों के बीच फैल रहे सुखा नशा को जड़ से समाप्त करना समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने आह्वान किया कि बाबा चौहरमल के आदर्शो पर चलकर समाज को तलवार नहीं, बल्कि शिक्षा और कलम के जरिए मजबूत बनाना होगा। नशामुक्त, शिक्षित और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने गायक और गायिका कलाकारों का स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन करते हुए शांति -सौहार्द और भाईचारे की वातावरण में मेला और सांस्तिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया। वहीं शीलकमल पासवान ने कहा कि बाबा चौहरमल हमारे कुलदेवता हैं और उनके जन्मोत्सव पर आयोजित यह सात दिवसीय मेला पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने भविष्य में स्थानीय कलाकारों को और अधिक मंच देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने कलाकारों को आर्थिक रूप से सम्मानित भी किया। सांस्तिक कार्यक्रम में कलाकार गुंजन राज बिहारी और सोनियां संगम की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया, वहीं उद्घोषक राहुल झा ने अपने शायराना अंदाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष रवीन्द्र पासवान, सेवानिवृत प्रधानाध्यापक सुभाष पासवान, रूपक पासवान, सचिव अमरनाथ पासवान, कोषाध्यक्ष अमृत पासवान सहित दीपक, अभिषेक, अविनाश, नीतीश, सिंटू, मनोहर, शिवधर, आजाद, गुड्डू पासवान, विशाल, शनातन, अंकित, उदय, मिथुन, कुलदीप, आदित्य, पियुष, ज्ञानी पासवान एवं राजा पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शून्य से शिखर तक का सफर भारतीय लोकतंत्र का महत्वपूर्ण अध्याय : आलोक

**खगड़िया (एनएसबी)।** दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बीजेपी के है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को हुई थी। उक्त बातें जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार विद्यार्थी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहीं।

उन्होंने कहा कि शून्य से शुरू हुई यह पार्टी आज देश में छाई हुई है और केंद्र समेत अधिकतर राज्यों में इसकी सरकार है, लेकिन बहुत कम लोगों को यह बात पता है कि बीजेपी की शुरुआत बेहद साधारण स्थिति में हुई थी। 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ बनाया। बीजेपी को समझने से पहले हमें उसकी जड़ों के बारे में जानना होगा, तभी हम दुनिया के इस सबसे बड़े दल के बारे में जान सकते हैं। राजनीतिक पंडितों के मुताबिक, बीजेपी की जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हैं। राजनीतिक संगठन की स्थापना 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी । यह दल 1977 तक जनता के बीच काम करता रहा और चुनाव लड़ता रहा। वर्ष 1975 में जब इंदिरा गांधी सरकार ने आपातकाल लगाया तो उसके खिलाफ जनसंघ ने बाकी


आलोक विद्यार्थी।

दलों के साथ मिलकर जनता पार्टी का गठन किया हालांकि, वैचारिक मतभेदों के चलते 1980 में यह पार्टी टूट गई और उसके बाद जनसंघ एक नए संगठन बीजेपी के रूप में सामने आया। राजनीति से जुड़े लोग बताते हैं कि अपने शुरुआती दौर में बीजेपी को काफी संघर्ष का सामना करना पड़ा पार्टी ने 1984 में

> बीजेपी को समझने से पहले हमें उसकी जड़ों के बारे में जानना होगा, तभी हम दुनिया के इस सबसे बड़े दल के बारे में जान सकते हैं।

अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा लेकिन उसमें उसे करारी हार झेलनी पड़ी। उस चुनाव में बीजेपी को दो सीट मिली जो उसके लिए बड़ा झटका था। इसके बाद अटल बिहारी वाजपेई लाल ष्ण आडवाणी ने नेतृत्व वाली बीजेपी ने हार नहीं मानी, और धीरे-धीरे देशभर में संगठन का विस्तार कर दिया।

**1990 के दशक में आया टर्निंग प्वाइंट :** यह दशक बीजेपी के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, लालष्ण आडवाणी के नेतृत्व में बीजेपी कई राज्यों में रथ यात्रा निकाली साथ ही राम मंदिर आंदोलन तेज किया। इन दोनों आंदोलनों ने देश भर में पार्टी के प्रति जन समर्थन पैदा किया उनकी मेहनत रंग लाई और वर्ष 1996 में बीजेपी पहली बार केंद्र में सबसे बड़ी पार्टी बन गई, लेकिन अपनी सरकार नहीं बना पाए।

तीन साल बाद अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन सरकार बनाने में कामयाब रही। यह सरकार 1999 से 2004 तक चली। इस दौरान देश ने करगिल में पाकिस्तान को धूल चटाई, परमाणु प्रशिक्षण कर देश को वैश्विक महाशक्ति बनाने का काम किया, अटल सरकार ने देश को सड़कों, पुलों और रेलवे का ढांचा भी तेजी से सुधारने का काम किया। काम के बावजूद भी 2004 का चुनाव हार गई। पार्टी इस बेहतरीन कामों के बावजूद बीजेपी 2004 का लोकसभा चुनाव हार गई और अगले 10 वर्षो तक सत्ता से दूर रही। हालांकि विपक्ष में रहते हुए भी वह मुखर बनी रही और विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेर कर जनता में उनके खिलाफ जनमत तैयार किया। उसने देश भर में अपने संगठन को और मजबूत करने का ध्यान दिया। इसके बाद 2014 को वह ऐतिहासिक वर्ष आया जब नरेंद्र मोदी एक आंधी के तरह केंद्रीय राजनीति में उभरे उनके नेतृत्व में लड़े गए लोकसभा चुनाव में बीजेपी को बंपर जीत हासिल हुई। पहली बार पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सत्ता में आई इसके बाद 2019 में भी पार्टी ने फिर से बड़ी जीत हासिल कर अपनी नया सरकार बनाई।

अब 2024 में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करके भाजपा सत्ता में आई है हालांकि इस बार पार्टी बहुमत से दूर रह गई इसे जदयू, टीम के साथ मिलकर सरकार बनानी पड़ी। इसके बावजूद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी न केवल राज्यों में अपनी सत्ता मजबूत कर रही है बल्कि जन आधार भी बढ़ा रही है। शून्य से शिखर तक का यह सफर बीजेपी के लिए एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण अध्याय भी है। इससे देश की राजनीति की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित किया है। उसे यहां तक पहुंचने में संगठनात्मक मजबूती स्पष्ट विचारधारा प्रभावी नेतृत्व अहम कारण बन गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक नचिकेता मंडल की पहल पर उजड़ने से बच गए 80 महादलित परिवारों के घर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे की जमीन को अतिक्रमण कार्यों से मुक्त करने को लेकर रेल एवं जिला प्रशासन की ओर से डीजल शेड जमालपुर चलाए जा रहे अभियान विधायक के पहल पर फिर वक्त रोक दिया गया। जिससे 80 महादलित के झुग्गी झोपड़ी एवं कच्चा मकान गुजरने से बच गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान की टीम जैसे ही सहायक नगर अभियंता रेल राजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ जीआरपी सहित जिला पुलिस की टीम दलबल के साथ डीजल शेड स्थित दलित बस्ती पहुंची तो थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी जैसा माहौल देखने को मिला। महादलित बस्ती में चलने वाले अतिक्रमण मुक्त अभियान की जानकारी जैसे ही दलित परिवार के द्वारा जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल को दी गई तो उन्होंने अपने प्रतिनिधित्व के रूप में प्रखंड अध्यक्ष मुन्नीलाल मंडल को मौके पर भेज कर वस्तु स्थिति से अवगत करवाते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए डीआरएम से बात करते हुए थोड़ा वक्त देने की बात कही। इधर विधायक के इस पहल पर रेल प्रशासन व कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल के साथ आरपीएफ की टीम के लंबी वार्ता होने के बाद श्री मंडल के लिखित देने के बाद दलित बस्ती में चलने वाले अतिक्रमण अभियान को फिल वक़्त टाल दिया गया।इधर विधायक के पहल पर 80 घर उजरने से बचने पर महादलित परिवार के लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है। इधर अतिक्रमण मुक्त अभियान के टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन, एसआई एसके दास, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, अंकिता कुमारी, शोभा कुमारी सहित रेल पुलिस एसआई मुन्ना कुमार यादव, सिपाही प्रीति कुमारी के अलावे ईस्ट कलोनी थाना एएसआई अनिल सिंह, सिपाही नवीन कुमार सोनू कुमार नारायण सुजीत कुमार सूरज कुमार सुरेंद्र सहित कई मौजूद थे।

**सकारात्मक समझौता के बाद डीजल शेड स्थित महादलित बस्ती में नहीं चला अतिक्रमण मुक्त अभियान**


वार्ता करते पुलिस प्रशासन आरपीएफ एवं नेता।

### ईवीएम वेयरहाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर जताया संतोष

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी चुनावों की पूर्व तैयारियों और पारदर्शिता को केंद्र में रखते हुए गुरुवार को जिला पदाधिकारी द्वारा ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का सघन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का



मुख्य उद्देश्य मशीनों के रख-रखाव, भंडारण की स्थिति और सुरक्षा मानकों की जमीनी हकीकत का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रवेश एवं निकास के प्रोटोकॉल और रिकॉर्ड संधारण की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनी रहे। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अभिलेखागार पदाधिकारी, सहायक कोषागार पदाधिकारी के साथ-साथ भवन प्रमंडल और विद्युत विभाग के सहायक अभियंता शामिल थे। अधिकारियों ने तकनीकी पहलुओं पर चर्चा करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक फीडबैक साझा किए। प्रशासनिक सक्रियता के साथ-साथ लोकतांत्रिक पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया। उपस्थित राजनीतिक प्रतिनिधियों ने पूरी व्यवस्था का अवलोकन करने के बाद प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों और भंडारण की तकनीक पर संतोष व्यक्त किया और निष्पक्षता की दिशा में उठाए गए इन कदमों की सराहना की।

### प्रखंड स्तरीय मेधा सम्मान समारोह आज, तैयारी पूरी

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के विद्यापति मॉडल इंटर विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय मेघा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमे प्रखंड स्तर पर या विद्यालय स्तर पर वर्ग नबम से बारहवीं तक में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया जाना है। जिसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य अमित भूषण ने बताया कि स्कूल के सभा हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलसिंहसराय के अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार है। जिनके हाथों बच्चों को सम्मानित किया जाना है। मौके पर बीईओ डॉ प्रभात रंजन, सीओ अरुण कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

**रसोई गैस की किल्लत, बढ़ती महंगाई व भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने किया रोष प्रदर्शन**

# सपा ने पीएम एवं सीएम का पुतला फूंका





रसोई गैस की किल्लत बढ़ती महंगाई जिले के हर विभाग में व्याप्त अराजकता लूट खसोट को लेकर पीएम सीएम का पुतला दहन करते समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता।

**मुंगेर (एनएसबी)।** रसोई गैस की किल्लत बढ़ती महंगाई जिले के हर विभाग में व्याप्त अराजकता लूट खसोट को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इसके पूर्व सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में सपाई बेलन बाजार स्थित कार्यालय से जुलूस निकाल जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों पर प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचा और पुतले को आग के हवाले किया इस दौरान आंदोलनकारी रसोई गैस की किल्लत एवं काला बाजारी पर रोक लगाओ बढ़ती महंगाई पर रोक लगाओ जिले में व्याप्त आराजकता दूर करो शासन प्रशासन होश में आओ नरेंद्र नीतीश मुदार्बाद जिला प्रशासन हाय हाय आदि नारे लगा रहे थे।

मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि रसोई गैस की कीमत के कारण स्थिति विस्फोटक होती जा रही है महंगाई बढ़ती जा रही है लेकिन केंद्र और राज्य में बैठे नरेंद्र नीतीश की सरकार आम जनता को गुमराह करने में लगा है और शासन प्रशासन के लोग अपनी नाकामी छुपाने के लिए आंदोलनकारी के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं इस अराजक स्थिति को हम सपाई कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे परिणाम चाहे जो हो जिले के हर कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था प्रशासनिक पुलिस जुल्म के विरुद्ध हमारा विरोध जारी रहेगा।समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि सुशासन के खोखली दावे के बीच जिले में अराजकता के माहौल का ये आलम है कि कहीं फाइल जल रहा है कहीं घूस लेते कर्मचारी पकड़े जा रहे हैं कहीं रसोई गैस के लिए अफरा तफरी मची है कहीं जन नल योजना के लिए आंदोलन हो रहा है और सरकार और सरकार के नुमाइंदा बस लूटने में लगे हैं जिसका जवाब हम सपाई अपने आंदोलन से देंगे।

**केंद्र व राज्य की सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए कर रही है जनता को गुमराह : पप्पू**

प्रदर्शन में उपाध्यक्ष रामनाथ राय, महासचिव मिथिलेश यादव, अशोक भारत, सचिव नकुल यादव, सुधीर यादव, मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम, गोपाल वर्मा, मथुरी यादव, छडपन मंडल, मनीष यादव, शंभू शंकर, गौरव यादव, दिनेश साहू, रामानंद यादव, वीरेंद्र दास, सुरेश यादव, चंदन साह, कालेश्वर महतो, राज कुमार, नीरज चौरसिया, अशोक शर्मा, सिद्ध कुमत, महावीर दास, अमीत कुमार, लोरिक मंडल, महमूद आलम सहित कई सपाई मौजूद थे।

### औराई के पांच पंचायतों में पैक्स चुनाव के लिए अध्यक्ष पद के 12 औऱ सदस्य पद के 51 ने किया नामांकन

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड अंतर्गत पांच पंचायतों में 20 को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार तक कुल 12 अभ्यर्थियों ने अध्यक्ष पद के लिए और 51 अभ्यर्थियों ने सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। बीडीओ रजनीश शंकर झा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 अप्रैल को चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन ही शाम को व्यापार मंडल भवन में मतगणना आरंभ करा दिया जाएगा। साथ हीं देर रात तक परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए सरहंचिया पंचायत से मनीष भारती, संत कुमार, महेशवारा पंचायत से मिथिलेश कुमार व अशोक कुमार, जनार पंचायत से अभिषेक चंद यादव, शंभू कुमार व शंभू कुमार राय, सहिलाबल्ली पंचायत से कमलेश कुमार, संजीत कुमार व मिथिलेश राय, परमजीवर ताराजीवर पंचायत से रामनंदन प्रसाद व उपेंद्र राय ने नामांकन दाखिल किया।

## लखीसराय में "ज्ञान भारतम मिशन" के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण व संरक्षण हेतु जिलास्तरीय बैठक आयोजित

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी नीरज कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में "ज्ञान भारतम मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में मौजूद प्राचीन पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, पहचान और उनका डिजिटलीकरण सुनिश्चित करना है ताकि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जा सके। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने मिशन की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि इसके तहत सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, मठ-मंदिरों, पुस्तकालयों और निजी संग्राहकों के पास उपलब्ध दुर्लभ हस्तलिपियों को सहेजने का कार्य किया जाएगा।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि ताड़पत्र, कपड़ा, धातु और कागज पर हस्तलिखित ये दस्तावेज ऐतिहासिक व धार्मिक दृष्टि से अमूल्य हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी और जिला प्रोग्राम पदाधिकारी को इस मिशन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर



बैठक करते अधिकारी ।

व्यापक सर्वेक्षण अभियान चलाएं और विद्यालयों व महाविद्यालयों से संपर्क कर आंकड़ों का एकत्रीकरण करें। आधुनिक तकनीक पर जोर देते हुए बैठक में निर्देशित किया गया कि पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए एआई आधारित डिजिटल रिपॉजिटरी विकसित की जाएगी, जिससे शोधकताओं के लिए दुर्लभ सामग्रियों तक पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही संबंधित ऐप डाउनलोड करने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार सहित जिले के तमाम वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रतिमा नहीं, रोसड़ा के सम्मान को जेसीबी से तोड़ा : अमित राय

**रोसड़ा (एनएसबी)।** रोसड़ा बाजार के गांधी चौक पर स्थापित वर्षों पुरानी महात्मा गांधी की प्रतिमा को बुधवार की देर रात जेसीबी से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना से एक तरफ प्रशासन स्तब्ध है। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय लोगों में व्यापक आक्रोश व्याप्त है।

गांधी चौक पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा लंबे समय से शहर की पहचान और श्रद्धा का केंद्र रही है। प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दिन निकलते ही घटनास्थल पर लोगों की व्यापक भीड़ जुट गई। भाकपा माले नेता अमित कुमार ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि, यह केवल एक प्रतिमा का नुकसान नहीं, बल्कि यह रोसड़ा के सम्मान और अभिमान की क्षति है। यह राष्ट्रपिता का अपमान और उनके प्रति राष्ट्र के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली घटना है।

**घटना से प्रशासन स्तब्ध, लोगों में आक्रोश**

**भाकपा माले नेता अमित कुमार ने की कड़ी निंदा**

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस क्रम में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, ह्लसभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है। शीघ्र ही दोषियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी।ह्व उधर नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि, ह्लप्रतिमा स्थल को अविलंब सुव्यवस्थित कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पुनः स्थापित कराई जाए। साथ ही चौक पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोहराई न जा सके।

कुछ लोग इसे असामाजिक तत्वों की करतूत मान रहे हैं। वहीं कुछ लोगों को इसमें प्रशासन के मिलीभगत या मौन सहमति की बू आ रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर घटनास्थल पर पहुंचे एसडीएम, व डीएसपी ने कुछ भी कहने से मना कर दिया। कहा, जांच पूरी होने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

## किसी जाति व संप्रदाय के नेता नहीं समाज के नेता थे उपेंद्र प्रसाद वर्मा





छठी पुण्यतिथि पर दिवंगत मंत्री उपेंद्र प्रसाद वर्मा को श्रद्धांजलि देते समाजवादी नेता।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** उपेंद्र प्रसाद वर्मा समाजवादी मंच की ओर से बिहार सरकार के पूर्व दिवंगत मंत्री उपेंद्र प्रसाद वर्मा का छठी पुण्यतिथि समारोह आर्य समाज मंदिर जमालपुर के प्रांगण में मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह का अध्यक्षता करते हुए समाजवादी नेता रविंद्र कुमार रवि ने कहा दिवंगत मंत्री अपने कार्यकाल में जमालपुर विधानसभा में जनकल्याणकारी एक से बढ़कर एक किए थे जिसका परिणाम है कि आज जनता उनके नाम को बड़े ही आदर सम्मान के साथ लेते हैं। समारोह के मुख्य अतिथि दिवंगत मंत्री की बड़ी पुत्री पूर्व जिला पार्षद सदस्य विद्या वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाजवादी विचार के तहत अपने सादगी के लिए दिवंगत मंत्री जाने जाते थे जो अपने 25 साल के कार्यकाल में जमालपुर में जो विकास की लकीर उन्होंने खींची थी उनका आज भी लोग मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 25 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज बुलंद करते हुए अपने जीवन काल को उजाले की तरह सफेद बनाने का काम किए थे। उनके निधन उनके जाने से उनके समर्थकों के बीच आज भी मायूसी है। वही पूर्व प्रत्याशी नरेंद्र तांती व वरीय नेता सुबोध ताती ने कहा कि दिवंगत मंत्री किसी जाति धर्म संप्रदाय के नेता नहीं थे वह जनता के नेता थे इसलिए उनकी जयंती एवं पुण्यतिथि को किसी पार्टी से नहीं बांधना चाहिए। पुण्यतिथि समारोह में प्रभाकर चौरसिया, प्रोफेसर विनय कुमार सुमन, प्रदीप यादव, विनय यादव, गणेश पासवान, देवानंद यादव, दिनेश चंद्र मंडल, अजय यादव, बमबम यादव, हरिनंदन आर्य, विजेंद्र कुमार मिंटू, शशि नारायण मंडल सहित कई मौजूद थे।

**रेलवे के साधना सप्ताह समारोह के तहत इरिमी एवं कारखाना की ओर से आयोजित हुए कई कार्यक्रम**

# कर्मचारी से कर्मयोगी बनने का रास्ता बता रहा साधना सप्ताह


।


महानिदेशक का सम्मान करते सीडब्ल्यूएम एवं अन्य।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** रेलवे की ओर से 2 से 10 अप्रैल तक साधना सप्ताह समारोह का आयोजन हो रहा है।इरिमी एवं कारखाना की ओर से आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने के दिशा में किया जा रहा है। इधर साधना सप्ताह के तहत कारखाना राजभाषा विभाग की ओर से कवि गोष्ठी राजभाषा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि के तौर पर महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि विनय प्रसाद वर्णवाल व डीन प्रेम प्रकाश थे।कवि गोष्ठी में

मुजफ्फरपुर की कवि आरती कुमारी, मुंगेर से अनिरुद्ध सिन्हा, शिवनंदन सिंह सलिल, कुमार विजय गुप्ता, जमालपुर से प्रमोद कुमार निराला, बेगूसराय से सच्चिदानंद पाठक ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य पाठ करते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानिदेशक श्री सिन्हा ने कवि के रूप में सहभागिता करते हुए अपनी रचनाओं का प्रभावशाली वाचन किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

कवि गोष्ठी के उपरांत मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा कवियों को अंग वस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पम-पत्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। तदुपरांत वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण प्रारम्भ किया गया।अपने स्वागत सम्बोधन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, क्रेन प्रीतम कुमार ने कहा कि यह आयोजन हिंदी के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पूर्व रेलवे द्वारा रेल इंजन कारखाना, जमालपुर को दिनांक 19 मार्च 2026 को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया है। साथ ही, क्षेत्रीय हिंदी नाट्योत्सव में कारखाने की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है।मंच संचालन डॉ. हिमालय कुमार हिमांशु द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक कल्याण अधिकारी संजय कुमार ताँती द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत के पश्चात राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### शौच करने गए मजदूर की आहर में डूबने से मौत

**आरा।** गड़हनी थाना के दुलारपुर गांव में गुरुवार की सुबह शौच करने गए मजदूर की आहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक गड़हनी थाना के दुलारपुर गांव निवासी महेश राम का 37 वर्षीय पुत्र मनु राम है। मृतक के करीबी विकाश मित्र रामबाबू राम ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब सात बजे वह शौच करने के लिए आहर के किनारे गए थे। जब वह पानी छूने के लिए आहर किनारे गए तभी पैर फिसल गया और वह आहर में गिर कर डूब गए। स्थानीय थाना मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**आरा।** सहार थाना के बरूही गांव में बुधवार की रात घरेलू कलह के कारण एक युवक ने गले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव घर के पीछे ताड़ के पेड़ से लटका मिला। मृतक सहार थाना क्षेत्र के बरुही गांव वार्ड नंबर-2 निवासी सियाराम चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र रामसूरत चौधरी है।

### मृत युवक के शव की तीसरे दिन हुई शिनाख्त

**आरा।** ट्रेन से गिरकर मृत युवक के शव की तीसरे दिन शिनाख्त हुई। परिजन ने सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम रुम में जाकर शव की पहचान की। मृतक बिहिया थाना के फिंनगी गांव निवासी घुटूर सिंह के 42 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र सिंह है। मंगलवार की सुबह बिहिया स्टेशन के समीप ट्रेन से गिरकर उसकी मौत हो गई थी।

### गाली-गलौज के बाद घर पर फायरिंग

**बड़हरा।** फरना गांव में बुधवार की रात मोबाइल पर धमकी देने के बाद एक शख्स के दरवाजे पर फायरिंग की गयी। करीब दो राउंड फायरिंग करने की बात कही जा रही है। हालांकि गोलीबारी की घटना में किसी के जख्मी होने की खबर नहीं है। पुलिस ने मौके से एक जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किया गया। फायरिंग की वारदात फरना गांव निवासी हरेंद्र पांडेय के पुत्र झब्बू पांडेय के घर पर हुई है। इस मामले में झब्बू पांडेय के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें गांव के ही चार लोगों को नामजद व दो अज्ञात को आरोपित किया गया है।

### एनीमिया उन्मूलन पर संगोष्ठी



**पीरो।** आधुनिक जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच, एनीमिया (खून की कमी) जैसी गंभीर समस्या के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से गुरुवार को पीरो अनुमंडल क्षेत्र के फतेहपुर बाजार स्थित एक निजी कम्प्लेक्स में एक विशेष सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों, स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जहां इस खामोश बीमारी से लड़ने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और विषय प्रवर्तक के रूप में उपस्थित ड़ संचिता गौड़ ने सेमिनार का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त किया कि एनीमिया भारत में विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों के विकास में एक बड़ी बाधा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग शरीर में होने वाले छोटे-मोटे बदलावों को थकान मानकर नजरअंदाज कर देते हैं जो बाद में गंभीर एनीमिया का रूप ले लेता है।

### 210 लीटर महुआ शराब बरामद

**कोईलवर।** गीधा पुलिस ने 210 लीटर देसी महुआ शराब के साथ चार कारोबारियों को गिरतार किया है। य आरोपियों में बिटेशर कुमार एवं जैकेश कुमार, दोनों निवासी सुरौन्धा कलोनी थाना कोईलवर, विशाल कुमार, निवासी कोईलवर थाना कोईलवर तथा पियूष कुमार, निवासी पुरानी पुलिस लाइन आरा थाना मुफसिल शामिल हैं। गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने बताया कि कोईलवर की ओर से एक बोलेरो वाहन में शराब लादकर आरा की तरफ ले जाई जा रही है।

### एसपी ने नवनिर्मित ट्रैफिक थाना भवन और जिम का किया निरीक्षण



**आरा।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा गुरुवार को ट्रैफिक थाना के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। थाने का नवनिर्मित भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें कार्यालय कक्ष, अभिलेख कक्ष, हाजत, महिला परामर्श कक्ष एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ट्रैफिक थाना में यातायात नियंत्रण हेतु सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल चालान व्यवस्था, वायरलेस संचार प्रणाली एवं नियंत्रण कक्ष की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड एवं सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए शिकायत एवं चालान संबंधी जानकारी हेतु अलग काउंटर की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भवन के समुचित रख-रखाव एवं बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक राज द्वारा नवीन पुलिस केंद्र में पुलिसकर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस को सुढ़ बनाने हेतु निर्माणाधीन ओपन जिम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपयोग में लाई जा रही सामग्री का गहन अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने पर विशेष बल दिया गया।

### दीपक कुमार सिन्हा को दी गई श्रद्धांजलि



**आरा।** शहर के आनंद नगर गली नंबर-1 में बुधवार को वरिष्ठ लेखापाल स्व् दीपक कुमार सिन्हा (संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय पटना) के साथ श्राद्धकर्म के मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्व. सिन्हा की पत्नी निशा सिन्हा, पुत्र अर्णव सिन्हा, आरव सिन्हा, सुशील सिन्हा, रमेश कुमार, पुली सिंह, सुनील यादव (पूर्व मेयर) जेपी यादव उर्फ बड़े समेत कई अन्य लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को दी गयी विदायी



**उदवंतनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के गजराजगंज राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पांचवी कक्षा उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया तथा बच्चों को आगे की शिक्षा पूर्ण करने की शुभकामनाओं के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वरिष्ठ शिक्षक शिशिर कुमार सिंह को उनके उत्ष्ट कार्य व पठन पाठन में सहयोग के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गय।

## हथियारबंद बदमाशों ने युवक को मारी गोली

**आरा/संदेश (एनएसबी)।** संदेश थाना के तीर्थकोल गांव में बुधवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने युवक को गोली मार दी। उसे बाएं हाथ के हथेली के ऊपर हिस्से पर गोली लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए शहर के महावीर टोला स्थित मेडिकन अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकोल गांव निवासी मिथिलेश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अमित कुमार सिंह है। बताया जाता है कि बुधवार की रात वह अपने घर के बाहर टहल रहा था। तभी हथियारबंद बदमाशों द्वारा उसे गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताया कि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच कर रही है।

**घटना के कारणों का पता लगा रही पुलिस**

## मेला लगाकर युवाओं को दें रोजगार : मंत्री

**श्रम संसाधन मंत्री ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**आरा (एनएसबी)।** जिला अतिथि गृह में श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग/युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मंत्री संजय सिंह (टाईगर) कि अध्यक्षता में श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आहुत कि गई। इसमें मंत्री के आप्त सचिव राजेश कुमार, संयुक्त श्रमायुक्त, श्याम प्रकाश शुक्ला, उप निदेशक (नि), निदेशालय, अकबर जावेद आजाद, संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार-सह-उप श्रमायुक्त, पटना प्रमंडल, पटना, अमृता कुमारी, उप निदेशक (नि), पटना प्रमंडल, पटना, रोहित राज सिंह, उप श्रमायुक्त (बोर्ड), एवं जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



जिला अतिथि गृह में अधिकारियों के साथ बैठक करते मंत्री।

**श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाने का मंत्री ने दिया निर्देश**

श्रम पक्ष के समीक्षा के दौरान मंत्री ने सुजीत कुमार, श्रम अधीक्षक, भोजपुर एव सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों को बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अतर्गत निर्माण श्रमिकों के ज्यादा से ज्यादा निबंधन एवं योजना के लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बिहार राज्य प्रवासी मजदुर दुर्घटना अनुदान योजना 2008 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर अनुदान की राशि प्रदान करने का निदेश दिया गया। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान एक करोड़ रोजगार दिलाने दिलाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोजगार मेला लगाकर योग्य युवाओं को रोजगार दिलाया जाय। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समीक्षा के क्रम में सभी संस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने एवं छात्रों की उपस्थिति का मॉनिटरिंग करने एवं संस्थानों में खाली सीटों पर छात्रों का नामांकन कराने हेतु उचित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

**श्री बालाजी-नृसिंह मंदिर**



**कोईलवर (एसएनबी)।** कोइलवर प्रखंड के बहियारा गांव मे नव निर्मित श्री बाला जी-नृसिंह मंदिर के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान की गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरुआत हुई। श्री बालाजी-नृसिंह मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के पहले दिन मंदिर में श्री बालाजी, गणेश जी, लक्ष्मी जी, राम दरबार में एक साथ श्री राम चंद्र जी, माता सीता जी, श्री लक्ष्मण जी, श्री हनुमान जी,पुनः श्री हनुमान जी को स्थापित किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि यह मंदिर आगम शास्त्र के अनुरूप दक्षिण भारतीय स्थापत्य शैली से बन कर तैयार हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा पूजन का अनुष्ठान तमिलनाडु से आए हुए कई शास्त्री कर रहे हैं। पूर्व सांसद आरके सिन्हा, उनकी धर्म पत्नी श्रीमती रीता किशोर सिन्हा, पुत्र ऋतुराज सिन्हा एवं पुत्र वधु श्रीमती पल्लवी सिन्हा के पैतृक आवास पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोन के सुरम्य तट पर स्थित पूरा वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि से गूंजता रहा।

## अवैध हथियार, कारतूस और नकदी के साथ बदमाश गिरफ्तार



**आरा (एसएनबी)।** अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत कृष्णगढ़ थाना पुलिस को सफलता हाथ लगी है।

इस दौरान पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार, कारतूस, खोखा, मोबाइल एवं नगद रुपए के साथ एक बदमाश को गिरतार किया गया। उसकी गिरतारी थाना क्षेत्र के गुंडी गांव स्थित उसके घर से की। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 देशी कट्टा, 15 कारतूस, 1 खोखा, 2 मोबाइल एवं 10,800 रुपये नगद बरामद किया। बरामद दो देशी कट्टा में एक कट्टा दोनाली व डबल ट्रिगर वाला शामिल है। गिरतार बदमाश कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी रामाशंकर यादव का पुत्र हरेृष्णा यादव है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने पुलिस बल के साथ हरेकृष्णा यादव के घर छापेमारी की।

## परीक्षा की तैयारी के प्रति रहें सजग : एसपी



**आरा (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा द्वारा गुरुवार को नवीन पुलिस केंद्र, भोजपुर में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों को उनके प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन, साफ-सफाई, कार्य के प्रति निष्ठा, व्यावहारिक दक्षता, विधिक ज्ञान एवं पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को अपराध नियंत्रण, गश्ती व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा, आपातकालीन सहायता, सूचना संग्रहण एवं आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने सिपाहियों को आगामी प्रशिक्षण समापन परीक्षा की तैयारी के प्रति सजग रहने एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।

## भेदभाव दूर करने के उपाय यज्ञ और कथा ही हैं : रंगनाथाचार्य

**चरपोखरी (एसएनबी)।** सोनवर्षा ग्राम में प्रसिद्ध श्रीतोताद्रिमठ लक्ष्मीनारायण आश्रम पर त्रिदण्डी स्वामी जी के 38 वे स्मृति महोत्सव के उपलक्ष्य में स्वामी रंगनाथाचार्यजी महाराज के नेतृत्व में होरहे साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा सुनने के लिए हजारों के संख्या में हरि भक्त पधारे जहाँ अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक परंपूज्य दयानन्द शास्त्रीजी ने तीन रत्नों की चर्चा करते हुए बताए की जल, अन्न और सुन्दर वाणी यही तीन रत्न हैं। जिसे शास्त्रों में कहा गया है चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुण कर्म विभागशगीता पर वर्तमान के राजनीति ने जातीवाद के विष घोलकर हिन्दू समाज को तोड़ने का कुचक्र खेला गया है, जिससे हिन्दूसमाज को बचना चाहिए। मौके पर अनंत पांडेय, गोपी जी, अर्जुन शास्त्री, रोहित पांडेय, वैदिक कुरेश के नेतृत्व में विधिवत रूप से यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्णाहुति हुई। समारोह में अगिआंव विधायक महेश पासवान, पूर्व उपप्रमुख पप्पू कुमार साह, पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुमार राय, सामाजिक कार्यकर्ता, सम्मानित पत्रकार समेत गण्यमान लोगों को सम्मानित किया गया। इस आशय की जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी चंदन कुमार ने दी।

## 8वां पोषण पखवाड़ा शुरू 23 अप्रैल तक चलेगा



**आरा (एसएनबी)।** उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह की अध्यक्षता में 08वीं पोषण पखवाड़े के सफल आयोजन से संबंधित बैठक आयोजित की गई। पखवाड़ा आज से 23 अप्रैल तक मनाया गया। इस पोषण पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले 06 वर्षो में मस्तिष्क के विकास को प्रमुखता देना है। बचपन के पहले 06 साल पोषण और पढ़ाई के लिए बेमिसाल इस अभियान का मुख्य संदेश है। उप विकास आयुक्त द्वारा अंतर-विभागीय समन्वय की स्थापना की गई, जिसमें सभी क्षेत्रीय दलों के समन्वय को बढ़ावा दिया गया और माता-पिता एवं समुदाय की समृद्धि को बढ़ाया गया। परिवारों और समुदायों में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया। साथ ही सभी ज्वालामुखी, नामांकन एवं महादलित गिरोह-टोलों में पोषण पख के अंतर्गत सभी समूहों के नामांकन दस्तावेजों पर प्रमाणिकता करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला प्रोग्राम रेटिंग (आईसीडीएस), जिला कल्याण रेटिंग, जिला प्रोजेक्ट मैनेजर (स्वास्थ्य) एवं अन्य संबंधित रेटिंग शामिल हैं।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक समाज को दे रही नई दिशा : डॉ. पथमनासेन

**आरा (एसएनबी)।** वीर कुंवर सिंह विवि, आरा के पर्यटन राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान ग्लोबलाइजेषन एण्ड लोकल सोसाईटीज ट्रेडिशन एण्ड इनोवेशन इनक्लूडिंग एआई का आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण अकादमी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्रीलंका के ओपन यूनिवर्सिटी के एडिटर इन चीफ डॉ. एस पथमनासेन ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नई तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक मूल्यों को भी संरक्षित करना आज की प्रमुख आवश्यकता है। अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. गाँधीजी राय ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उेधन में कहा कि वैश्वीकरण और ्त्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में शिक्षा और समाज के बीच संतुलन स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. एस पथमनासेन ने अपने व्याख्यान में वैश्वीकरण के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक समाज को नई दिशा दे रही है, जिससे शिक्षा, प्रशासन, अनुसंधान और नीति-निर्माण के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन संभव हो रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि नवाचार और परंपरा के बीच संतुलन बनाकर ही सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रो. (डॉ.) लक्ष्मी कुमारी ने सफलतापूर्वक किया।

**स्थानीय समाज और कृत्रिम कृतियों पर अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान का किया गया आयोजन**



व्याख्यान को संबोधित करते वक्ता।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन असिस्टेंट प्रो. (डॉ.) शैलजा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो ओपी राय, अनिल श्रीवास्तव, पूर्व कुलसचिव प्रो. धीरेन्द्र सिंह एवं प्रो. नरेन्द्र प्रताप पालित मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एसआरएफ विनोद कुमार यादव, जेआरएफ ज्योति प्रकाश, अमन कुमार, सुधीर कुमार पाण्डेय, सोनू कुमार की अहम भूमिका रही। शोधार्थी राकेश कुमार शर्मा, सूरज सिंह परमार एवं पीजी सेमेस्टर द्वीतीय एवं चतुर्थ के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। व्याख्यान के दौरान अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय के विभिन्न आयामों को समझने का प्रयास किया।

## भाजपा सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी अंबेडकर जयंती

**आरा (एसएनबी)।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती सेवा सप्ताह के रूप मे मनाने के लिए जिला कार्यालय मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज की अध्यक्षता मे पदाधिकारियों की बैठक हुई। संचालन जिला उपाध्यक्ष ई धीरेन्द्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सूर्यकांत पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सह क्षेत्रीय प्रभारी सिदार्थ शंभु ने बताया कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती को बूथ से जिला स्तर तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होनें कहा कि 14 अप्रैल जयंती के दिन बूथ से लेकर जिला तक सभी जगह बाबा साहेब की प्रतिमा या चित्र पर पुष्पांजलि एवं मिष्टान्न वितरण होगा। उनके व्यक्तित्व एवं ृतित्व पर चर्चा होगी एवं संविधान प्रस्तावना पाठ किया जाएगा। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने बताया कि भाजपा एक दल नही विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है, जनकल्याण है। भाजपा मतलब मिशन, भाजपा मतलब समाज सशक्तिकरण, भाजपा मतलब नए भारत का निर्माण। जिला प्रभारी राजेश सिन्हा ने सामाजिक सदभावना के पुरोधा भीमराव अंबेडकर की जयंती को सेवा सप्ताह के रूप मे मनाने का अपील की। कार्यक्रम मे ज्योति प्रकाश कुशवाहा अमरेंद्र चौबे, शैलेंद्र राम संतोष चंद्रवंशी धीरेंद्र सिंह सूर्यकांत पांडे जिला मंत्री ठाकुर दयाल राम जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा सुषुमलता कुशवाहा, विद्यासागर पांडे, ड केएन सिंहा, संजय तिवारी, मनजी चौधरी सहित पदाधिकारी थे।

**14 से 19 अप्रैल तक बूथ से जिला स्तर पर कई कार्यक्रमों का होगा आयोजन**



# अग्नि कांड में बेरोजगार हो चुके दुकानदारों को 2-2 लाख अनुदान राशि देने का सरकार अपना वादा पूरा करे : महानंद

## पूर्व विधायक महानन्द सिंह ने अग्नि कांड के पीड़ित 53 से ज्यादा परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्या सुना

**अरवल (एनएसबी)।** भाकपा माले के मगध जोन के प्रभारी का. अमर, राज्य स्थाई समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक महानन्द सिंह के नेतृत्व में करपी प्रखंड सचिव का. मिथिलेश यादव, मधेश्वर प्रसाद, सीपीआई के वरिष्ठ नेता किशोरी प्रसाद गुप्ता, राजद के नंद किशोर गुप्ता, युवा नेता प्रमोद पासवान, राकेश राही के साथ अग्नि कांड के पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्या के बारे गहराई से जानकारी ली ।

पूर्व विधायक महानन्द सिंह ने आज अग्नि कांड के पीड़ित 53 से ज्यादा परिवार से मुलाकात कर उनकी समस्या सुना । उन्होंने सरकार के द्वारा अभी तक किसी तरह का कोई सरकारी सहायता नहीं देने पर चिंता जताई । उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर पीड़ित दुकानदारों की क्षति का मूल्यांकन घटना स्थल पर पहुंच कर करने के लिए कहा और यथा संभव ज्यादा से ज्यादा सहायता प्रदान करने की अपील की ।

उन्होंने बताया कि एसडीएम आज शाम पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे इसकी जानकारी दी । पूर्व विधायक महानन्द सिंह ने कहा कि 10 हजार रुपये महिलाओं के खाता में चुनाव के पहले रोजगार के नाम दिया गया । लेकिन विडंबना है कि रोजगार करने वाले छोटे-छोटे दुकानदार अग्नी कांड से बेरोजगार हो गए हैं ।

उन्हें फिर से रोजगार के लिए खड़ा करने के लिए सरकार के योजना के तहत तुरन्त 2-2 लाख रुपए देने की गारंटी करनी चाहिए ।

उन्होंने सरकार को याद दिलाया कि विधानसभा में पिछले बार सभी थानों में अगि शामक टीम कम से कम गर्मी के दिनों तक जरूर रहने की गारंटी की मांग पूरा करना चाहिए । यदि शहर तेलपा थाना में फायर ब्रिगेड की टीम होता तो समय पर आग पर काबू पाया जा सकता था । लिहाजा, सरकार को सभी थानों में अगि शामक का व्यवस्था जरूर करना चाहिए ।

उन्होंने आगे कहा किकई दुकानदारों के घर में चूल्हा भी नहीं जला है । राशन की भी दिक्कत है । जिला प्रशासन को केवल छोटा - छोटा पलीथिन महज दे देने भर से जिम्मेवारी खतम नहीं हो जाता । उन्हें फिर से खड़ा करने में जिला प्रशासन को हर तरह से सहयोग की उम्मीद है ।

# अरवल में 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

## पोषण पखवाड़ा का आयोजन 23 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2026 के आयोजन को लेकर बैठक एवं शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने बताया कि पोषण पखवाड़ा का आयोजन 23 अप्रैल 2026 तक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले 6 वर्षों में बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास को सुदृढ़ करना, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं स्तर में सुधार लाना तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पोषण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पोषण अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर मां और बच्चे के लिए समुचित पोषण सुनिश्चित करने का एक जन-आंदोलन है। सही पोषण ही स्वस्थ बचपन और समृद्ध भविष्य की आधारशिला है। बैठक में पोषण पखवाड़ा के दौरान संचालित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न बिंदुओं पर विशेष बल दिया जाएगा बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी कुपोषण की पहचान एवं प्रभावी प्रबंधन, संतुलित एवं स्वस्थ आहार को बढ़ावा, पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन डिजिटल माध्यम से मनिटरिंग एवं ट्रैकिंग, व्यापक जन-जागरूकता अभियान।


जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में 8वां राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2026 के आयोजन को लेकर बैठक एवं शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पोषण पखवाडा के दौरान सभी गतिविधियों का प्रभावी एवं समन्वित संचालन सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0-6 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावकों को अधिकाधिक जागरूक करने पर बल दिया गया।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दें, ताकि जिले में कुपोषण उन्मूलन की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अपर समाहर्ता श्री रवि प्रसाद चौहान, उप विकास आयुक्त श्री शैलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजीव कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) श्रीमती माला कुमारी सहित स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## खबरें : एक नजर में

### युवा मन, वैश्विक दृष्टि : जहानाबाद के स्कूल में फ्रेंच भाषा व एक्सचेंज पहल की नई शुरुआत

**काको (जहानाबाद) (एनएसबी)।** काको स्थित कायनात इंटरनेशनल स्कूल में फ्रेंच भाषा सहयोग (पूर्वी भारत) की अटैची सुश्री जूलिया मार्टिन-लेग्रोस का दौरा एक महत्वपूर्ण वैश्विक पहल के रूप में सामने आया। इस अवसर ने ग्रामीण बिहार को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ने की दिशा में एक नई राह दिखाई।



सुश्री जूलिया मार्टिन-लेग्रोस संबोधित करते।

छोटे शहरों से उठकर, सपने जब आसमान छूते हैं,
तभी शिक्षा के दीप से, नए जहान रौशन होते हैं

विद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष शकील अहमद काकवी ने अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि भाषा, संस्कृति और अवसर तीनों मिलकर ही विद्यार्थियों को वैश्विक पहचान दिलाते हैं। उन्होंने लोकल टू ग्लोबल की सोच को आगे बढ़ाते हुए छात्र एवं स्वयंसेवी विनिमय कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की।

कार्यक्रम में छात्रों की बहुभाषी प्रतिभा भी देखने को मिली। शारिया रजा और शालोनी कुमारी ने फ्रेंच में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया, वहीं सुमैया अख्तर और उजमा फलक ने हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू में अपने विचार रखे। उमंग सागर भारती ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावपूर्ण बना दिया।

भाषाओं के संग जब संस्तियाँ मिल जाती हैं,
दिलों की दूरियाँ खुद-ब-खुद मिट जाती हैं

सुश्री जूलिया मार्टिन-लेग्रोस ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जहानाबाद में वैश्विक शिक्षा की दिशा में यह एक अहम कदम है। उन्होंने फ्रेंच भाषा को तीसरी भाषा के रूप में शुरू करने और सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के लिए फ्रांस दूतावास की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

सीमाएँ नहीं रोक सकतीं, जब हौसले बुलंद होते हैं,
ज्ञान के पंख लगते ही, सपने अनंत होते हैं

इस अवसर पर शिक्षकों और छात्रों के साथ संवाद के दौरान फ्रेंच भाषा शिक्षण केंद्र की स्थापना एवं अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंज कार्यक्रमों के विस्तार पर भी चर्चा हुई।

यह पहल न केवल छात्रों को नई भाषाओं से जोड़ने का माध्यम बनेगी, बल्कि उन्हें वैश्विक ष्टिकोण, सांसतिक समझ और प्रतिस्पर्धी क्षमता से भी सशक्त करेगी।

शिक्षा जब सीमाओं से परे जाती है,
तभी दुनिया एक परिवार बन पाती है

कुल मिलाकर, कायनात इंटरनेशनल स्कूल का यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र में वैश्विक शिक्षा के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में दरोगा की मौत, शोक

**शहरतेलपा (अरवल) (एनएसबी)।** शहरतेलपा थाना में पदस्थापित दरोगा मनु कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। इस दर्दनाक घटना से न केवल पुलिस महकमा बल्कि आम लोग भी स्तब्ध हैं। हर किसी की आंखें नम हैं और माहौल पूरी तरह गमगीन बना हुआ है।थाना परिसर में कार्यरत पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों के बीच शोक की लहर है।


दरोगा मनु कुमार (फाइल फोटो)।

साथी कर्मियों के अनुसार मनु कुमार बेहद मिलनसार, कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहार कुशल अधिकारी थे। उन्होंने बहुत ही कम समय में आम जनता के बीच अपनी अलग पहचान बना ली थी। लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान करना उनकी कार्यशैली का हिस्सा था, जिसके कारण वे पुलिसकर्मियों के साथ-साथ आम लोगों के बीच भी काफी लोकप्रिय हो गए थे।सहकर्मियों ने बताया कि इसी वर्ष होली से कुछ दिन पहले ही वे मेहंदिया से स्थानांतरित होकर शहर तेलपा थाना में योगदान दिए थे।

अपने अल्प कार्यकाल में ही उन्होंने अपने व्यवहार और कार्यकुशलता से सभी का दिल जीत लिया था।इस दुखद घटना को और भी मार्मिक बना देती है उनकी पारिवारिक स्थिति।

जानकारी के अनुसार मई 2025 में उनका विवाह हुआ था और उनकी पत्नी गर्भवती हैं। वे जल्द ही छुट्टी लेकर घर जाने की योजना बना रहे थे, ताकि परिवार के साथ समय बिता सकें। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और अचानक हुई इस दुर्घटना ने सब कुछ छीन लिया।अब स्थिति ऐसी है कि जिस बच्चे ने अभी दुनिया में कदम भी नहीं रखा, उसके सिर से पिता का साया उठ गया। यह सोचकर हर किसी का दिल दहल जा रहा है।पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मनु कुमार की कमी कभी पूरी नहीं हो सकेगी। उनकी स्मृति और उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगे। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है और लोग उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं।

## जहानाबाद में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ, जागरूकता पर जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बच्चों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार लाना है। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी के प्रतिनिधि, डीपीएम (एमडीएम), जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका) के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक, सिविल सर्जन, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (आईसीडीएस) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उप विकास आयुक्त ने बच्चों के समुचित पोषण, स्टंटिंग की समस्या में कमी, प्रारंभिक वर्षो में बाल विकास एवं आंगनबाड़ी सेवाओं को सुढ़ करने पर विशेष जोर दिया।

## खबरें खास-खास

### सेरथुआ ओवरब्रिज के पास स्कर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल, एक की हालत गंभीर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला सेरथुआ ओवरब्रिज के पास का है, जहां तेज रफ्तार स्कर्पियो ने पीछे से बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों युवक जहानाबाद से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज गति स्कर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए हाईवे एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद पहुंचाया। घायलों की पहचान मखदुमपुर थाना क्षेत्र के मुरगियाचक निवासी अंकित कुमार एवं मेन ढिबरा निवासी अनुज कुमार के रूप में की गई है। चिकित्सकों ने अंकित कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया, जबकि अनुज कुमार का इलाज सदर अस्पताल में जारी है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। फरार स्कर्पियो की तलाश में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गौरतलब है कि जिले में हाईवे निर्माण के बाद सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। तेज रफ्तार, लापरवाही से वाहन चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी इसके प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। अक्सर चारपहिया वाहन चालक तेज गति से ओवरटेक करते हैं, जिससे बाइक सवारों के लिए खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो वाहन चालक सीट बेल्ट का पालन कर रहे हैं और न ही अधिकांश बाइक सवार हेलमेट पहनते हैं, जिससे हादसों की गंभीरता और बढ़ जाती है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित जांच अभियान चलाने की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। फिलहाल पुलिस फरार वाहन चालक की तलाश में जुटी है और मामले की गहन जांच जारी है।


घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, जहानाबाद पहुंचाया।

### संस्कृत विद्यालय के प्रधानाध्यापक के निधन पर शोक सभा आयोजित

**जहानाबाद (एनएसबी)।** बिहार संस्कृत प्रा सह माध्यमिक शिक्षक संघ, जिला शाखा जहानाबाद के तत्वावधान में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संरक्षक डा. एस के सुनील की अध्यक्षता में स्वामी पराकुशाचार्य संस्कृत उच्च विद्यालय, हुलासगंज (जहानाबाद) के प्रधानाध्यापक मृत्युंजय शर्मा के आकस्मिक निधन पर लक्ष्मी सांग वेद संस्कृत प्रा सह उच्च विद्यालय, जहानाबाद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए डा. सुनील ने स्वर्गीय शर्मा को एक मृदुभाषी एवं विशिष्ट विद्वान बताते हुए कहा कि उनके अचानक निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर पंडित उपेन्द्र कुमार (जिला अध्यक्ष), आचार्य अमरेश कुमार तथा स्वामी कौशलेंद्राचार्य द्वारा गीता पाठ किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।


श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

श्रद्धांजलि की भावपूर्ण पंक्तियाँ

वो दीपक थे ज्ञान के, जो राह दिखाते थे,
हर मन में उजियारा बन, शिक्षा फैलाते थे।
आज बुझ गया वो दीप, छोड़ अंधियारा गया,
पर यादों का प्रकाश, दिलों में सदा समा गया।
शब्दों में सरलता थी, स्वभाव में मधुरता थी,
उनकी हर एक सीख में जीवन की सुंदरता थी।
ईश्वर से बस यही प्रार्थना, शांति उन्हें मिले,
और उनके दिखाए पथ पर हम सदा आगे बढ़ें।

सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय शर्मा के मृदुभाषी स्वभाव, विद्वता एवं उनके उत्ष्ट व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें एक आदर्श शिक्षक के रूप में याद किया। सभी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति एवं परिवारजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर संजय कुमार शर्मा, अतुल आनंद, राकेश कुमार, रामविनय शर्मा, मुकेश कुमार, राधेकांत शर्मा, सुमन शर्मा, बिंदु कुमारी, निरंजन कुमार, राजेश कुमार, जितेश कुमार, राघवेन्द्र कुमार, अजीत कुमार आजाद, हरीश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति को लेकर हो रहा अनुश्रवण एवं निरीक्षण

**अरवल (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में यह सूचित किया जाता है कि अरवल जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है। जिले के सभी 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। दिनांक 09 अप्रैल, 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 3406 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। साथ ही अरवल जिले के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान स्थिति के अनुसार पेट्रोल की उपलब्धता 1266 किलोलीटर तथा डीजल की उपलब्धता 2353 किलोलीटर है, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है।जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की बुकिंग प्राप्त होने के उपरांत गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से उनके घर तक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। अतः उपभोक्ताओं को गैस एजेंसियों पर जाने की आवश्यकता नहीं है और वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते है। इसके अतिरिक्त बुकिंग के लिए निर्धारित समय-सीमा निम्नवत है-शहरी क्षेत्र में 25 दिनों के उपरांत पुनः बुकिंग ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिनों के उपरात पुनः बुकिंग-एलपीजी गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु देत्ता नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो 24 गुना 7 संचालित है। उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर अपनी शिकायत सुझाव दर्ज करा सकते हैं 06337-228994, 06337-229494 8235230817 जिला प्रशासन, अरवल द्वारा सभी उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी प्रकार की चिंता न करें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के समक्ष भीड़ न लगाएं, नियमानुसार बुकिंग करें एवं होम डिलीवरी सुविधा का लाभ उठाएं।

# जहानाबाद में सख्त वाहन जांच अभियान, एसपी के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण पर फोकस

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान की अगुवाई कर रहे एसपी अपराजित लोहान ने बताया कि यह पहल आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से लगातार सघन जांच अभियान चलाकर सड़क हादसों एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण का प्रयास किया जा रहा है।


जहानाबाद में सख्त वाहन जांच अभियान।

जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस टीम पूरी मुस्तैदी के साथ वाहनों की जांच कर रही है। नगर थाना क्षेत्र के अंबेडकर चौक, हास्पिटल मोड़, अरवल मोड़, काको मोड़ एवं बभना सहित कई स्थानों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के कागजातों की जांच के साथ-साथ हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

एसपी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा पुलिस प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जिले में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के निरंतर अभियान से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, बल्कि अपराध पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

# प्रधान सचिव मयंक वरवड़े ने जहानाबाद में योजनाओं का किया निरीक्षण, पंचायत भवन शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश

**काको (जहानाबाद) (एनएसबी)।** दिनांक 9 अप्रैल 2026 को योजना एवं विकास विभाग, बिहार सरकार के प्रधान सचिव मयंक वरवड़े द्वारा जहानाबाद जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जीविका सिलाई उत्पाद सह प्रशिक्षण केन्द्र तथा काको प्रखंड के बरावां पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का जायजा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती अलंता पाण्डेय ने पौधा भेंट कर प्रधान सचिव का स्वागत किया एवं जिले में संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इसके उपरांत प्रधान सचिव ने पुराना प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित जीविका सिलाई उत्पाद सह प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां कार्यरत एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही जीविका दीदियों से संवाद स्थापित कर उनकी प्रगति एवं लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की। जीविका दीदियों ने बताया कि इस केन्द्र के संचालन से उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है तथा उनके कौशल को नई पहचान प्राप्त हुई है। उन्होंने इस प्रकार के अन्य रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने का अनुरोध भी किया।


प्रधान सचिव मयंक वरवड़े द्वारा जहानाबाद जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में प्रधान सचिव काको प्रखंड के बरावां पंचायत पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का अवलोकन किया। उन्होंने भवन में उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं, आरटीपीएस संचालन, शौचालय, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही भवन की चारदीवारी निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली।

प्रधान सचिव ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत सरकार भवन को पूर्णतः क्रियाशील (फंक्शनल) बनाकर एक माह के भीतर हैंडओवर करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण को दिया।

इस दौरान उन्होंने तकनीकी सहायकों एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी से भी बातचीत कर भवन के पूर्ण होने के बाद आम जनता को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने पर बल दिया।

## जहानाबाद में शिक्षा व्यवस्था पर सख्ती, डीईओ का औचक निरीक्षण, लापरवाही पर चेतावनी

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला शिक्षा पदाधिकारी सरस्वती कुमारी ने काको प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवघरा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिहटी का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की साफ-सफाई, कार्यालय के रख-रखाव तथा पठन-पाठन की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। कुछ स्थानों पर कमियां पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विद्यालयों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी ने एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने स्वयं क्लास लेकर छात्रों से सवाल-जवाब किए और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रेरित किया। साथ ही विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए करियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निरंतर मेहनत और सही दिशा में प्रयास आवश्यक है। शिक्षकों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णतः जिम्मेदार रहें, बच्चों को नियमित रूप से होमवर्क दें तथा उनकी सीखने की क्षमता विकसित करने पर विशेष ध्यान दें। डीईओ ने यह भी स्पष्ट किया कि ईमानदारी और लगन से कार्य करने वाले शिक्षकों को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के अंत में उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार करने की अपील की।

## सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर जताया शोक

**अरवल (एनएसबी)।** भाकपा माले के राज्य स्थाई समिति सदस्य एवं पूर्व विधायक महानंद सिंह एवं जिला सचिव जितेंद्र यादव ने दुर्घटना में शहर तेलपा में पदस्थापित दरोगा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर गहरा शोक जताया है । उन्होंने अरवल में सड़क दुर्घटना में अचानक हुई बढ़ोतरी पर एक बार फिर जिला प्रशासन का ध्यान आष्ट कराते हुए इसपर काबू पाने पर जोर देने की मांग किया है । उनके परिवार के दुखों में अपनी भागीदारी करते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग किया है ।

## जहानाबाद में लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत 9 अपीलीय मामलों की सुनवाई

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में पारदर्शी एवं समयबद्ध प्रशासनिक व्यवस्था को सुढ़ करने की दिशा में जिला पदाधिकारी, जहानाबाद श्रीमती अलंता पाण्डेय द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त 09 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित मामलों का त्वरित निष्पादन भी सुनिश्चित किया गया। सुनवाई के क्रम में जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागीय प्राधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए उनकी उपस्थिति में मामलों का संज्ञान लिया तथा न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया। कुछ मामलों में तकनीकी तथ्यों की विस्तृत जांच की आवश्यकता को देखते हुए संबंधित अधिकारियों को अगली सुनवाई में साक्ष्यों के साथ उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि मामलों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त मामले मुख्यतः भूमि अतिक्रमण एवं विद्युत विपत्र से संबंधित हैं।